डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
रविवार
11.09.2022
आश्विन कृष्ण पक्ष 01
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-323 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

हर दिन मेरा महत्वपूर्ण दिन है, अगर यह सोच कर हर व्यक्ति कार्य करे, तो उसको जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

## वीर शहीदों के लंबे आंदोलन व संघर्ष का परिणाम है अलग झारखंड राज्य : सीएम

### दुर्गा सोरेन की जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन शनिवार को दुर्गा सोरेन की जयंती के अवसर पर लोवाडीह, स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पहुंचे। वहां उन्होंने अलग झारखंड राज्य आंदोलन के प्रणेता दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मंत्री जगरनाथ महतो, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीता सोरेन एवं अन्य ने भी दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग झारखंड राज्य आंदोलन में यहां के वीर सपूत निर्मल महतो, बिनोद बिहारी महतो सहित हजारों आदिवासी-मूलवासियों ने अहम भूमिका निभायी। इन महान विभूतियों ने जल, जंगल, जमीन एवं अलग झारखंड राज्य की परिकल्पना को पूरा करने का काम कर दिखाया है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। अलग राज्य के लंबे संघर्ष में कई अगुआ साथी, मार्गदर्शक, पिता तुल्य एवं बड़े भाई समान वीर शहीदों ने अपना घर-द्वार छोड़कर इस राज्य के लिए सर्वस्व समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि झारखंड के जनमानस के बीच से जितने आंदोलनकारी निकल कर आये हैं तथा उन्होंने जिस तरह अपने आप को इस राज्य के लिए समर्पित किया है, यह हर किसी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के वीर सपूतों के लंबे संघर्ष के बाद अलग झारखंड राज्य हमें मिला, परंतु राज्य गठन के 20 वर्ष पूरे होने के बाद भी जो विकास और उन्नति का सपना हमारे पूर्वजों ने देखा था वह टूटता और बिखरता नजर आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में समस्त झारखंडवासियों ने पूरी ताकत और शिद्दत के साथ अपनी सरकार बनायी है। हमारी सरकार सभी के चेहरों पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## पीटीआर में सीआरपीएफ ने रेस्क्यू कर बचायी हाथी के बच्चे की जान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के मंडल डैम के इलाके में कोयल नदी की धारा में हाथी का एक बच्चा फंस गया। इसकी सूचना पीटीआर प्रशासन को मिली तो तत्काल सीआरपीएफ की मदद से हाथी के बच्चे को कोयल नदी से बाहर निकाला गया। हाथी के बच्चे का रेस्क्यू कर बेतला नेशनल पार्क में लाया गया है,जिसका इलाज किया जा रहा है। दरअसल, हाथी का बच्चा झुंड से बिछड़ गया था । इस दौरान वह मंडल डैम के पास कोयल नदी को पार कर रहा था। इसी दौरान नदी की बीच धार में वह फंस गया। पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक कुमार आशीष ने बताया कि हाथी की उम्र करीब 2 माह है। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना स्थानीय लोगों से मिली। इसके बाद सीआरपीएफ की मदद से हाथी के बच्चे को नदी से बाहर निकाला गया। हाथी के बच्चे के शरीर पर कई जगह चोट लगी है, जिसका इलाज चल रहा है। बेतला नेशनल पार्क में हाथी के बच्चे की निगरानी स्पेशल टीम कर रही है। पीटीआर के निदेशक कुमार आशीष ने बताया विभाग की एक स्पेशल टीम मंडल डैम के इलाके में हाथियों के झुंड को तलाश कर रही है। बच्चे को झुंड में वापस शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रविवार को उम्मीद है कि बच्चे को झुंड से मिलवा दिया जायेगा। हाथी के बच्चे के लिए भोजन आदि का प्रबंध किया गया है। उन्होंने कहा कि बेतला नेशनल पार्क, गारु, बारेसाढ़, छिपादोहर, कुटकु, मंडल आदि इलाकों में हाथियों का झुंड भ्रमण करते रहता है। जुलाई से सितंबर का समय वन्यजीवों के लिए प्रजनन का समय होता है।

## न्यूज गैलरी

### सीएम ने परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद को किया नमन



**रांची।** स्व. दुर्गा सोरेन की जयंती पर माल्यार्पण कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर कांटाटोली चौक रांची स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह झामुमो के पूर्व केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम, केन्द्रीय सदस्य समनुर मंसुरी, सुशीला एक्का, जिला सचिव डॉ. हेमलाल कुमार मेहता हेमू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### रिटायर आईएएस मेरी नीलिमा केरकेट्टा होंगी जेपीएससी की नयी अध्यक्ष

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की सेवानिवृत्त अधिकारी मेरी नीलिमा केरकेट्टा झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की नयी अध्यक्ष होंगी। राज्य सरकार ने जेपीएससी के रिक्त पड़े अध्यक्ष पद पर मेरी नीलिमा केरकेट्टा की नियुक्ति के लिए कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

### कैबिनेट की बैठक 14 को, कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की संभावना

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की आगामी बैठक 14 सितम्बर को बुलायी गयी है। राजनीतिक असमंजस्यता के बीच होने वाली कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा द्वारा बताया गया कि अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### 14 सितम्बर तक राज्य में मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना, येलो अलर्ट जारी

**रांची।** बंगाल की उत्तर-पश्चिमी खाड़ी में लो प्रेशर एरिया स्थित है। इसके अगले 24 घंटों के दौरान दक्षिण ओडिशा-उत्तर आंध्र प्रदेश के तटों से दूर उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक प्रेशर के रूप में केंद्रित होने की संभावना है। इसका प्रभाव झारखंड में 11 सितम्बर से देखने को मिलेगा। इसके कारण आनेवाले दिनों में कई जगह भारी बारिश होगी। राज्य में कहीं-कहीं वज्रपात भी होने की आशंका है। यह जानकारी रांची मौसम केंद्र ने शनिवार को दी। 11 सितम्बर को राज्य में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। वहीं, 12 से 14 सितम्बर को राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। 15 और 16 सितम्बर को राज्य में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल उम्मीद है।

## डीजीपी के लिए छह पदाधिकारियों का नाम यूपीएससी को भेजा गया

### फरवरी २०२३ में डीजीपी नीरज सिन्हा का कार्यकाल होगा समाप्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नीरज सिन्हा का कार्यकाल 2023 में खत्म हो रहा है। जिसके बाद नये डीजीपी कार्यभार संभालेंगे। इसके साथ ही नये डीजीपी की तलाश भी शुरू हो गयी। राज्यों में नियुक्ति के लिए अब नये नियम के तहत यूपीएससी से वरीय पुलिस पदाधिकारियों के नाम का एक पैनल तैयार हो रहा है। इसे लेकर गृह विभाग द्वारा भी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गयी है। सूत्रों के मुताबिक झारखंड पुलिस के छह आईपीएस अधिकारियों की सूची यूपीएससी को भेजी गयी। राज्य सरकार की ओर से जिन छह आईपीएस अधिकारियों नाम डीजीपी पैनल के लिए भेजा गया है, उनमें एसएन प्रधान, अजय कुमार सिंह, अनिल पालटा, अनुराग गुप्ता, प्रशांत सिंह और आरके मलिक का नाम शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार डीजीपी की नियुक्ति के लिए सरकार कम से कम पांच नाम की अनुशंसा यूपीएससी से करती है। जिसके बाद यूपीएससी इनमें से तीन नाम सरकार को बताती है और उनमें से किसी एक को पुलिस महानिदेशक नियुक्ति किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा जिन छह आईपीएस अधिकारियों का नाम यूपीएससी को भेजा गया है, उनमें एसएन प्रधान अभी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर एनसीआरबी के महानिदेशक हैं। वहीं, आईपीएस अजय कुमार सिंह डीजी झारखंड पुलिस हाउसिंग हैं, अनुराग गुप्ता डीजी ट्रेनिंग, अनिल पालटा डीजी रेल, प्रशांत सिंह एडीजी जैप और आरके मलिक एडीजी वायरलेस हैं। गौरतलब है कि वर्तमान डीजीपी नीरज सिन्हा 31 जनवरी 2022 में रिटायर होनेवाले थे, लेकिन उन्हें सेवा विस्तार दिया गया था। इसके तहत 11 फरवरी 2023 तक वे पद पर बने रहेंगे।

## कोलकाता में कारोबारी के घर ईडी की रेड, सात करोड़ कैश बरामद



**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन जांच के तहत कथित फर्जी मोबाइल गेमिंग ऐप के प्रमोटरों के खिलाफ कोलकाता में छापेमारी की। ईडी ने इस कार्रवाई में सात करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गयी है। अधिकारियों ने बताया कि छह परिसरों में रेड मारने पर अब तक सात करोड़ रुपये कैश बरामद कर लिए गए हैं। नोटों की गिनती जारी है। ईडी की टीम ने कोलकाता में छह जगहों पर रेड की कार्रवाई की है। केंद्रीय एजेंसी ने बयान जारी कर बताया कि गेमिंग एप ई-नग्गेट्स और इसके प्रोमोटर आमिर खान के आधा दर्जन से ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। ईडी ने बताया कि परिसरों से अब तक सात करोड़ रुपये से अधिक की नगदी बरामद की गयी है। खबर लिखे जाने तक बरामद नकदी की गिनती जारी थी। कोलकाता पुलिस ने फरवरी 2021 में कंपनी और उसके प्रमोटरों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की थी और इसी से धन शोधन का मामला सामने आया है। एजेंसी इस बात की जांच कर रहा है कि इस ऐप और इसके प्रोमोटरों का संपर्क कहीं चीन के नियंत्रण वाले ऐप से तो नहीं है।

**कांग्रेस ने चीनी लोन ऐप को लेकर खड़े किये थे सवाल :** बीते दिनों कांग्रेस ने चीनी लोन ऐप को लेकर केंद्र सरकार पर कई सवाल और निशान खड़े किये थे। पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा था कि पिछले 2 साल में चीनी लोन ऐप, जिनकी संख्या लगभग 1100 हो चुकी है, उनमें ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सीएम से की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने जनजातीय परामर्शदात्री परिषद (ट्राईबल एडवाइजरी काउंसिल) का सदस्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और धन्यवाद दिया। इस मौके पर उन्होंने मांडर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए नये कॉलेज खोले जाने तथा सड़कों की मरम्मत और नये सड़क निर्माण की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में जल्द सकारात्मक पहल की जायेगी।

## जय विज्ञान जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है नया भारत : मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अहमदाबाद में साइंस सिटी में आयोजित दो दिवसीय केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन किया और कहा कि आज का नया भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ ही जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है। मोदी ने इस अवसर पर सभा को भी संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी के भारत के विकास में विज्ञान उस ऊर्जा की तरह है जिसमें हर क्षेत्र के विकास को हर राज्य के विकास को गति देने का सामर्थ्य है। आज जब भारत चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करने की तरफ बढ़ रहा है तो उसमें भारत की साइंस और इस क्षेत्र से जुड़े लोगों की भूमिका बहुत अहम है। समाधान का, सॉल्यूशन का, इवोलूशन का और इनोवेशन का आधार विज्ञान ही है। इसी प्रेरणा से आज का नया भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ ही जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हम पिछली शताब्दी के शुरुआती दशकों को याद करें तो पाते हैं कि दुनिया में किस तरह तबाही और त्रासदी का दौर चल रहा था, लेकिन उस दौर में भी बात चाहे ईस्ट की हो या वेस्ट की हर जगह के साइंटिस्ट अपनी महान खोज में लगे हुए थे। पश्चिम में आइन्स्टाइन, फर्मी, मैक्स प्लांक, नील्स बोर, टेस्ला जैसे साइंटिस्ट अपने प्रयोगों से दुनिया को चौंका रहे थे। उसी दौर में सीवी रमन, जगदीश चंद्र बोस, सत्येंद्रनाथ बोस, मेघनाद साहा, एस चंद्रशेखर समेत कई वैज्ञानिक अपनी नयी-नयी खोज सामने ला रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हम अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करते हैं तो साइंस हमारे समाज का हिस्सा बन जाती है वो पार्ट ऑफ कल्चर बन जाती है। इसलिए आज सबसे पहला आग्रह मेरा यही है कि हम अपने देश के वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को जमकर सेलिब्रेट करें। भारत रिसर्च और इनोवेशन का ग्लोबल सेंटर बनेगा। हमारी सरकार साइंस बेस्ड डेवलपमेंट की सोच के साथ काम कर रही है। 2014 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## दाल के छिलके में दूध से छह गुना ज्यादा कैल्शियम

**- आरपी सिंह**

**नयी दिल्ली।** हाल ही में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि दूध कैल्शियम के लिए अच्छा नहीं है, बल्कि दाल के छिलके अच्छे हैं। जिसे जानवरों को खिला दिया जाता है। इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स (इक्रीसेट) द्वारा किये गये एक शोध में यह पता चला है। यह शोध परिणाम पीयर-रिव्यू जर्नल सस्टेनेबिलिटी में प्रकाशित हुए है। इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स के अनुसार, अरहर की दाल की भूसी में दूध की तुलना में छह गुना अधिक कैल्शियम होता है। जो ऑस्टियोपोरोसिस और रिकेट्स के इलाज के लिए खाद्य और दवा कंपनियों के लिए मूल्यवान है।

इक्रीसेट में किये गये एक अध्ययन के अनुसार, तुअर दाल के छिलके में दूध की तुलना में कैल्शियम की मात्रा ज्यादा होती है। जो बेबी फूड और मिनरल सप्लीमेंट्स के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। इन दालों की भूसी को अपशिष्ट या पशु आहार के रूप में उपयोग किया जाता था। इक्रीसेट जीन बैंक के नेतृत्व में किये गये शोध में पाया गया है कि सिर्फ 100 ग्राम अरहर की दाल के छिलके में 652 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। वहीं, 100 मिलीग्राम दूध में 120 मिलीग्राम होता है। इतना ही नहीं 100 ग्राम अरहर के बीज की परत में 2.7 मिलीग्राम आयरन होता है, जो अन्य फलियां और अनाज की तुलना में काफी अधिक होता है। शोध से यह भी पता चला है कि अरहर के दानों में सीड कोट की तुलना में 18 गुना अधिक प्रोटीन होता है। कितने कैल्शियम का सेवन करना चाहिए? शोधकर्ताओं का अनुमान है कि मनुष्य को प्रतिदिन औसतन 800 से 1,000 मिलीग्राम कैल्शियम की जरूरत होती है, जबकि शोध से पता चला है कि भारतीयों को औसतन अपने आहार से उतनी मात्रा नहीं मिल रही है।

**कैल्शियम की कमी से होनेवाले रोग :** डिप्रेशन, भ्रम की स्थिति, हड्डियों में फ्रैक्चर, मांसपेशियों में ऐंठन, कमजोर और खराब नाखून, याददाश्त कमजोर होना, मांसपेशियों में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



- 100 मिलीग्राम दूध में 120 मिलीग्राम होता है कैल्शियम
- जबकि 100 ग्राम अरहर की दाल के छिलके में 652 मिलीग्राम होता है कैल्शियम
- अरहर के दानों में सीड कोट की तुलना में 18 गुना अधिक होता है प्रोटीन
- मनुष्य को प्रतिदिन औसतन 800 से 1,000 मिलीग्राम कैल्शियम की होती है जरूरत

## कैशकांड में गिरफ्तार कांग्रेस विधायकों के मामले में सीबीआई जांच की मांग

### झारखंड उच्च न्यायालय में दायर की गयी याचिका

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोलकाता में 49 लाख रुपये के साथ कांग्रेस के तीन विधायक की गिरफ्तारी का मामला झारखंड हाईकोर्ट पहुंच गया है। मिथिलेश कुमार सिंह ने जनहित याचिका दायर कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। याचिका के माध्यम से बताया है कि कैश बरामदगी मामले से झारखंड की काफी बदनामी हो रही है। यह मामला झारखंड, असम और पश्चिम बंगाल राज्यों से जुड़ा हुआ है। इसलिए यह साफ होनी चाहिए कि आखिर इसके पीछे क्या मामला है। कोलकाता में कांग्रेस के तीन विधायकों की गिरफ्तारी के बाद सत्ता पक्ष परेशानी की स्थिति में है। इसके बाद सत्ता पक्ष के कई विधायक छत्तीसगढ़ के एक होटल में रुके थे। उनका कहना था कि बीजेपी झारखंड में ऑपरेशन लोटस चला रही थी। इस विवाद के बाद ही हेमंत सरकार ने झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर विश्वास मत हासिल किया था। इसके बारे में कहा गया कि विश्वास मत का प्रस्ताव लाकर और उसे जीतकर, जनता में ये संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि केंद्र की भाजपा सरकार चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने की साजिश रच रही है और हेमंत सरकार जनता की सहानुभूति और बीजेपी के खिलाफ माहौल बना रही है। हालांकि, झारखंड विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव का विरोध करते हुए भाजपा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### व्रजपात से छह मवेशियों की मौत

**पाटन।** सेमरी पंचायत के जोड़ा खुर्द ग्राम में शुक्रवार को शाम 4:00 बजे व्रजपात से छह मवेशियों की मौत मौके पर ही हो गई। मृत मवेशी जोड़ा ग्राम के राणा सिंह पातो भुइंया बेलास भुइंया, मदाकी भुइंया,मेघू सिंह के मवेशी की मौत हो गई। सभी ग्रामीणों की गाय, बैल खेत मे चर रहे थे। इसी क्रम में व्रजपात हो गई। जिससे मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलने पर 20 सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडे, ए अभय पांडे दलित प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय पासवान, सुजीत कुमार पासवान, केल्हार पंचायत मुखिया प्रत्याशी राजेंद्र सिंह, सतेंद्र प्रजापति, रामा राम, नरेश भुइयां समेत अन्य लोगों ने पाटन घटना स्थल पर पहुंचकर सरकार द्वारा मिलने वाले सहयोग का हर संभव दिलाने की बात कही।

### मूक वधिर विवाहिता के साथ दुष्कर्म की कोशिश

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के बारी गांव में शुक्रवार की रात में एक मूक वधिर विवाहिता के साथ गांव के ही एक युवक के द्वारा बलात्कार करने की कोशिश का मामला प्रकाश मे आने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सतबरवा थाना में अपने दिए आवेदन में मुक बधिर विवाहिता ने कहा है कि शुक्रवार की रात वह अपनी गोतनी के साथ शौच के लिए बाहर निकली थी। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने जबरदस्ती उठाकर मकई के खेत में ले गया और बलात्कार करने की कोशिश की। गोतनी के द्वारा हल्ला करने के बाद गांव के लोग व परिजन जूट गये। परिजन के पहुंचने पर वह वहां से भाग निकला। इसकी सूचना तत्काल सतबरवा थाना को दी गई। पुलिस ने तत्काल आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### डाक बंगला परिसर में बस स्टैंड को शिफ्ट कराने की मांग

**विश्रामपुर।** बस पड़ाव नही होने के कारण यहां के स्थानीय लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जबकि की सरकारी स्तर पर विश्रामपुर डाकबंग्ला परिसर में बस पड़ाव का भवन बन कर तैयार हो चुका है। बावजूद बस सड़क पर लगाकर यात्रियों को चढ़ाया व उतारा जाता है। जिससे हमेशा सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। वही बता दे की पलामू उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज लगभग छह माह पहले बस पड़ाव भवन का जायजा लेने आई थी। तब उन्होंने कहा था कि जल्द ही बस स्टैंड को डाक बंगला परिसर में शिफ्ट कर दिया जायेगा। उन्होंने तो यह भी दावा किया था की सड़क किनारे लगाने वाला सब्जी बाजार भी डाक बंगला परिसर में ही शिफ्ट किया जायेगा। ताकि लोगो को कोई परेशानी न हो। वही स्थानीय लोगो ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है की विश्रामपुर डाक बंगला परिसर में बस स्टैंड को यथा शीघ्र शिफ्ट किया जाये।

# सदर बीडीओ ने 19 पीएम आवास लाभुको पर किया सर्टिफिकेट केस

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड बीडीओ अमिताभ भगत के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2016 से 2021 के लाभुक को नोटिस देने के बावजूद भी आवास कार्य में रुचि नहीं लेने पर केस किया है। जबकि आवास पूर्ण करने की समय सीमा 100 दिन है। इस संबंध में बीडीओं ने 19 लाभुको के उपर सर्टिफिकेट केश किया है। जिन लोगों पर सर्टिफिकेट केस किया गया है। उनमें पंचायत जोड़ खनवा के कुलचंद उरांव, सूरजमल उरांव, पंचायत सुआ के शिवकुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पंचायत कौडिया के जयपाल सिंह, संतोष राम, पंचायत जमुने के कृष्ण गोपाल महतो, श्यामलाल भुईयां, डोमन भुईयां, लीलाधर यादव, संतोष प्रजापति, पंचायत लहलहे के सोसिता देवी, अखिलेश भुईयां, बुधन भुईयां, पंचायत रजवाड़ीह के अजय पासवान, रेशमी देवी, लक्ष्मण राम, एवं पंचायत सरजा के शंकर यादव एवं नारद यादव का नाम शामिल है। इस सभी लोगों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज कराया गया है। बीडीओ के द्वारा बताया गया की सर्टिफिकेट केस होने के बाद लाभुको से आवास में दिये गये भुगतान 12 प्रतिशत ब्याज के साथ राशि वसूली जायेगी। राशि नही जमा करने पर उनके विरुद्ध कुर्की जब्ती किया जायेगा। इसी प्रकार प्रखंड के बिभिन पंचायतों में आवास नही बनाने वाले 56 लाभुको पर सर्टिफिकेट केस करने की तैयारी की जा रही है। एक सप्ताह के अंदर शेष 56 लाभुको पर सर्टिफिकेट केस कर दिया जायेगा।

## नाली निर्माण कार्य का विधायक प्रतिनिधि ने किया शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के नारायणपुर में विधायक कोटा मद से नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास शनिवार को विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मन्नान खान, एनसीपी नेता राजकुमार ठाकुर ने किया। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ऑनलाइन ग्रामीणों से रुब रू हुए। उन्होंने कहा कि जनता से गांव में जो वादा किया था, उसे पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर सुविधाएं कैसे मिले इसे लेकर लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग करने की बात कही।। ग्रामीणों के सहयोग के बिना कुछ भी करना संभव नहीं है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि नाली निर्माण की मांग ग्रामीणों ने विधायक से की थी। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर उनकी मांग को पूरा किया है। उन्होंने कार्य करा रहे लोगों को कहा कि निर्माण कार्य में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मौके पर बड़ी संख्या में एनसीपी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## जेनरल नॉलेज प्रतियोगिता में लड़कों ने मारी बाजी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के मिडिल स्कूल परिसर में शनिवार को बच्चों के बीच विभिन्न तरह के प्रश्नों की साप्ताहिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष जिशान हसन मौजूद थे। इस विद्यालय में बच्चों के बहुप्रतीक्षित साप्ताहिक विषयगत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वर्ग आठ में तीन चक्रों के प्रतियोगिता लड़कों एवं लड़कियों के बीच आयोजित की गयी थी। कांटे के संघर्ष में लड़कों ने बाजी मारी। प्रश्न विज्ञान, अंग्रेजी , हिन्दी व्याकरण,सामान्य अध्ययन व करेंटअफेयर्स पर भी आधारित था। इस प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीस सूत्री उपाध्यक्ष जीशान हसन ने कहा कि बच्चों की तैयारी काफी अच्छी है,ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। प्रत्येक सप्ताह इस तरह के आयोजन से शैक्षणिक माहौल बनता है। इस कार्य के लिए विद्यालय परिवार को साधुवाद दिया। विद्यालय के एचएम यूपी सिंह ने कहा कि सामान्य ज्ञान की जानकारी भविष्य में होने वाली परीक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिक्षक कन्हैया प्रसाद ने दी। प्रश्नकर्ता शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, स्कोर बोर्ड पर शिक्षिका सुषमा पांडेय व विद्यार्थी फैसल अहमद था, कभी कभी बाल संसद के प्रधानमंत्री अमरेश कुमार भी कमान संभाले हुए था। वर्ग आठ में लड़कों में अमरेश कुमार,अमर कुमार पटेल, समीर कुमार, श्याम कुमार एवं लड़कियों में सानिया खातून, खुश्बू कुमारी, शालिनी कुमारी, मधु कुमारी, मुस्कान कुमारी सहित अन्य लड़कियां भी मुखर थीं।

## समाजसेवी ने जर्जर सड़क का पुर्ननिर्माण करने की मांग की



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के सरकारी हॉस्पिटल से अजय प्रसाद गुप्ता के घर होते हुए अररुआ मोड़ तथा अररुआ चॉक से महाराजगंज सतगांवा होते हुए बिहार सीमा तक सड़क अत्यंत जर्जर है । जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा रहता है। आने जाने वाले को मुसीबत का सामना करना पड़ता है। नाली नहीं रहने के कारण नाली का पानी सड़क पर ही बहता रहता है। इससे आने-जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को लेकर राजद के वरिष्ठ नेता सह युवा समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने शनिवार को जनहित में इस सड़क का निर्माण की मांग उपायुक्त पलामू व स्थानीय विधायक व सांसद से की है। मौके पर श्री यादव ने कहा कि यह रोड बिहार तथा झारखंड के लोगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसकी जर्जर स्थिति के कारण इस पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस रोड का उपयोग हर छोटी-बड़ी गाड़ियां एनएच 98 पर जाम रहने की स्थिति में आवागमन और बढ़ जाता है। इसलिए इस रोड का बनना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर छोटू कुमार, सुरेश राम, सत्येंद्र पासवान, कामेश्वर पासवान, विकास कुमार, पिंटू चौधरी, काजू कुमार, इंतजार अंसारी, जितेंद्र पासवान, मृत्युंजय पासवान, अमरजीत पासवान, संजय पासवान, मुन्ना चौधरी, उदय पासवान, कईल पासवान, पंकज पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## फायरिंग करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार, दो फरार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के अवसाने पंचायत भवन परिसर में कुछ युवकों द्वारा फायरिंग करने का मामला सामने आया है। शनिवार की दोपहर में चार बदमाशों ने पंचायत भवन के बगल में हवाई फायरिंग की। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। जब ग्रामीण सक्रिय होकर उनकी घेराबंदी की तो वारदात को अंजाम देकर दो लोग फोर व्हीलर से भाग निकले, जबकि दो लोगों को ग्रामीणों के द्वारा दौड़ा कर पकड़ लिया गया। बाद में पूछताछ के बाद दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस को युवकों के पास से मास्टर चाभी मिली है। मास्टर चाभी मिलने पर पुलिस दोनों युवकों को अपराधी प्रवृति का मानकर छानबीन कर रही है। हालांकि पुलिस ने फायरिंग से इनकार किया है। चैनपुर के प्रभारी थाना प्रभारी ने बताया कि युवकों की पहचान लातेहार जिले के छिपादोहर निवासी राहुल सिंह एवं चैनपुर के चांदो निवासी नागेन्द्र कुमार सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस टीम भेजकर कार्रवाई की गई। मौके से भागे दो अन्य युवकों की पहचान के लिए गिरफ्त में लिए गए युवकों से पूछताछ की जा रही है। युवकों की मंशा का भी पता लगाया जा रहा है।

## झामुमो ने स्व.दुर्गा सोरेन की जयंती पर किया नमन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झामुमो जिला कार्यालय में झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता स्व दुर्गा सोरेन की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा'कि पार्टी के मजबूत स्तंभ रहे और युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्व. दुर्गा सोरेन आज हमारे बीच भले न हों, लेकिन उनकी सोच उनके आदर्श हमें हमेशा झारखंड को और पार्टी को आगे ले जाने की प्रेरणा देते रहेंगे। आज उनकी बहुत कमी महसूस होती है। परंतु उन्होंने जो सुनहरा झारखंड का सपना देखा था। आज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा उस सपने को पूरा किया जा रहा है। जिला सचिव सन्नू सिद्दिकी ने स्व. दुर्गा सोरेन ने झारखंड को अलग करने की लड़ाई भी लड़ी और राज्य भी अलग कराया। मेरे जैसे युवा हमेशा जनहित की प्रेरणा उनसे लेते रहेंगे, वो हमेशा आम आदमी के समस्याओं के निवारण को तत्पर रहते थे। झारखंड को विकास के पथ पर ले जाने की उनकी सोच बेमिसाल थी। दूसरे दलों के लोगों के दिल में भी उनकी एक अलग पहचान है । मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी ने वीर दुर्गा सोरेन के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि वो हम लोगो के मार्ग दर्शक थे। मौके पर पार्टी के उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह,20 सूत्री सदस्य राकेश कुमार सिन्हा अस्फर रब्बानी, कमाल खान इकबाल खान, सुशीला मिश्रा, दीपक तिवारी, रजिया नियाजिया, चंदन सिन्हा, कमरूद्दीन अंसारी, उमा सिंह, रंजीत सिंह, बसंत सिंह , अलिशर अंसारी, उपस्थित थे।

## नाई सामाज की बैठक में संगठन पर विचार विमर्श

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** नवडीहा पंचायत के मंगलपुर गांव में दुर्गा मंडप परिसर में राष्ट्रीय नाई महासभा की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विजय ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से समाज में शिक्षा के कमी दूर करने पर चर्चा की गयी। बैठक में दहेज प्रथा के साथ साथ संगठन के विस्तार व मजबूती पर चर्चा की गयी। मौके पर नाई समाज के लोगों को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अमलेश ठाकुर ने कहा कि नाई समाज के लोग जागरूक बनें। अपने अधिकारों के प्रति सजग हों और शिक्षित बने। बिना शिक्षा के विकास संभव नहीं है। नाई समाज से कुरीतियां समाप्त होनी चाहिए। वे अपने इतिहास को जाने और उस पर चलने का संकल्प लें। राजनीतिक दलों के हाथों की कठपुतली बनने की जगह समाज में अलग अलख जगाते हुए सामाजिक सरोकारों को निभायें।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**

अतिअल्पकालिक ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/08/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चतरा | चतरा | चतरा | चतरा जिले में Archery एवं Shooting खेल मैदान का उन्नयन कार्य। | 20000000.00 | 400000.00 | 10000.00 | 09 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.09.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 21.09.2022 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 22.09.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान :– मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची ।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 23.09.2022 के अपराह्न 02:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8986648686 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से देय हो देना होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा।

PR 277512 Rural Development(22-23)D

## नगर प्रतिनिधियों ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड दो व तीन स्थित जेपी चौक जलमीनार से स्टेशन रोड देवी मंदिर तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी , वार्ड तीन के पार्षद राजेन्द्र पाल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि उक्त पीसीसी पथ बनने से रेल यात्रियों व शहर वासियों को काफी सुविधा होगी। सड़क निर्माण नहीं होने से आम अवाम को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र को विकसित, स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्राथमिकता के साथ योजनाओं का चयन कर विकास कार्य किया जा रहा है। ताकि लोगों को रोजगार के साथ - साथ क्षेत्र का विकास हो सकें। वहीं उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि सड़क क्षेत्र के विकास का आईना होता है। स्टेशन रोड में पीसीसी पथ निर्माण होने से आम-आवाम को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही शहर विकास की ओर अग्रसर होगा। मौके पर वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल ने कहा कि शहर के समुचित विकास के लिए हम सभी नगर पंचायत प्रतिनिधि कटिबद्ध है। मौके पर मुख्य रूप से संतोष कुमार सिंह, नरेंद्र सिंह,अजय प्रसाद गुप्ता, जेके पासवान,बिक्रमा सिंह,महेश अग्रवाल, राजेश कर्ण, मिंकू ठाकुर, संजय सिंह, उदय पासवान, नसीम अंसारी, प्रवीण सिंह, राजेश मालाकार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़ , गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-DWSD/GAR-RM-11/2022-23

दिनांक– 08.09.2022

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 13.09.2022 को 12:30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 22.09.2022 को 03:30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.09.2022 को 04:30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office, DW&S Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का नाम :– नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति प्रमंडल स्तर से की जायेगी)

10. कार्य का विवरण :–

| क0 | प्रखण्ड का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की सं0 (अनुमानित) | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा एवं डंडा | GAR/RM-01 | 300 Nos. | 2,77,559.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 2 | रंका, रमकंडा, चिनियाँ | GAR/RM-02 | 300 Nos. | 2,77,559.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 3 | नगर उंटारी, रमना एव विशुनपुरा | GAR/RM-03 | 300 Nos. | 2,77,559.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 4 | भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी | GAR/RM-04 | 300 Nos. | 2,77,559.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 5 | कांडी, बरडीहा, मझिआँव | GAR/RM-05 | 300 Nos. | 2,77,559.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 6 | मेराल एवं डंडई | GAR/RM-06 | 300 Nos. | 2,77,559.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 7 | धुरकी एवं सगमा | GAR/RM-07 | 300 Nos. | 2,77,559.00 | 6,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 8 | भंडरिया एवं बड़गड़ | GAR/RM-08 | 250 Nos. | 2,31,299.00 | 5,000.00 | 500.00 | 03 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 277468 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**

अतिअल्पकालिक ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/07/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चतरा | चतरा | चतरा | चतरा जिला मुख्यालय स्थित बहुउदेश्यीय भवन/इंडोर स्टेडियम का सौन्द्रयीकरण एवं जिर्णोद्धार का कार्य। | 6920900.00 | 139000.00 | 10000.00 | 06 माह |
| 02 | चतरा | जांगी | लक्ष्मणपुर | भेडी फार्म में पर्यटकीय मूलभुत सुविधाएं यथा Approach Road, Electricity, Children Ammussement park, Solar Street Light etc. कार्य। | 43386600.00 | 870000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 03 | चतरा | चतरा | चतरा | जिला मुख्यालय में जवाहर लाल स्टेडियम का Construction & Upgradation कार्य। | 26779000.00 | 536000.00 | 10000.00 | 09 माह |
| 04 | चतरा | सिमरिया | सिमरिया | सिमरिया स्टेडियम का Construction & Upgradation कार्य। | 17176000.00 | 345000.00 | 10000.00 | 09 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.09.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 21.09.2022 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 22.09.2022 के अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान :– मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची ।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 23.09.2022 के अपराह्न 02:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8986648686 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से देय हो देना होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR 277508 (Rural Development) 22-23 (D)

## न्यूज गैलरी

### सार्वजनिक पूजा समिति करेगा डांडिया गरबा का आयोजन

**मेदिनीनगर।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति हाउसिंग कॉलोनी नवरात्रि में त्रिदिवसीय गरबा व डांडिया का आयोजन करेगी। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष रजनीश सिंह ने बताया कि आयोजन के सफल संचालन के लिए गुजरात से गरबा व डांडिया विशेषज्ञ की टीम बुलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम दो अक्टूबर से प्रारंभ होगा जो पांच अक्टूबर तक चलेगा। डांडिया व गरबा प्रतिदिन संध्या सात बजे प्रारंभ होगा जो देर रात्रि तक चलेगा। उन्होंने बताया कि पूजोत्सव के सफल संचालन के लिए पूजा समिति में कार्यकारी अध्यक्ष के रुप में संतोष कुमार,राहुल सिंह,रामशरण कुमार,उपाध्यक्ष के रुप संजीव तिवारी,डबल्यू शुक्ला,चेतन सिंह,गोलू सिंह,सचिव के रुप में रोहित निगम, राजन मेहता,सुजीत गिरी,बिटटू यादव,कोषाध्यक्ष के रुप में राहुल सोनी,निशांत तिवारी,पूजा के रुप में प्रभारी शंभु तिवारी,विवेक चौबे व स्वागत समिति में आशीष श्रीवास्तव व रविकरण सिंह को मनोनीत किया गया है।

### कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने पहुंचे कई राज्यों के खिलाड़ी

**मेदिनीनगर।** स्थानीय गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में आयोजित ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप में बिहार, उड़ीसा, झारखंड राज्य के खिलाड़ियों ने भाग लिया है। इस प्रतियोगिता में विजेता सभी खिलाड़ियों का चयन नेशनल कराटे चैंपियनशिप के लिए चयनित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष सोनू सिंह नामधारी ,अविनाश वर्मा, रविकांत मेहता ,गुरबीर सिंह , पंकज कमली ने दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम के शुभारंभ में ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी के द्वारा स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। वहीं यंग स्टार ग्रुप के मनीष कुमार ने खेल खिलाड़ी खेल गीत से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मौके पर क्रीड़ा भारती पलामू अध्यक्ष सोनू सिंह नामधारी ने कहा कि पलामू में इस तरह का आयोजन से खिलाड़ियों का हौसला अफजाई होता है ।हमारे यहां से सदैव बच्चें मैच खेलने के लिए बहार जाते थे। परन्तु आज मुझे बहुत खुशी हो रही है कि पहली बार हमारे पलामू जिला में दूरदराज से खिलाड़ी भाग लेने यहां आये है। वहीं मौके पर संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि दूरदराज से आये हुए सभी खिलाडियों का पलामू में स्वागत है। इस तरह का आयोजन से हौसला बढ़ता है। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा भारती पलामू जिला सह झारखंड कराटे एसोसिएशन के सचिव सेंसाई सुमित कुमार ने किया।

### सेना से देश की सरहद व पौधों से धरती व ब्रह्मांड की होती है सुरक्षा: कौशल

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के लातेहार जिले के गारू प्रखंड के कबरी कोटा सीमा खास ई 214 बटालियन के कैंप परिसर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पौधरोपण किया। उन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ हिमाचल के कपूर का पौधा लगाकर किया ।पर्यावरणविद ने कार्यक्रम में शामिल सेना के जवानों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाई। मौके पर उन्होंने कहा कि यह केवल पौधा नहीं बल्कि पौधा रूपी मिसाइल है ।देश और दुनिया में फैले प्रदूषण नामक जहर से बचाने की दवाई है ।उन्होंने कहा कि सेना से देश के सरहद और पौधों से धरती और ब्रह्माण्ड की सुरक्षा होती है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि जिस तरह अंग्रेजी हुकूमत और पाकिस्तान के बढ़ते नापाक हरकत की तापमान को हमारे देश के शहीद वीर सैनिकों ने ठंडा किया था। ठीक उसी तरह आज दुनिया में प्रदूषण का तापमान बढ़ रहा हैं ।उसे बुझाने के लिए सभी लोगों को पौधरोपण अभियान का हिस्सा बनना होगा। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ी को जल और ऑक्सीजन संकट से बचाना और प्रदूषण की आग को बुझाना है तो प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्र को अपनाना ही होगा। कार्यक्रम का समापन पेड़ों पर राखी बांधकर उसे बचाने का संकल्प के साथ किया ।एसआई राजेंद्र कुमार ने पर्यावरणविद के कार्यों की प्रशंसा करते हुए दोबारा आने का न्योता दिया । मौके पर मनीष कुमार सिंह, मनजीत कुमार, राम मिलन यादव, अनंत कुमार सिंह, शीतल तिर्की, संजय कुजूर समेत सीआरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

### सहयोग व संयुक्त परिश्रम का फल है पुरस्कार : आदर्श

**मेदिनीनगर।** सीबीएसई स्कूलों के प्रिंसिपल की एक संयुक्त बैठक शुक्रवार को की गयी। सभी ने स्कूलों को और बेहतर विकसित करने बच्चों के सर्वांगीण विकास शिक्षकों की मूलभूत समस्या, स्कूल से संबंधित समस्याएं इत्यादि अनेक विषयों पर आपसी जानकारियों का आदान प्रदान किया । प्रिंसिपल की सामूहिक बैठक मे बेहतर कार्य करने वाले प्रिंसिपल को पुरस्कृत किया गया ।इसी कड़ी में पलामू जिले अन्तर्गत मेदिनीनगर स्थित संत मरियम स्कूल के प्रिंसिपल कुमार आदर्श को सीबीएसई पटना क्षेत्र के रीजनल ऑफिसर जगदीश वर्मन के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।सम्मानित होने के पश्चात संत मरियम स्कूल के प्रिंसिपल कुमार आदर्श ने कहा कि यह सम्मान सभी शिक्षकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है ।हम सभी ने कोरोना के कठिन दौर को पार करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को कायम रखा है और विश्वास है कि आने वाले समय में हम इसे और बेहतर करेंगे ।बच्चों के सर्वांगीण विकास ही हमारे स्कूल का प्रमुख लक्ष्य है ।विद्यार्थियों को भिन्न-भिन्न कलाओं में निपुण करते हुए उन्हें पारंगत बनाना विद्यालय प्रबंधन की सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता होती है ।पुरस्कार प्राप्ति के बाद हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है ।पुरस्कृत होने के बाद विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के साथ सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से उन्हें बधाई दी।

### पलामू कांग्रेस ने भारत जोड़ो कार्यक्रम के तहत की पदयात्रा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा 10 सितम्बर को नौडीहा बाजार प्रखंड के विभिन्न गांवों में भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से सभी लोगों से जन संपर्क करते हुए पदयात्रा की ।जिसका नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने की। एवं अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनवर हुसैन ने किया ।इसके उपरांत जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश में जो स्थिति है यह किसी से छुपा नहीं है ।आज एक दूसरे को एकजुटता के साथ जोड़ने का समय आ चुका है ।उन्होंने मंहगाई बेरोजगारी और खाद सामग्री में जीएसटी को लेकर आवाज बुलंद करने के लिए सदन से सड़क तक मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोला है ।केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हम सभी नेता राहुल गांधी के साथ मिलकर संघर्ष करें। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3570 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा निकाला है ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा में जिस प्रकार लोगों का समर्थन मिल रहा है।

# पलामू में पितृपक्ष शुरू,16 दिन होंगे श्राद्ध

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में पितृपक्ष यानी श्राद्ध शनिवार से शुरू हो रहे हैं। स्थानीय कोयल नदी में सुबह से ही अपने पूर्वजों को जल अर्पण करने के लिए लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। जो शनिवार से शुरू होकर 25 सितंबर को सर्व पितृ अमावस्या या पितृविसर्जन के साथ ही श्राद्ध खत्म होंगे। हिंदू कैलेंडर के अनुसार हर वर्ष भाद्रपद की पूर्णिमा तिथि और आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तक पितृपक्ष रहता है। पितृपक्ष के इन 15 दिनों में पितरों की पूजा, तर्पण और पिंडदान किया जाता है। हालंकि इस बार श्राद्ध 16 दिन का है। पितृ पक्ष में किया जाने वाला श्राद्ध पूर्वजों के प्रति सच्ची श्रद्धा का प्रतीक है। विधिपूर्वक श्राद्ध करने से पितर तृप्त होते हैं और प्रसन्न होकर सुख-समृद्धि व संतान सुख आदि प्रदान करते हैं। ऐसी मान्यता है कि पितृ पक्ष के श्राद्ध यानी 16 श्राद्ध वर्ष के ऐसे सुनहरे दिन हैं। जिनमें व्यक्ति श्राद्ध प्रक्रिया में शामिल होकर 'देव ऋण', 'ऋषि ऋण' तथा 'पितृ ऋण', तीनों ऋणों से मुक्त हो सकता है। पितृपक्ष यानी श्राद्ध का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है। पितृपक्ष में पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक याद करके उनका श्राद्ध कर्म किया जाता है। श्राद्ध न केवल पितरों की मुक्ति के लिए किया जाता है।



बल्कि उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट करने के लिए भी किया जाता है। पितृपक्ष में पितरों का श्राद्ध करने से उनकी कृपा प्राप्त होती है और हर प्रकार की बाधाओं से मुक्ति मिलती है। पितृपक्ष में श्रद्धा पूर्वक अपने पूर्वजों को जल देने का विधान है। **12 वर्ष बाद बना संयोग :** पुरोहित बसंत वैद्य ने बताया कि इस बार पितृ पक्ष का संयोग पंचांग के अनुसार10 सितंबर को प्रतिपदा और पूर्णिमा का श्राद्ध एक साथ होगा। इस बार 16 दिन श्राद्ध होंगे। 16 सितंबर को सप्तमी श्राद्ध होगा। 17 सितंबर को तिथि क्षय होने की वजह से इस दिन पितरों के निमित्त श्राद्ध नहीं होंगे। 18 सितंबर को अष्टमी का श्राद्ध किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि पितृ पक्ष में मृत परिजनों की मृत्यु तिथि पर पिंडदान, तर्पण करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है। अगर तिथि याद न हो तो महालया अमावस्या को भी श्राद्ध जरूर करें। इससे उन्हें संतुष्टि मिलती है।

**पितृ पक्ष में श्राद्ध की तिथियां :** पितृपक्ष की तिथियां 10 सितंबर को पूर्णिमा का श्राद्ध,11 सितंबर प्रतिपदा का श्राद्ध,12 सितंबर को द्वितीया का श्राद्ध,12 सितंबर को ही तृतीया का श्राद्ध,13 सितंबर को चतुर्थी का श्राद्ध,14 सितंबर को पंचमी का श्राद्ध,15 सितंबर को षष्ठी का श्राद्ध,16 सितंबर को सप्तमी का श्राद्ध,17 सितंबर 2022 को कृष्ण सप्तमी दोपहर 02: 12 तक,18 सितंबर को अष्टमी का श्राद्ध,19 सितंबर को नवमी का श्राद्ध ,20 सितंबर को दशमी का श्राद्ध,21 सितंबर को एकादशी का श्राद्ध, 22 सितंबर को द्वादशी/संन्यासियों का श्राद्ध,23 सितंबर को त्रयोदशी का श्राद्ध,24 सितंबर को चतुर्दशी का श्राद्ध और 25 सितंबर को अमावस्या का श्राद्ध होगा।

## निगम की कार्य प्रणाली से लोगों का भरोसा टूटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो नेता ने अगलगी घटना पर संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि व्यवसाय तो फिर से खड़ा हो जायेगा। परंतु मां का बिछड़ना पीड़ित परिवार के लिए दुःखदाई है। उन्होंने शहर के व्यवसायियों से अपील करते हुए कहा कि प्रशासन के भरोसे छोड़ देने के बजाय सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। भवनों का निर्माण कराने वाले सभी मालिक तय सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि टीवीएस शोरूम में अगलगी की घटना दुर्घटना मात्र नहीं बल्कि नगर निगम के निकम्मेपन की भी देन है। पद पर बैठे लोग आराम फरमाने में व्यस्त है। उन्होंने टीओपी टू सहित पलामू पुलिस एवं प्रशासन को साधुवाद दिया। जिन्होंने जान पर खेलकर अथक मेहनत से और जिंदगीयों को बचाया। सभी स्वार्थ साधने में इस कदर मशगुल हैं कि धड़ाधड़ बिल्डिंग पर बिल्डिंग बन रहे हैं और पदधारी जांच करने के बजाय एसी में बैठे-बैठे हस्ताक्षर पर हस्ताक्षर करते जा रहे हैं। कार्यकाल पूरा करने जा रही निगम की सरकार को अप्रत्यक्ष रूप से संचालित करने वाले चेंबर अध्यक्ष ने खुद मेयर को आईना दिखा दिया। अब मेयर को चेंबर अध्यक्ष के सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमों को ताक पर रखकर शहर में चल रहे निर्माण के लिए विशुद्ध रूप से नगर निगम जिम्मेदार है।

## पलामू एसपी की कार्रवाई से सदर अस्पताल में दलाली का धंधा बंद

**नवीन मेल संवाददा**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चन्दन सिन्हा की दलालों के खिलाफ कार्रवाई से सदर अस्पताल में दलाली का धंधा बंद हो गया है। उनके इस कार्रवाई से सभी दलाल किस्म के व्यक्तियों में हड़कंप मचा हुआ है। अस्पताल से सक्रिय सभी दलाल गायब हो गए है। बताते चलें कि प्रमंडलीय सदर अस्पताल में वर्षो से दर्जनों दलाल सक्रिय रहते थे। इन दलालों की वजह से ग्रामीण क्षेत्र से आये मरीज काफी परेशान रहते थे। मरीज जैसे ही अस्पताल में इलाज करवाने के लिए पूर्जा कटवा कर इलाज के लिए डॉक्टर के पास जाते बीच रास्ते में ही दलाल इनके पूर्जे को लेकर उन्हें समझा-बुझाकर प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवाने या जांच करवाने ले जाते थे। यह शिकायत बहुत




दिनों से चलता आ रहा था। इस बीच 8 सितंबर दिन गुरुवार को सदर अस्पताल के डॉक्टर आरके विद्रोही ने पलामू एसपी चंदन सिन्हा को सूचना दी कि अस्पताल में सक्रिय दलाल श्याम चौधरी के द्वारा अस्पताल में चिकित्सकों के द्वारा जबरदस्ती दवा लिखवाने का काम किया जा रहा है। चिकित्सक के बातों को सुन कर पलामू एसपी स्वयं सदर अस्पताल पहुंचे और दलाल श्यामजी चौधरी को दलाली करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दलाल श्यामजी चौधरी के जेल जाने के बाद से सभी दलाल सतर्क हो गए हैं। अब एक भी दलाल को सदर अस्पताल में नहीं देखा जा रहा है। वही पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने कहा है कि वैसे डॉक्टर या कोई दलाल व्यक्ति जो गरीब मरीज का पैसा ठगने का काम करते हैं । उन्हें हर हाल में नहीं बख्शा नही जायेगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि यदि कोई भी दलाल सदर अस्पताल में दलाली करते नजर आये तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

## जन्म-मृत्यु रेजिस्ट्रेशन ऑनलाइन सीआरएस सॉफ्टवेयर करवाना सुनिचित करें: डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला रजिस्ट्रार आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभागार में जिला स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने जिले में जन्म- मृत्यु के शत-प्रतिशत ऑनलाइन निबंधन कराने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक




जन्म मृत्यु की घटनाओं की सीआरएस सॉफ्टवेयर पर ऑनलाइन निबंधन करने का निर्देश दिया। बैठक में सदर अस्पताल व मेदिनीनगर नगर निगम में दो मॉडल जन्म-मृत्यु निबंधन केंद्र बनाने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। इसी तरह 0-6 वर्ष तक के बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया । वहीं 6 वर्ष से उपर वर्ष के बच्चों का प्रमाण पत्र बनवाने हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया। बैठक में निजी अस्पतालों में होने वाले जन्म मृत्यु की घटनाओं को लेकर रिपोर्टिंग यूनिट बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी रमन कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद एवं विश्रामपुर से फर्जी जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत होने की सूचना है। इस पर उपायुक्त ने फर्जी लोगों को चिन्हित करते हुए साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाने की बात कही। इसी तरह उपायुक्त ने सिविल सर्जन को एमसीसीडी रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट रूप से उल्लेखित करने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त सह जिला रजिस्ट्रार(जन्म-मृत्यु) श्री दोड्डे ने प्रत्येक सोमवार को जिले के सभी पंचायत भवनों में जन्म-मृत्यु के कार्य को निष्पादित करने के निर्देश दिये। इस दौरान संबंधित पंचायत सचिव प्रत्येक सोमवार को पंचायत भवन में उपलब्ध रहे, यह सुनिश्चित करने की बात कही। इसी तरह उन्होंने प्रत्येक तीन माह में बीएलसीसी की बैठक आयोजित कराने की बात कही। उन्होंने आमजनों से दलालों के चक्कर में ना पड़ने एवं स्वयं से ही सरकारी निबंधन इकाई में जन्म- मृत्यु का निबंधन कराने की अपील की। मौके पर उपरोक्त के अलावे सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## जेएस कॉलेज में बीबीए के विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में बजाज कैपिटल के द्वारा शनिवार को कैंपस सेलेक्शन आयोजित की गई। जिसमें 25 बीबीए के विद्यार्थी सम्मिलित हुए । जिसमें 15 विद्यार्थियों का चयन किया गया । मौके पर अमन कुमार (जोनल एच .आर,बजाज कैपिटल) और उनकी टीम के द्वारा साक्षात्कार लिया गया । मौके पर प्राचार्य डॉ आरपी सिंह ने कहा कि हमारे विद्यार्थी समय समय पर अलग अलग क्षेत्रों में परचम लहराते रहें हैं और पलामू जैसे छोटे शहरों में कैंपस सेलेक्शन आयोजित होना संतोषजनक है । बीबीए के प्राध्यापक करण थापा ने कहा कि बीबीए के विद्यार्थी अलग अलग जगहों पर परचम लहराते रहें है और उनके लिए कैंपस सेलेक्शन आयोजित कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास जारी हैं । मौके पर बीबीए के प्राध्यापक शशांक प्रिय ने कहा कि प्राचार्य डॉ आरपी सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों का शिक्षण कला काफी सुदृढ़ हुई है और महाविद्यालय का प्रयास होगा की अन्य कंपनियों के द्वारा भी निकट भविष्य में जल्द कैंपस सेलेक्शन पुनः आयोजित की जायेगी।

## सांसद फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद खेल स्पर्धा फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल व सेमीफाइनल मैच रविवार को जोन-2 विश्रामपुर विधानसभा के प्रखंड वार मैच खेला जायेगा। जो विश्रामपुर के जनता हाई स्कूल के मैदान में होगा। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा अपराह्न 1:00 बजे किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि अनूज पांडेय ने बताया कि सेमीफाइनल मैच का प्रथम मैच विश्रामपुर व करकटा ऊंटारी रोड़ के बीच खेला जायेगा। वहीं दुसरा मैच अपराहन 2:00 बजे से महूगांवा पांडू व कुंभी कला नावा बाजार के बीच खेला जायेगा। वहीं अपराहन 4:00 बजे से जोन-2 विश्रामपुर विधानसभा का फाइनल मैच दोनों टीमों के बीच खेला जायेगा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, बबन राम, महामंत्री संतोष राम, मनीष गुप्ता, उपेंद्र तिवारी, सोशल मीडिया ज्वाला गुप्ता, रजनीश कुमार, ऐसी मोर्चा सुरेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## इप्टा व लेखक संघ ने किया सांस्कृतिक प्रतिरोध कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महिलाओं के साथ हो रहे सीरियल अत्याचार के विरुद्ध इप्टा और प्रगतिशील लेखक संघ की पलामू इकाई के द्वारा सांस्कृतिक प्रतिरोध कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रुप से मेदिनीनगर थाना रोड में किया गया। कार्यक्रम के दौरान अंशु आर्ट के साधना सिंह, पूनम कुमारी, नेहा कुमारी, आंचल कुमारी, अंजली कुमारी, प्रीति कुमारी, साक्षी कुमारी, पवन शर्मा, और समृद्धि मिशन के रंजीता कुमारी व वंदना श्रीवास्तव ने चित्र विधा के माध्यम से महिला पर हो रहे अत्याचार का प्रतिकार किया। इस कार्यक्रम की खास विशेषता यह थी कि कलाकार आयोजन स्थल पर अपनी पेंटिंग बना रहे थे। वहीं इप्टा के कलाकार पोस्टर बना रहे थे। पेंटिंग और पोस्टर तैयार होने के बाद उसकी प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में लगाए गए पोस्टर और पेंटिंग के माध्यम से सवाल उठाया गया के आखिर अंकिता के हत्यारे को जब गिरफ्तार किया गया तो उसके चेहरे पर भय और शर्म के बजाये मुस्कान क्यों थी। आखिर उस हत्यारे को मुस्कुराने की ताकत कहां से मिल रही थी। इसी प्रकार गुजरात दंगे में बिलकिस बानो के साथ दुष्कर्म करने वाला और उनके परिवार के सदस्यों की हत्या करने वाला जब आजीवन कारावास की सजा काट रहा था तो फिर जेल से उसकी रिहाई क्यों हुई। रिहाई के बाद अपराधियों को माला पहनाकर सम्मानित करना और स्वागत करना क्या एक दूसरे अपराधी को जन्म देना नहीं है। ऐसे ही सवालों को उठाते हुए सांस्कृतिक प्रतिरोध कार्यक्रम के तहत पोस्टर और पेंटिंग के माध्यम से यह भी अपील की गई कि बेटियों से ज्यादा बेटों पर नजर रखा जाना चाहिए। महिलाओं पर हो रहा अत्याचार हमारी पुरुषवादी सोच का नतीजा है।

### ब्रिटेन की महारानी के निधन पर शोक

## राष्ट्रीय ध्वज झुकाना आजादी का अपमान: दीपांकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ब्रिटेन की महारानी के निधन पर शोक में राष्ट्रीय ध्वज को झुकाना आजादी का सबसे बड़ा अपमान है। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ साम्राज्यवाद का प्रतीक थीं। यह बातें भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने पलामू में कही। दीपांकर भट्टाचार्य, बगोदर विधायक विनोद सिंह, बिहार के आंगियाव विधायक मनोज मंजिल, जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा के साथ इंकलाबी नौजवान आरवाईए के राष्ट्रीय कन्वेंशन भाग लेने के लिए पलामू पहुंचे थे। भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि महारानी एलिजाबेथ साम्राज्यवाद का प्रतीक थीं। इनके देश का कई देशों पर कब्जा था। भारत की आजादी के बाद भी अफ्रीका, केन्या जैसे देशों में कई बड़े नरसंहार हुए हैं। भारत की आजादी में सैकड़ों लोगों ने बलिदान दिया है। ऐसे में महारानी की मौत पर राष्ट्रीय झंडे को झुकाना, आजादी का अपमान है और इससे अधिक अपमान क्या होगा।




दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि 1857 के क्रांति के नायक नीलाम्बर पीताम्बर की समाधि स्थल आज भी उपेक्षित है। जबकि ब्रिटेन की महारानी के सम्मान में राष्ट्रीय ध्वज को झुकाया जा रहा है। भगत सिंह ने चेतावनी दी थी कि ऐसा न हो कि गोरे अंग्रेज की जगह भूरे अंग्रेज आ जाये, आज यही हो रहा है। उन्होंने कहा कि इंकलाबी नौजवान सभा का राष्ट्रीय कन्वेंशन है। इसमें युवा कई निर्णय लेंगे। कन्वेंशन में सुरक्षित नौकरी, शिक्षा और हालात को लेकर चर्चा की जायेगी। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को कर्तव्य के नाम पर ठेके पर नौकरी दी जा रही है, उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इंकलाबी नौजवान सभा का शनिवार से दो दिवसीय 7 वां राष्ट्रीय कन्वेंशन शुरू हो गया है। पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनीनगर के टाउन हॉल में राष्ट्रीय कन्वेंशन का आयोजन किया गया है। कन्वेंशन की शुरूआत सबसे पहले नीलाम्बर पीताम्बर के समाधि स्थल पर माल्यार्पण के साथ हुई। उसके बाद पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर, भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान नक्सलबाड़ी के समर्थन में और जय भीम के नारे लगे। इंकलाबी नौजवान सभा के कन्वेंशन में देश के 21 राज्यों से 500 से अधिक डेलीगेट भाग ले रहे हैं। इस कन्वेंशन में रोजगार शिक्षा देश के वर्तमान हालात समेत कई बिंदुओं पर प्रस्ताव

## विधायक कोटे के बीस योजनाओं का हुआ शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखंड अंतर्गत बासु ग्राम में पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने 3 लाख की लागत से बनने वाली पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। इसके अलावे गोलहना में तीन, पड़वा में एक, मुरमा में एक कोकरसा में दो,छेछौरी में दो सहित अन्य गांव में कुल 57 लाख की लागत से बनने वाली 18 पीसीसी पथ व दो चबूतरा सहित बीस योजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योजना में गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन विधायक मद से कराया जा रहा है। आप सभी कभी भी हमारे पास अपने कार्य के लिए आ सकते हैं। मैं अपने क्षेत्र की समस्याओं को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाती हूं। चाहे वह सुखाड़ का मसला हो या अन्य। राज्य में बीजेपी की सरकार नहीं है फिर भी हम अपने क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खींचने का कार्य कर रही हूं। मौके पर भाजपा नेता सह पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि पूर्व के प्रतिनिधि के साथ जनता तालमेल नहीं बना पाते थे। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है,भाजपा के पास कार्यकर्ताओं की फौज है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री देश को हर क्षेत्र में आग ले जाने का कार्य कर रहे हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ मेहता, अशोक तिवारी, महामंत्री निरंजन प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष रिता देवी, उपाध्यक्ष राकेश पांडेय, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद, डॉक्टर सत्येंद्र मेहता, विष्णु देव यादव, जेईई विवेक सिंह, संजय कुमार पांडेय, रमाकांत मेहता, भरदुल पासवान, सत्यदेव तिवारी,रामानुज पांडेय, उस्मान अंसारी, दिलीप मेहता,फरेस मेहता सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों ने बीडीओ को सौंपा मांग पत्र




**केतार।** केतार एवं खरौंधी प्रखंड के स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों ने शनिवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ से मिलकर दस सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में स्वतंत्रता सेनानी सम्मान योजना,1980 के अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानी एवं उनके पात्र आश्रितों के लिए पेंशन में वृद्धि करने, स्वतंत्रता सेनानी के विधवा एवं उनके विधुर के लिए एक साथी के साथ निशुल्क रेलवे पास सुविधा, हवाई यात्रा सुविधा, आधा किराये पर टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने सहित अन्य मांग किया है। स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों ने बताया की सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है, सरकारी लाभ से उन्हें वंचित रखा जा रहा है। मौके पर स्वतंत्रता सेनानी के परिजन राम बली राम,रामाटन साह, सुर्य देव सिंह, झरी सिंह, अक्लु सिंह,जगदेव राम,मलु सिंह, बजरंगी सिंह, बनरसी विश्वकर्मा, सोमरी कुंवर, श्याम नारायण सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नए अंचलाधिकारी के रूप में निधि रजवार ने पद संभाला



**बिशुनपुरा /गढ़वा।** बिशुनपुरा अंचल कार्यालय में शनिवार को नए अंचलाधिकारी के रूप में निधि रजवार अपना पदभार संभाल लिया है। रमना सह बिशुनपुरा प्रभारी सीओ सतीश कुमार सिन्हा ने उन्हें यह पदभार सौंपा। सीओ सतीश कुमार सिन्हा ने बुके देकर नए अंचलाधिकारी का स्वागत किया। साथ ही कहा कि भविष्य में मेरे मार्गदर्शन की जरूरत पड़े तो बेहिचक संपर्क कर सकतें हैं। निधि रजवार इसके पूर्व बिशुनपुरा के निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में कार्य कर चुकीं हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कहा कि आमजनों की समस्याओं का निपटारा करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर रमना बीडीओ ललित नारायण सिंह, बिससूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र देव, सीआई जितेंद्र कुमार सिंह, सहित अंचलकर्मी मौजूद थे।

### नवनियुक्त अंचलाधिकारी निषात अंजुम ने बीडीओ से लिया पद्भार

**चिनियां।** प्रखंड कार्यालय मे शनिवार को नवनियुक्त अंचलाधिकारी निशात अंजुम ने चिनिया प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा से चिनिया अंचल का अंचलाधिकारी का प्रभार लिया है । बताते चलें कि पिछले लगभग 7 वर्षों से चिनिया प्रखंड सह अंचल के लिए सिर्फ एक ही पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रभार में ही अंचलाधिकारी से अंचल चलाया जा रहा था जिससे अंचल के कार्य करने में काफी कठिनाई हो रही थी अब चिनिया अंचल को अलग से अंचलाधिकारी मिल जाने से यहां के लोगों को अंचल संबंधी कार्यों के लिए काफी सुविधा होगी वही नवनियुक्त अंचलाधिकारी निशात अंजुम इससे पूर्व गढ़वा में कार्यपालक दंडाधिकारी के पद पर तैनात थी मौके पर उन्होंने बताया कि अंचल से संबंधित सभी कार्यों का निष्पादन ससमय करने की प्राथमिकता होगी ताकि आम जनों की सुविधा हो मौके पर अंचल निरीक्षक विनय कुमार गुप्ता राजस्व कर्मी विनोद कुमार दुबे प्रधान नाजिर अधिराज टोप्पो प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी दिनेश कुमार पंचायत सेवक पवन कुमार रजक अपरेटर अमित कुमार एवं अंचल कर्मी कौशल कुमार सहगल तथा अंचल एवं प्रखंड के सभी कर्मी मौजूद थे ।

### जागृति स्वयं सहायता समूह के डीलर पर राशन वितरण में अनियमितता का का कार्डधारियों ने लगाया आरोप



**भवनाथपुर।** प्रखंड के अरसली दक्षणी पंचायत अंतर्गत बैगाडीह ग्राम के राशन कार्ड धारियों ने गांव के जागृति स्वयं सहायता समूह के डीलर पर राशन वितरण में अनियमितता का आरोप लगाया है। इसको लेकर कार्डधारकों ने जम कर हंगामा किया एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन दिया है। प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में लाभुक नसीमा बीबी, चंदा देवी, नसीबा बीबी, लालती देवी, सुनीता देवी, जमाला बीबी, सबीना बीबी मैतून बीबी, नुरैसा बीबी, सैरा बीबी, ओरैस वीबी, जुबेदा कुँवर, परशु चेरो, अशोक चेरो, उमेश चेरो, मूर्ति देवी, राजमणी देवी, जलालुद्दीन अंसारी, हजरत अली, उमेश चेरो सहित सैकड़ो से अधिक कार्डधारियों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन देते हुए कहा है कि डीलर ने जून और जुलाई का फ्री वाला राशन नहीं दिया है। डीलर के पास इसकी शिकायत करने जाते हैं। साफ तौर पर कहा जाता है कि एक माह का राशन मिलेगा। एक माह का राशन लेना है, अन्यथा वह भी राशन नहीं दी जाएगी। लाभुकों ने डीलर पर कारवाई करने की मांग किया है। इस संबंध में डीलर ने कहा कि यहाँ चार-पांच लोगों का नौकरी- गाड़ी होने के कारण राशन कार्ड से नाम कट गया है इसलिए लोग राजनीति कर रहे हैं जून के किसी का भी राशन बाकी नही है जुलाई का 20-25 लोग का राशन घट जाने से बाकी है अगस्त के राशन 2 दिन पहले आया है जो कि बांट रहे हैं। मेरे ऊपर लगाया गया आरोप गलत है इस संबंध में प्रभारी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर डीलर पर कारवाई किया जाएगा।

### नपाध्यक्ष ने की 53 लाख की लागत से बनने वाले योजनाओं का शिलान्यास, कहा

# प्रत्येक वार्ड में निरंतर जारी है विकास कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी,उपाध्यक्ष लता देवी ने संयुक्त रूप से 53 लाख की लागत से बननेवाले चार योजनाओं का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर किया.इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा कि वार्ड नम्बर 5 में विनोद उरॉव के घर से बबूल पेड़ तक पीसीसी पथ निर्माण,प्रकाश उरॉव के घर से सोमर उरॉव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण,वार्ड नम्बर 9 में छोटू दास के घर से अमीन खान के घर तक आरसीसी नाली पटिया निर्माण तथा वार्ड नम्बर 10 में करमु साव के घर से चंदू बैठा के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया है.उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में तेजी के साथ विकास हो रहा है। विकास



योजनाएं धरातल पर दिखने लगी है। नगर पंचायत वासियों की समस्याओं का समाधान करने तथा नगर पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिये मैं हमेशा से ततपर रही हूं। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय किये गये एक एक वादे को पूरा करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जनहित की कई योजनाओं को धरातल पर उतारा जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड का विकास कार्य निरन्तर चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमने प्रयास किया है कि नगर पंचायत क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से लैस हो। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत वासियों के लिए शादी-विवाह जैसे कार्यक्रम के लिये चलंत मॉड्यूलर शौचालय की व्यवस्था किया गया है। मौके पर नगर प्रबंधक रवि कुमार, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे,वार्ड पार्षद पुष्पा देवी, धर्मेंद्र प्रताप देव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पीड़ित परिवार से मिलने आये हैं भानु प्रताप शाही

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना क्षेत्र अंतर्गत चितविश्राम में शुक्रवार को पेट्रोल छिड़क कर आग लगाकर युवक को मारने की कोशिश की घटना के बाद शनिवार को विधायक भानू प्रताप शाही पीड़ित परिवार के घर जाकर मुलाकात किया। इस दौरान पीड़ित दीपक के माता-पिता से मिलकर सहानुभूति जताई। साथ ही आश्वाशन दिया कि विधायक और पूरा भाजपा परिवार पीड़ित के साथ है। न्याय दिलाने के लिए जो भी करना पड़ेगा वह करेंगे। पीड़ित परिवार से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेने के बाद मौजूद थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार, बीडीओश्रवण राम और सीओ अरुण मुंडा से कहा कि मुजरिम को कड़ी सजा मिले, इसके लिए काम करे। न्याय नही मिलने के बाद सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव,जिला महामंत्री विकास स्वदेशी,पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान,लक्षमण राम, अशोक सेठ, मण्डल अध्यक्ष शहरी कुमार कनिष्क,ग्रामीण अध्यक्ष विकास पांडेय, संजय कांस्यकार, लालमोहन यादव, राम परिखा राम, शत्रुघ्न पांडेय, सोनु पांडेय, वार्ड पार्षद नीरज कुमार, अनुराग सोनी, विवेकानंद पांडेय सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

# धुरकी में विधवा महिला ने अंचल अधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड के सदर पंचायत धुरकी की विधवा महिला बसीरन बिबि पति स्व० मुस्लिम अंसारी ने शुक्रवार को अंचल अधिकारी को आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि मैं अपने पति स्वर्गीय मुस्लिम अंसारी के नाम से केवाला द्वारा खरीदी की गई भूमि को ऑनलाइन कराकर सरकारी रसीद नेट से कटवा कर श्रीमान से सरकारी अमीन द्वारा भूमि माफी करने के लिए प्रज्ञाकेंद्र धुरकी से खाता संख्या 124 प्लॉट 2016 रकबा 0.15 एकड़ भूमि नापी करने के लिए खाता जमा किए थे। जो स्थल पर हल्का अमीन जाकर भूमि न नापि कर शपथ पत्र से लिए भूमि सरती देवी का नापी करके अमीन चले आए। मैं सरकार की सरकारी रसिद ऑनलाइन कर पैसा जमा किए व नापी के लिए सरकार को ऑनलाइन से पैसा जमा किए हैं और अमीन स्थल पर जाकर मेरा भूमि नापी न करके दूसरे का भूमि नापी कर निकाल कर चले आए। तथा मुझे रिजर्व जमीन बता कर चले आए।

उन्होंने कहा कि यह मामला धुरकी थाना दिवस में भी दिया गया.पर हल्का कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षण पदाधिकारी फिर से नापी करने के लिए ऑनलाइन करने को मुझे निर्देश दिए जो मैं विधवा महिला होकर पदाधिकारियों का बातों की पालन की एवं 19 अप्रैल 2022 को प्रज्ञा केंद्र धुरकी में आकर ऑनलाइन कर दिए जो आज तक पेंडिंग में पड़ा हुआ है! यदि मेरे पास भूमि का कागजात केवाला से लेकर ऑनलाइन रसीद है तो मेरा जमीन नापी कर निकाल दिया जाए। उन्होंने इस संबंध में सीओ से न्याय की गुहार लगायी है।

**क्या कहते हल्का कर्मचारी :** वही हल्का कर्मचारी विकास सिंह से पूछे जाने पर बताया कि तुम लोग का जमीन का नापी हम नहीं करेंगे तुम लोग कोट जाओ कोर्ट यह मामला देख लेगा।

# केतार में बीडीओ ने शिक्षकों के साथ की बैठक, आभा कार्ड बनवाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शनिवार को बीडीओ मुकेश मछुआ ने सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के साथ बैठक किया। उक्त बैठक में बीडीओ मुकेश मछुआ ने शिक्षकों को विद्यालय के छात्रों और अभिभावकों का आभा कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा की किसी भी बीमार व्यक्ति का हेल्थ रिकॉर्ड आभा कार्ड में सुरक्षित है। उन्होंने कहा की आभा कार्ड भारत के प्रत्येक नागरिक का अनिवार्य रूप से बनाए जाने वाला युनिक स्वास्थ्य पहचान पत्र है।आभा कार्ड बनाना बहुत ही सरल और आसान है। अपने मोबाइल फोन से यह कार्ड बना सकते हैं। उन्होंने कहा की आभा कार्ड में इस्तेमाल होने वाला मोबाइल नम्बर आधार कार्ड में लिंक होना बहुत जरूरी है।आभा आधार में निहित समान्य जानकारी जैसे नाम, पता, उम्र,14 अंको का आभा नम्बर, और पता



उल्लेखित होगा। आभा कार्ड में आपके स्वास्थ्य सम्बन्धी सभी जानकारी, बीमारी, जांच, इलाज,दवा निहित होंगी।इस कार्ड के जरिए बीना किसी कागज के इलाज करा सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों को 31 सितम्बर तक शत प्रतिशत लोगों का आभा कार्ड बनवाने का निर्देश दिया है।इस मौके पर शिक्षक देवेन्द्र कुमार, दीपक कुमार सिंह, शकुन्तला देवी,सरिता देवी, दिनेश कुमार, धर्मनाथ पासवान, अवधेश मिश्रा,रामानंदन प्रसाद, सुरेन्द्र ठाकुर,दीपक पाल, विरेन्द्र राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सिंदुरिया में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर हुई बैठक

**भवनाथपुर।** दुर्गा पूजा समिति सिंदुरिया के तत्वाधान में सिंदुरिया पुनर्वास घाघरा विद्यालय के प्रांगण में उदय गुप्ता के अध्यक्षता में दुर्गा पूजा मनाने के लिए बैठक किया गया ' दुर्गा पूजा धूम धामसे मनाने के लीए कमिटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष लालू साह, उपाध्यक्ष शनीचर अगरिया, सचिव उपेंद्र गुप्ता, सह सचिव सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष विकास वियार, सह कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, संगठन मंत्री सोनू कुमार गुप्ता, संरक्षक उदय कुमार गुप्ता, मुख्य संरक्षक अजय साह, रोशन वियार, अशोक गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य सतीश गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, धमेंद्र पासवान, जितेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, राजू कुमार, अमित पासवान, मंजय वियार, तेजू पासवान, वीरेंद्र शाह, आशीष पासवान, रुपेश शाह, विकास गुप्ता, हंसराज गुप्ता को बनाया गया।

### बीईईओ के नेतृत्व में गुरु गोष्ठी का आयोजन, कहा

# सभी शिक्षक अपने कार्य के प्रति सचेत रहें

- यूनिफॉर्म संबंधी सहित कई प्रतिवेदन को निष्पादित करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र मे चिनिया रंका के नवनियुक्त एरिया ऑफिसर सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सच्चिदानंद सिंह के नेतृत्व में प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक प्रधान शिक्षामित्र के साथ विद्यालय के विभिन्न प्रतिवेदन के संबंध में गुरु गोष्ठी आयोजित की गई। मौके पर विद्यालय द्वारा छात्र छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनवाने, पोषण माह मनाने स्वच्छता पखवाड़ा यूनिफॉर्म संबंधी सहित कई प्रतिवेदन को निष्पादित



करने का निर्देश दिया गया। मौके पर एरिया ऑफिसर सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि प्रखंड के सभी शिक्षक अपने कार्य के प्रति सचेत रहें बायोमेट्रिक उपस्थिति विद्यालय पहुंचकर स-समय बनाये विभाग द्वारा मांगे गए सभी प्रतिवेदनो को ससमय बनावे ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई निश्चित है वही मौके पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कोरनेलुयिस लकड़ा सचिव अजय कुमार चंद्रवंशी जिला प्रतिनिधि दुबराज सिंह उपाध्यक्ष चैतुनाथ सिंह कोषाध्यक्ष गुलाम साबिर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी अरुण कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से नवनियुक्त एरिया ऑफिसर सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को बुके देकर स्वागत किया तथा संघ ने पदाधिकारी को आश्वस्त किया कि शैक्षणिक गतिविधि एवं विभागीय कार्यों के प्रति संघ पूर्ण रुप से सहयोग करेंगा मौके पर शिक्षक दिलीप कुमार सिंह, जयशंकर प्रसाद, तनवीर आलम, बृजेंद्र पाठक, चैतुनाथ सिंह, अमित कुमार सतनारायण सिंह,नथुनी सिंह, अंबिका प्रसाद, सीआरपी अश्विनी कुमार,प्रभु नारायण राम, सहित प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक एवं प्रधान शिक्षा मित्र मौके पर मौजूद थे ।

# पति ने दहेज के लालच में पत्नी को जहर खिलाकर मार डाला, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** दहेज के लालच में अपनी पत्नी को जहर देकर मौत के घाट उतारने का मामला प्रकाश में आया है। मामला धुरकी थाना क्षेत्र का है। जहां पति इमरान खान ने अपनी पत्नी रेशमा बीबी (23वर्ष) को दहेज की लालच में जहर देकर हत्या कर दी। घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने थाना में आवेदन देकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग किया है। घटना के संबंध में मृतका के भाई अफरोज खान ने बताया कि बहनोई इमरान खान द्वारा शुक्रवार को फोन कर मेरी बहन रेशमा बीवी के तबीयत खराब होने की जानकारी दि और नगर उंटारी में इलाज कराने आने की बात कही।लेकिन इलाज नहीं कराकर उसी दिन रात्रि में मेरा घर नगर उंटारी थाना क्षेत्र के विशुनपुर ग्राम



स्थित बेलवाखाड में छोड़ दिया। जबकि बहन रेशमा बीवी द्वारा बताया गया कि मेरे पति और सास-ससुर द्वारा जबरन जहर देकर मारने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि महिला की हालत गंभीर होने पर परिजन अस्पताल ले जाने लगे लेकिन महिला घर में ही दम तोड़ दी।अफरोज खान ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व उसकी बहन की शादी धुरकी थाना क्षेत्र में इमरान अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से किया था। जिसके बाद से ही इमरान खान द्वारा दहेज मांगने का दबाव बनाया जा रहा था और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी लगातार कई बार दिया था। हालांकि इस बात को लेकर गांव में कई बार बैठक कर समाज के लोगों ने समझाया बुझाया भी था।घटना की जानकारी मिलने पर नगर उंटारी थाना के स?नी आशुतोष कुमार सिन्हा अपने दल बल के साथ मृतिका के मायके पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।इधर घटना के संबंध में थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने बताया मृतक के परिवार वालों द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है। जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया की मृतक महिला के पति इमरान खान को गिरफ्तार कर लिया गया।

# शिक्षा पदाधिकारी ने शिक्षकों के साथ की बैठक, दिये कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड संसाधन केंद्र खरौंधी में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा ने सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के साथ बैठक किया।खरौंधी प्रखंड संसाधन केंद्र में पहली बार पहुचे क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षकों एवं कर्मियों ने गुलदस्ता ,डायरी पेन देकर स्वागत किया।ततपश्चात क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने सभी शिक्षकों एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। एवं जानकारी प्राप्त किया। इसी क्रम में मध्य विद्यालय अरंगी का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पूर्व में प्रकाशित खबर जाति प्रमाण पत्र में बच्चों से आवेदन फार्म नही दिए जाने को लेकर प्रधानाध्यापक से पूछ ताछ किया। साथ ही बैठक में सभी प्रधानाध्यापक को सरकार के द्वारा



जो गाइडलाइंस दिए जाते हैं उसका अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया।सभी शिक्षकों को समय से विद्यालय आने एवं बच्चों के बीच गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का निर्देश दिए। इस मौके पर बीआरपी राजेन्द्र गुप्ता,बीपीएम नवीन प्रकाश,अकाउंटेंट प्रदीप शुक्ला, शिक्षक नीरज कुमार दुबे, मोतीचंद जायसवाल, राजनंदन राम, कामेश्वर प्रसाद सिंह,सतेंद्र दास, सोहराब अंसारी,अंजनी कुमार द्विवेदी आदि मौजूद थे।

### लगातार हो रही चोरी की घटना के बाद चार व्यक्ति हिरासत में

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में लगातार बाइक चोरी की घटना हो रही थी इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। समाचार के अनुसार सभी उत्तर प्रदेश के रेणु कोर्ट का रहने वाला है। बताया गया कि सभी लोग एक बरा गैंग बनाकर मोटरसाइकिल चोरी करने का काम करता है फिलहाल पुलिस सदर अस्पताल मैं लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज खंगाल रही है। उम्मीद है कि हिरासत में लिए गए लोगों से पुलिस को मोटरसाइकिल गैंग का नेटवर्क की जानकारी मिल सकती है पुलिस द्वारा पता लगाया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के अलावा इसमें कहां कहां के लोग जुड़े हुए हैं।

### डंडई में अनिबंधित चिकित्सकों के खिलाफ हुई कार्रवाई

# दो दवा दुकान सील, दुकानदारों में मचा हड़कंप

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** चिकित्सीय दल की करवाई शुक्रवार को डंडाई गांव में भी अनिबन्धित चिकित्सकों के खिलाफ चला । जिले के उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर कार्रवाई को लेकर डंडाई पहुंचे मेराल चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार राम, बड़ा बाबू हुमायूं कबीर एवं उनके साथ में रहे बीडीओ सोमा उरांव की ओर से सबसे पहले गांव के दुर्गा मेडिकल स्टोर के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई । उसके बाद गांव के ही सुधांशु मेडिकल एजेंसी के खिलाफ करवाई की गई। दुर्गा मेडिकल के करवाई के दौरान अस्पताल का कई तरह का कागजात चिकित्सक सुनील कुमार की पत्नी ममता देवी के द्वारा चिकित्सीय दल के सामने प्रस्तुत किया गया। लेकिन अधिकारी उनके कागजात से संतुष्ट ना हो कर उन्हें




दम तक फटकार लगाया । वहीं अधिकारियों के पड़ताल में उक्त अस्पताल का निबंधन पूर्व से सरेंडर कर देने की बात कही गई । उसके बाद भी दूसरे नाम से क्लिनिक खोलकर संचालित करना अधिकारियों के द्वारा गैरकानूनी बताया गया । वही सुधांशु मेडिकल एजेंसी के जांच में बिना कागजात के क्लीनिक चलने की बात सामने आई । उक्त क्लिनिक के चिकित्सक डॉक्टर ड़ी एन सिंह के द्वारा किसी भी तरह के जवाब से संतुष्ट न होकर अधिकारियों के द्वारा उनके क्लिनिक को भी सील कर दिया गया । इस बीच उनके द्वारा भी चिकित्सीय दल को कई तरह के कागजात दिखाया गया लेकिन एक भी सही नहीं पाया गया । मामले पर आक्रोश व्यक्त करते हुए अधिकारियों के द्वारा उनकी दुकान को सील कर दिया गया। जबकि इससे पहले चिकित्सीय दल के द्वारा दुर्गा मेडिकल की दुकान को भी सील करने का काम किया गया था । चिकित्सीय दल की कार्रवाई से निर्बंधित चिकित्सकों में हड़कंप मच गया । कारवाई की भनक लगते ही वे सभी अपनी अपनी दुकान को बंद कर अन्यत्र फरार हो गए । पुलिस पदाधिकारियों के साथ कार्रवाई को लेकर पहुंचे पदाधिकारियों के द्वारा उनकी खोजबीन भी की गई लेकिन उनका किसी भी तरह का अता-पता नहीं चल पाया । मौके पर थाना के एसआई नवीन कुमार शर्मा के साथ साथ गांव के ग्रामीण उपस्थित थे ।

# गढ़वा फीडर से जुड़ेगा छतरपुर गांव अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती छतरपुर गांव का बिजली कनेक्शन अब गढ़वा फीडर से जुड़ जाएगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निर्देश पर यह कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए शनिवार को बिजली विभाग के एसी असगर अली, एसडीओ कामेश्वर ठाकुर एवं बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने स्थल निरीक्षण किया। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि जिला मुख्यालय एवं बिजली विभाग कार्यलय का सबसे करीबी गांव होने के बावजूद छतरपुर अब तक मेराल फीडर से जुड़ा हुआ है। लंबे समय से यहां के ग्रामीणों की मांग गढ़वा फीडर से जोड़ने की थी। मंत्री ने इस पर संज्ञान लेते हुए विभाग के एससी



को छतरपुर गांव को गढ़वा फीडर से जोड़ने का निर्देश दिया। इस पर विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्य प्रारंभ करा दिया है। विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने बताया कि छतरपुर गांव गढ़वा वन फीडर से जुड़ जाएगा। इसके लिए गांव में ट्रांसफर लगाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। बहुत जल्द मेराल फिर से हटा कर गढ़वा फीडर से जोड़ दिया जाएगा। मौके पर पूर्व मुखिया मुजीबउर रहमान, दौलत सोनी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### लंका में दुरजागिन फुटबॉल टूर्नामेंट की हुई शुरूआत



**बरवाडीह।** प्रखंड के खुरा पंचायत के लंका खेल मैदान में मां दुरजागिन फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत हुई जिसका विधिवत उद्घाटन जिप सदस्य संतोषी शेखर ,सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ,उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल ,पंचायत के मुखिया जितेंद्र सिंह, समेत अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। टूर्नामेंट के उद्घाटन के पूर्व उद्घाटन मैच खेलने उत्तरी बीएफसी पैरा और केचकी के टीम के खिलाड़ियों से अतिथियों के द्वारा परिचय प्राप्त करते हुए विधिवत बॉल उछाल कर शुरूआत की गई। जहां इस दौरान अतिथियों द्वारा दोनों टीम के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने का भी काम किया गया। वही उद्घाटन मैच के रोमांचक मुकाबले में पैरा की टीम ने 4 – 2 से मैच को जीतकर केचकी को दो गोल से हरा दिया। वहीं आयोजन समिति के द्वारा खेल मैदान में बालक वर्ग के साथ–साथ बालिका वर्ग के भी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराया जा रहा है। मौके पर आयोजन समिति के पारस जायसवाल, प्रदीप कुमार राम, रितेश कुमार, बबलू ,अभिजीत मेहरा, अंतू प्रसाद, पवन चौधरी, जितेंद्र कुमार राम , उमेश प्रसाद, उपेंद्र कुमार, रेफरी अनुरोध श्रीवास्तव, सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग व दर्शक मौजूद थे।

### 48 दिव्यांग बच्चों के बीच ट्राई साइकिल सहित अन्य सामग्री वितरित

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के बीआरसी भवन में शिक्षा विभाग के द्वारा शनिवार को समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों के जांच शिविर सह सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड के जिप सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सिंह, जिला सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज मिश्रा, डॉ आकांक्षा समेत अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 48 बच्चों के बीच ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी समेत अन्य जरूरत के सामग्री के वितरण बारी बारी से अतिथियों द्वारा किया गया। शिविर में पहुंचे कई दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता जांच भी जिले से आए चिकित्सकों द्वारा किया गया। जिसका प्रमाण पत्र बाद में वितरण किया जाएगा। मौके पर डॉक्टर गुरुदत्त, डॉक्टर गुलशन गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कामेश्वर सिंह ,रोहित कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### चहल्लुम मेला में भाजपा विधायक को सत्यभवना कमिटी ने किया आमंत्रीत

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चहल्लुम मेला सत्यभवना लाठी खेल प्रतियोगिता कमिटी कामता द्वारा मेला व प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए भाजपा के सिमरिया विधायक किसून कुमार दास को आमंत्रीत किया गया है। चाहल्लुम कमेटी के अध्यक्ष सहबाज अंसारी, उप सचिव गुलाम सरवर व कोषाध्यक्ष जियाऊल हक, सदस्य मोबिन अंसारी, गुलाम मुस्तफा व मीडिया प्रभारी अजीज अंसारी ने विधायक श्री दास से मुलाकात कर 20 सितम्बर को ग्राम कामता में आयोजित मेला व लाठी खेल प्रतियोगिता में आने को आमंत्रीत करते हुए पहुंचने का आग्रह किया। विधायक ने कमेटी के प्रतिनिधि मंडल को अश्वस्त किया की कार्यक्रम में अवश्य पहुंचेंगे।

### कुंए से 50 वर्षीय विगन भुईयां का पुलिस ने किया शव बरामद, हत्या के आरोप में एक गिरफ्तार, दूसरा फरार



**चतरा।** इटखोरी थाना क्षेत्र में शनिवार को शराब के नशे में धुत दो दोस्तों द्वारा तीसरे दोस्त 50 वर्षीय विगन भुइयां की हत्या कर कुंए में डालने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत धुना पंचायत के एरकी गांव के कुए से मृतक विगन का शव पुलिस ने शनिवार को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही मृतक के परिजनों के लगाए गए आरोप के तहत त्वरीत कार्रवाई करते हुए उसके एक दोस्त जीतन भुइंया को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। वहीं दूसरे फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। परिजनों का अरोप है कि बिगन गांव के जीतन व एक अन्य मित्र के साथ शराब पी रहा था, इसी दौरान किसी बात को लेकर तीनों में विवाद हो गया। जिसके बाद मारपीट हो गई, जिसमें जीतन एक अन्य दोस्त के साथ मिलकर बिगन की पहले जमकर पिटाई कर दी और फिर उसे गहरे कुएं में धकेल दिया। जिससे बिगन की मौत हो गई।

### अपर समाहर्ता ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, संबंधितों को समाधान का दिया निर्देश

**चतरा।** शनिवार को उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने एक–एक कर एसी श्री मंडल को अपनी–अपनी समस्यओं से अवगत कराया। वहीं श्री मंडल ने जनता दरबार में आए सभी शिकायतों को सुन, जल्द समस्याओं के समाधान का भरोसा संबंधितों को दिया। जनता दरबार में मुख्य रूप से राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राशन कार्ड व प्रधान मंत्री आवास योजना से संबंधित मामले आए। मौके पर ही अपर समाहर्ता ने सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बात कर शीघ्र समस्याओं का समाधान करने को लेकर दिशा निर्देश दिये। ज्ञात हो कि प्रत्ये सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 से 01:00 बजे अपराह्न तक उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन निराकरण किया जाता है।


---

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर हुई बैठक

# स्वास्थ में त्वरित सुधार के लिए मिलेगी अनुदान राशि

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव के निदेर्शानुसार आईटीडीए निदेशक विंदेश्वरी ततमा की अध्यक्षता में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक आहूत की गई। आईटीडीए निदेशक ने जानकारी देते हुए कहा कि चिकित्सा सहायता योजना के क्रियान्वयन में संशोधन, अनुदान राशि की अधिसीमा, भुगतान की प्रक्रिया व चिकित्सा सहायता योजना के नाम को परिवर्तित करते हुए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के संबंध में जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के गरीब रेखा के नीचे के व्यक्तियों अथवा 72000 वार्षिक से कम आय वाले व्यक्तियों को बीमारी के इलाज तथा स्वास्थ्य में त्वरित सुधार हेतु पौष्टिक आहार की पूर्ति के लिए अनुदान



राशि प्रदान करना है।

**इन्हें मिलेगा लाभ :** लाभुक किसी भी तरह की बीमारी अथवा किसी शल्य चिकित्सा के कारण गर्भावस्था व प्रसव को छोड़कर पीड़ित, कोविड-19 से संक्रमित व कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित को योजना का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए अनसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के आवेदक आनलाइन निर्गत जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, बीमारी से संबंधित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति देनी होगी।

**ये कागजात जरूरी**

आवेदक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत झारखंड राज्य में निवासरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग का पूर्व विक्ता प्राप्त गृहस्थ परिवार राशन कार्डधारी, अंत्योदय राशन कार्डधारी, हरा कार्डधारी को ही योजना अंतर्गत अनुदान राशि का लाभ प्राप्त करने हेतु योग्य होंगे।

**अवयस्क मापदंड**

बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी/अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम पर 1500 रुपये व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को 2500 की राशि मिलेगी। कोविड–19 से संक्रमित होने की स्थिति में यदि पीड़ित का इलाज घर में हुआ हो तो उसे 2500 और इलाज अस्पताल में हुआ हैं तो 5000 व कैंसर से पीड़ित को 15000 हजार रुपये देय होंगे।

**वयस्क लाभुक भी ले सकते लाभ**

किसी भी तरह की बीमारी अथवा शल्य चिकित्सा बीमारी, अस्पताल में इलाज की अवधि सात दिनों से कम तो 3000 व सात दिनों से अधिक होने पर लाभुक को 5000 की राशि देय होगी। साथ ही कोविड–19 से संक्रमित होने की स्थिति में यदि पीड़ित का इलाज घर में हुआ हो तो उसे 5000 रुपये और यदि पीड़ित का इलाज अस्पताल में हुआ हो तो 10000 की राशि देय होगी। इसके अलावा कैंसर से पीड़ित होने पर लाभुक को 25000 रुपये मिलेंगे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** शहर स्थित प्रोफेसर कॉलोनी में इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में शनिवार को प्रतिभा सम्मान सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 5 सितंबर को बच्चों के द्वारा पठन-पाठन कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाध्यापक आनंद कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर की गई। उसके पश्चात बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रथम पुरस्कार वर्ग दशम के अनुराग आनंद, द्वितीय पुष्कर गौतम एवं तृतीय पुरस्कार प्रेम कुमार और विवेक कुमार को दिया गया। जबकि छात्राओं के ग्रुप में प्रथम अंशिका आनंद, द्वितीय स्वाति कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार सिद्धि और कोमल कुमारी को, सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम



पुरस्कार इशिका कुमारी, द्वितीय एकता कुमारी, पेंटिंग में कोमल कुमारी को प्रथम एवं कमला रानी को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। साथ ही 15 अगस्त को बेहतर परेड के लिए पुष्कर गौतम ग्रुप को, मानचित्र बनाने के लिए सोनम ग्रुप को प्रथम, एकता ग्रुप को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का समापन करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और प्रतिभा में निखार आता है। मौके पर शाहनवाज आलम, शिक्षिका पूनम सिंह, मनोज लहरी, राजू कुमार दांगी, निर्मल कुमार, प्रज्ञा पाठक, निर्मला कुमारी, नीतू कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## दोमुहान मोड़ पर टाटा मैजिक की टक्कर में एक की मौत, सात घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मनिका (लातेहार)।** मनिका थाना क्षेत्र के दोमुहान मोड़ पर टाटा मैजिक ट्रक और ऑटो की आमने सामने की टक्कर में मनिका प्रखंड मुख्यालय निवासी सुरेश ठाकुर के पुत्र कमलेश ठाकुर उम्र 22 वर्ष की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। और 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार टेंपू में सवार होकर मृतक कमलेश ठाकुर पिता सुरेश ठाकुर व सबपरिवार समेत नगर भगवती मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। इसी क्रम में दोमुहान मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे टाटा मैजिक ट्रक ने टेंपू को सीधी टक्कर मार दी। जिसके कारण 22 वर्षीय युवक कमलेश ठाकुर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनिका शुभम कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल सभी लोगों को



इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचवाया और मृतक व्यक्ति के शव को बरामद कर सदर अस्पताल लातेहार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद सड़क में जाम की स्थिति बन गई थी। थाना प्रभारी ने जाम को हटवाकर वाहनों का आवागमन बहाल करवाया। घायलों में टेंपो चालक रिंकू नायक, छोटी कुमारी, मंजू देवी, निसी कुमारी, दुलारी देवी, सुरेश ठाकुर, अनयास कुमार, काव्या कुमारी, अमरेश ठाकुर शामिल हैं।

## सड़क बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बरवाडीह प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले पश्चिमी जिला परिषद सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता कन्हाई सिंह के नेतृत्व में सड़क बनाने की मांग को लेकर शनिवार को लात,हरातु एवम चुंगरु पंचायत के काफी संख्या में ग्रामीणों ने में प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। इससे पूर्व सुदूर पंचायतों से पहुंचे सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष ग्रामीणों पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में जमा होकर जुलूस निकालते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे। प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड कार्यालय का घेराव कर एक सभा में तब्दील हो गए। ग्रामीणों का कहना था कि लात से लाभर नाका तक पगडंडी रोड है लेकिन पक्की रोड नही बनने के कारण परेशानी



का सामना करना पड़ रहा है। बीमार पड़ने पर ग्रामीणों को इलाज के लिए आने - जाने में काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना था कि ग्राम चुंगरु से लाभर नाका तक का रोड भी नही बना हैं। लाभर पुलिस पिकेट से टोंगरी पुलिस पिकेट तक प्रधानमन्त्री ग्राम सडक योजना सरकार के अन्तर्गत स्वीकृत कर दिया गया है , लेकिन काम अभी तक शुरू नही किया गया है। घेराव कार्यक्रम जिप सदस्य कन्हाई सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता जग सहाय सिंह एवम अन्य ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम के अंत में बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रखंड के प्रधान सहायक को लातेहार उपायुक्त के नाम एक मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें सभी पगडंडी सड़कों को पक्की सड़क निर्माण करने की मांग किया गया था। सड़क निर्माण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। कार्यक्रम में लात मुखिया ईश्वरी देवी, संयुक्त ग्राम सभा के धीरज कुमार, पूर्व मुखिया बलदेव परहिया, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, लात पंचायत समिति प्रेम लता देवी, हरातू मुखिया सावित्री देवी, मुंडू ग्राम प्रधान राज कमल सिंह एवम हरातू पंचायत समिति तेतरी देवी ने आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

### गणेश महोत्सव में नि:शुल्क चिकित्सा सेवा शिविर आयोजित

**टंडवा(चतरा)।** चुंदरू धाम में आयोजित दस दिवसीय गणेश महोत्सव में अखिल भारतीय ग्रामीण चिकित्सक संघ द्वारा लगाए गए नि:शुल्क चिकित्सा सेवा स्टाल में दो हजार लोग प्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित हुए। उपरोक्त जानकारी देते हुए संघ के कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने बताया कि नर सेवा–नारायण सेवाश संघ का मूल मंत्र है। उन्होंने पूजा समिति द्वारा सेवा प्रदान करने का अवसर दिए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी दस दिनों तक संघ की ओर से अनवरत कई पाली बांटकर मेला में आये जरुरतमंदों का नि:शुल्क उपचार व दवा दिया गया।

### बुढ़ा पहाड़ जाने वाली नदी पर पुल का हो रहा निर्माण

**लातेहार।** बुढा पहाड़ पर नक्सली गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सुरक्षा बलों की मुहिम तेज हो गयी है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में बुढा नदी पर पुल बनाया जा रहा है। पुलिया के निर्माण होने से तिसिया और नावाडीह गांव आसानी से पहुँचा जा सकेगा और यहा पुलिस पिकेट स्थापित किया जाएगा। दर्दांत और दुर्गम बुढा पहाड़,नक्सलियों का गढ़ और उनके छुपने की मुफीद जगह,लेकिन लातेहार,गढ़वा और पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित बुढा पहाड़ को नक्सल मुक्त बनाने के लिए पुलिस पूरी तरह कमर कस चुकी है। पहाड़ की तलहटी में बसे तिसिया गांव और नावाडीह गांव में पुलिस पिकेट स्थापित कर नक्सलियों की चहलकदमी को पूरी तरह रोकने के लिए प्रशासन जुट गया है। बुढा पहाड़ तक आवागमन सुगम करने को लेकर लातेहार एसपी अंजनी अंजन के नेतृत्व में बुढा नदी पर पुल निर्माण का कार्य आरंभ कर दिया है।

## मयूरहंड के विद्यालयों में छात्र और शिक्षकों के अनुपात में घोर विषमता, विभाग मौन

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड में शिक्षा विभाग के उदासीनता का आलम यह है कि प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में छात्र और शिक्षकों के अनुपात में घोर विषमता है। सभी जानकारी रहने के बाबजूद विभाग मौन है और समुचीत शिक्षा से वंचरत हो रहे बच्चे। प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय सहित 65 विद्यालयों को सुचारू संचालन के लिए चार संकुल संसाधन केंद्रों में बांटा गया है, जिसमें 6 संकुल संसाधन सेवी कार्यरत हैं। इन विद्यालयों में कुल 9864, छात्र-छात्राएं अध्ययन व और 225 शिक्षक अध्यापनरत हैं। ऐसे में शिक्षक-छात्र अनुपात 43.84 है, जो समानुपातिक से थोड़ा ज्यादा है। लेकिन नव प्राथमिक विद्यालय भुइयां टोली एकतारा में 79 छात्रों पर सिर्फ एक, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दुहैय में 34



पर दो, और एनपीएस कांटी में 23 पर एक सहायक शिक्षक पदस्थापित हैं। इसी प्रकार उमवि सरगांव में 113 पर दो शिक्षक, उमवि टांड़पर मयूरहंड में 33 बच्चों पर दो, एनपीएस बेला में 37 पर दो, सिघरावा में 29 पर दो, हड़ाही-पिपरा में 73 पर 4, पुरैनी में 110 पर 6, करमा के फुलवरिया टांड में 35 पर दो, पथरा के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परासी में 28 पर दो, बराकर में 26 पर दो, नवा गोसाई में 38 पर दो शिक्षक कार्यरत हैं। कमोवेश अन्य संकुल में भी यही स्थिति है। विद्यालयों में छात्र-संख्या के अनुपात में शिक्षकों के नहीं होने से बच्चे समुचित शिक्षा से वंचीत होद रहे हैं। स्थिति ऐसी है कि जहां शिक्षक हैं वहां समानुपा में छात्र नहीं हैं, और जहां छात्र हैं वहां शिक्षक नहीं हैं। जबकी शिक्षा विभाग इस तथ्य से अवगत है। कई बार कम शिक्षकों वाले विद्यालय शिक्षकों द्वारा विभाग का ध्यानाकर्षण कराया गया, लेकिन विभाग द्वारा इस पर संज्ञान नहीं लिया गया।

## विस्थापित-प्रभावित वाहन मालिक संघ की हुई बैठक, आंदोलन की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा(चतरा)।** विस्थापित प्रभावित वाहन मालिक संघ की बैठक शनिवार को टंडवा थाना क्षोत्र अंतर्गत बिंगलात में संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा की अगुवाई में हुई। जहां कोल ट्रांसपोटिंग कंपनियों द्वारा ट्रक भाड़ा एवं पेपर में अवैध कटौती का तीखा विरोध किया गया। इसके अलावे निर्णय लिया गया कि निर्धारित दर से कम भाड़ा में वाहन मालिक किसी भी सुरत में कोयले का उठाव नहीं करेंगे। वहीं भाड़ा चिट्ठी में ट्रांसपोर्टरों के द्वारा रेट अंकित करने की बातें कही गई। बताया गया कि जिन ट्रांसपोर्टरों के भाड़ा चिट्ठी में रेट अंकित नहीं होगा उनका कोयला उठाव नहीं किया जाएगा। श्री मिश्रा ने कहा कि संघ हितों की रक्षा के लिए आंदोलन पर विचार



कर सकता है। साथ हीं संघ के विरुद्ध चलने वाले ट्रांसपोर्टरों एवं वाहन मालिकों का बहिष्कार किया जाएगा। बैठक में मुकेश यादव, रितेश चौधरी, संजीव साहू, कुंदन सिंह, गजाधर साहू सत्येंद्र साहू, विनोद मंडल, करणवीर सिंह, शंकर चौधरी, प्रदीप सिंह भोक्ता, शिव कुमार यादव, उज्जवल कुमार, शिवकुमार तथा विष्णु साव आदि शामिल थे।

### चकला में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज कंपनी ने मेगा हेल्थ प्रोजेक्ट आरोग्य का किया शुभारंभ

# हेल्थ प्रोजेक्ट का स्थानीय ग्रामीणों ने किया विरोध



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चकला कोल ब्लॉक के लिए अधिकृत आदित्य बिड़ला ग्रुप हिंडाल्को इंडस्ट्रीज कंपनी के द्वारा सीएसआर के तहत शनिवार को चकला उप स्वास्थ्य केंद्र के समीप मेगा हेल्थ प्रोजेक्ट आरोग्य का सुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में डॉक्टरों के द्वारा सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उनके बीच जरूरी दवाओं का भी वितरण किया। कैंप में कई तरह के बीमारियों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर पहुंचे थे। जिनके द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। हेल्थ प्रोजेक्ट के तहत कंपनी के द्वारा चलंत चिकित्सा वाहन का भी उद्धघाटन कार्यक्रम होना था पर स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के चलते स्थगित करना पड़ा। चकला कोल ब्लॉक से प्रभावित होने वाले ग्रामीणों के द्वारा हेल्थ कैंप कार्यक्रम का विरोध किया गया।

**क्या कहते है ग्रामीण :–**

विरोध कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी हम लोगो को बगैर जानकारी दिये व विश्वास में लिए ही इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जो कि गलत है। कंपनी पहले ग्रामीणों को विश्वास में ले उसके बाद ही क्षेत्र में किसी प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करें। अन्यथा कंपनी का लगातार विरोध करेंगे। लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, पुनि सह थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा दल बल के साथ चकला पहुंचे थे अधिकारियों ने विरोध कर रहे ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें शांत कराया। कंपनी व प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा समझाने बुझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में अब कोई भी कार्यक्रम ग्रामीणों को विश्वास में लेकर ही आयोजित किये जायेंगे।

**कंपनी स्थानीय लोगों का हित चाहती है : दीपेश**

कार्यक्रम में मौजूद वाइस प्रेसिडेंट दीपेश भाटिया ने कहा कि कंपनी स्थानीय लोगों का हित चाहती है इसी उद्देश्य से मेगा हेल्थ प्रोजेक्ट का सुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था कंपनी को प्रोजेक्ट के साथ साथ ग्रामीणों के स्वास्थ्य व सुरक्षा की भी चिंता है जिसको लेकर प्रभावित क्षेत्र में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं श्री भाटिया ने लोगों से इनका लाभ लेने की भी बात कही है। मौके पर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट दीपेश भाटिया, यूनिट हेड राजीव कुमार, सीएसआर हेड लोपामुद्रा मिश्रा, अभय कुमार शर्मा, एचआर हेड प्रकाश कुमार, सदानन्द सिंह, कुमार गौरव समेत राजेश शाही,मोफिल खान,मो इजहार, विजय शाही, बिनोद ठाकुर, तौहीद खान,हरि भगत, विकास कुमार भगत आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों के प्रतिभाओं में निखार आता है: सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिश्रौल स्थित हाई स्कूल परिसर में शनिवार को विरसा स्पोर्ट्स एकेडमी का शुभारंभ खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर किया गया। जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। अतिथियों ने कार्यक्रम में कहा कि खेल प्रतियोगिता से बच्चों के प्रतिभाओं में निखार के साथ शारीरिक व मानसिक विकास होता है। वहीं विभागीय स्तर से प्रोत्साहित करने की भी एसडीपीओ ने बातें कही। साथ हीं उन्होंने आयोजनकर्ता शुभम एवं टिंकु कुमार का उत्साहवर्धन किया। वहीं अंडर 18 के 80 मीटर दौड प्रतियोगिता में प्रथम रहे शुभम कुमार को एसडीपीओ, द्वितीय




अमन कुमार को पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी व तृतीय अमन कुमार को मुखिया महावीर साहू द्वारा मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। जबकी अंडर 12 में प्रथम किरण कुमारी, द्वितीय पुष्पा कुमारी एवं तृतीय जासू कुमारी तथा अंडर 10 में प्रथम गुलाबसा प्रवीण, द्वितीय पल्लवी कुमारी एवं तृतीय साबरा प्रवीण ने बाजी मारी। इस अवसर पर एएसआई उमानाथ सिंह, जितेन्द्र सिंह, प्रयाग राम, दुलारचंद साहू, संजय चौबे, गजेन्द्र साहू, छोटू गुप्ता, मुकेश आनंद समेत अन्य मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### सिमडेगा डाक बंगला में झारखंड टेंट एंड डेकोरेटर एसोसिएशन की हुई बैठक

**सिमडेगा।** शहरी क्षेत्र स्थित जिला परिसद डाकबंगला में झारखंड टेंट एंड डेकोरेटर एसोसिएशन की बैठक प्रदेश से आये प्रदेश स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में हुई। बैठक में प्रदेश से आए सुबोध कुमार अध्यक्ष, संजय कुमार राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह सलूजा महासचिव रांची, राजेश गुप्ता चैयरमेन अधिवेशन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश से आए पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 एवं 9 अक्टूबर को होने वाली रांची में होने वाले टेंट अधिवेशन के विषय में जानकारी दी। बैठक में जिले के टेंट, केटरर, डेकोरेटर एवं साउंड एंड लाइट व्यसाय से जुड़े लोग काफी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक में प्रदेश एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा अधिवेशन के बाद जल्द ही जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। समिति के गठन के पश्चात टेंट एसोसिएशन को हो रही समस्याओं को समाधान के लिए सामूहिक रूप से प्रयास होगा ।बैठक में मुख्य रूप से सतेन्द्र रोहिल्ला, मंटू केशरी, महेश शर्मा, विकास वर्मा, कमलेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, बबलू वर्मा, सरजू प्रसाद एवं रोहित जोगी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा समिति का हुआ पुनर्गठन गौरीशंकर सिंह बने अध्यक्ष

**बोलबा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से गौरीशंकर सिंह को अध्यक्ष, हीरा लाल प्रधान को उपाध्यक्ष, रमेश दास को सचिव,सियाबर सिंह को उप सचिव, प्रशांत जायसवाल को कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। सुरजन बड़ाईक, परमानन्द बड़ाईक, भानूप्रताप सिंह,टकबर सिंह,अजय जायसवाल,रामसुभक प्रधान,किशोर कुमार सिंह , चन्द्रदेव सेनापति आदि को संरक्षक के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक में मंदिर के रंग रोगन के कार्य का जिम्मा अजय जायसवाल को देते हुए यथाशीघ्र कराने के लिए कहा गया ।अगली बैठक आगामी सोमवार 12 सितंबर को 4 बजे रखा गया है जिसमें आगे के कार्यक्रम तय किए जाएंगे। बैठक में उक्त के अलावे शेखर जायसवाल, शिवशंकर बड़ाईक, हीरा बड़ाईक, चंद्रशेखर सिंह, लोकेन्द्र सिंह, विनोद बड़ाईक,चंद्रनारायण मंडल,हरेन्दर प्रसाद, हीरा जायसवाल, कृष्णा बड़ाईक आदि उपस्थित थे।

### चट्टी स्थित गणिनाथ मंदिर प्रांगण में गणिनाथ पूजा दस को

**भंडरा/लोहरदगा।** मध्यदेशिय वैश्य समाज के तत्वावधान में भंडरा के चट्टी स्थित गणिनाथ मंदिर प्रांगण में दस सितंबर को गणिनाथ महोत्सव सह पुज्नोत्स्व का आयोजन किया गया। इसमें लोहरदगा सहित गुमला, रांची, लातेहार आदि जिलों से समाज के लोग शामिल हुए। पूजन के पश्चात झंडोत्तोलन का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात समाज के लोगों ने समाज के उत्थान पर अपने विचार देते हुए कहा कि यह सिर्फ वार्षिकोत्सव नहीं बल्कि समाज के लिय बड़ा मंच है। कार्यक्रम के दौरान भक्ति जागरण का भी आयोजन हुआ ।जिसमें रांची के जाने माने कलाकारों ने भक्ति गीतों से सभी को झूमने के लिये मजबूर कर दिया ।इससे पूर्व डांस, घड़ा फोड़ और कुर्सी रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सफल संजना गुप्ता, नित्या, अनिस्का, रीमा, आकृति, अनीता, सुनीता गुप्ता को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कृष्ण प्रसाद, रघुवीर प्रसाद, अवध बिहारी, श्याम बिहारी, रामसेवक साहू, जगदीश साहू, गोविंद साहू, शंकर साहू, ईश्वर साहू, रामकुमार साहू, हीरा साहू, राजेश साहू, महेश साहू, रंजीत साहू आदि अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

### समसेरा मुखिया के उपस्थिति में किया गया राशन वितरण

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के समसेरा पंचायत में मुखिया के उपस्थिति में राशन वितरण किया गया। शिवानी दल अलिंगुड डीलर और कार्डधारी के बीच राशन वितरण को लेकर बैठक बुलाई गयी। बैठक में डिजिटल मशीन से सभी कार्डधारी को पूरा पूरा डीलर द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पहल से राशन वितरण की बात से सभी कार्डधारी खुश नजर आयें। मौके पर समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाईक, उपमुखिया सियावर सिंह, टकबर सिंह, किशोर कुमार सिंह, गौरी शंकर सिंह के अलावे कार्डधारी उपस्थित थे। इधर तनुजा देवी डीलर भी राशन का वितरण किये समय पर मुखिया द्वारा जांच में पाया गया। कार्डधारी को पूरा पूरा राशन वितरण किया गया। कार्डधारी से किसी प्रकार की कहीं भी शिकायत नहीं मिला। इस मौके पर फसल राहत योजना का प्रत्येक किसान को आनलाईन हर हाल में करा लेने कि बात मुखिया द्वारा कहा गया।

### राष्ट्रीय एकता अखंडता व सद्भावना विषय पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**कुडू - लोहरदगा।** युवा सद्भावना मंच द्वारा राजयकृत उत्क्रमित उच्चय विधालय चंदलासो मे शनिवार को राष्ट्रीय एकता अखंडता और सद्भावना विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे मुख्य रूप से उपस्थित हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार और थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने छात्रों को राष्ट्र की एकता अखंडता बनाए रखने में अपने योगदान देने की बात कही। मौके पर भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र - छात्रा खुशवंत राम, मोहम्मद जैद, सोनी कुमारी, रोहन कुमार राम शब्बा प्रवीण को अतिथियों द्वारा प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड बिस सूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी युवा सदस्य सलीम अमीर,सुरेंद्र यादव, मुखिया दसमती उरांव, रोस पूनम मिंज, रजिया खातून, मेरी रेशमा एक्का, अनिल उरांव, डेविड कुजूर, रामेश्वर उरांव मौजूद रहे।

### झारखंड आंदोलनकारी नेता दुर्गा सोरेन की 54 वीं जयंती पर झामुमो ने किया याद

**सिमडेगा।** झामुमो सिमडेगा द्वारा शनिवार को स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की 54 वीं जयंती पर संयोजक मंडली सदस्य शफीक खान के आवास पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। मौके पर सभी लोगों ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी इसके बाद 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया मौके पर शफीक खान ने कहा स्वर्गीय दुर्गा सोरेन ने झारखंड आन्दोलन में अहम और सशक्त भूमिका निभाई थी। पूरे राज्य में उनकी पहचान एक सर्वमान्य नेता के रूप में थी गरीबों, असहाय, जरूरतमंदों तथा समाज के सभी वर्ग के लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए वे सदैव उनके साथ खड़ा रहते थे वे युवाओं के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणा स्त्रोत थे माल्यार्पण करने वालों में मुख्य रूप से संयोजक मंडली सदस्य शफीक खान, अनिल कंडुलना, अनिल तिर्की, ऑस्कर डांग इसके अलावा नोवास केरकेट्टा, कल्याण मिंज, नील जस्टिन बेक, बीस सूत्री सदस्य सिकंदर बरवा, विरेंद्र बाड़ा, सिमडेगा प्रखंड अघ्यक्ष सुमन मिंज, तिमीथियुस खाखा, अनस आलम, विपिन कुल्लू, ओलिवर एक्का, रीयाजुल, माईकल इन्दवार, कमल यादव, जयराम बड़ाईक, सहित अन्य लोग शामिल थे।

---

**श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचिका जया किशोरी ने श्री कृष्ण की लीलाओं को बताया,कहा**

# भगवान को किसी भी रूप में मानो परंतु भगवान से प्रेम करो



**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में साहू परिवार के सौजन्य से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचिका जया किशोरी ने अपने प्रवचनों और मंत्रमुग्ध करने वाली भक्ति गीतों से सराबोर कर दिया। उनके मधुर मधुर भजनों की लय में भक्तों ने भी ताल से ताल मिलाया और उनके साथ गीत गाया। भक्ति संगीत पर स्टेडियम परिसर में स्थित पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने भी झूमना शुरू कर दिया।इस मौके पर राधा रानी बुलाए रही आवनो नी, मनिहारी का वेश बनाया श्याम चूड़ी बेचने आया आदि के बोल पर झूमें लोग। इस दौरान कथावाचिका जया किशोरी ने कहा कि भागवत कथा एक धार्मिक ग्रंथ है, अगर इस ग्रंथ को सच्चे दिल से सात दिन बैठकर श्रवण कर लिया जाए तो उस परिवार का तो जीवन धन्य हो जाता है। भागवत कथा के साथ-साथ लोगों को भगवान की झांकियां दिखाने का केवल एक ही अर्थ होता है ताकि अतीत में झांककर अपने मन में इस बात का चितन कर सके। अगर भगवान की कृपा प्राप्ति करना चाहते हैं तो श्रीमद् भागवत कथा को मन में उतारने से आपका जीवन धन्य हो जाएगा। इधर श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन पूज्या जया किशोरी जी के कार्यक्रम स्थल व्यास मंच में आगमन होते हीं भक्तों के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने पूज्या जया किशोरी जी को अंगवस्त्र प्रदान कर एवं पगड़ी पहनाकर अभिनन्द किया। साहू परिवार ने ठाकुर जी की पूजा अर्चना एवं आरती किया। भजन जय जय राधा रमन, हरी बोल, के साथ श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ की गई। इस दौरान कथा सुनने आये अतिथियों में राज्यसभा सांसद धीरज साहू, लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह समेत अन्य का व्यास मंच पर स्वागत किया गया। मौके पर कथावाचिका जया किशोरी ने भगवान श्री कृष्ण व राम सहित उनकी बाल लीलाओं तथा राधा कृष्ण की रास लीलाओ का वर्णन कर भागवत कथा सुनाई। उन्होंने श्रृद्धालुओं से कथा को अपने जीवन मे उतारने का संकल्प लेने को कहा। उन्होंने कहा कि भगवान श्री हरि विष्णु मनु और सतरूपा को दिऐ वचन के अनुसार श्री राम और कृष्ण के रूप मे धरती पर अवतरित हुए है। बताया कि प्रभु श्री कृष्ण ने पूतना को मां का दर्जा दिया तथा उसके शरीर को अमरत्व प्रदान किया। इसके पश्चात वह त्रेता युग के श्री राम जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री हरि राम की कथा सुनाई और उनको मयार्दा पुरुषोत्तम बताकर हर युग का श्रेष्ठ अवतार बताया है उन्होने भागवत कथा को भक्त से भगवान के मिलन की कथा बताई है। बाल कृष्ण का दर्शन करने को देखने के लिए बाबा भोले नाथ भी गोपी बनकर मथुरा आते है। इसके बाद वह श्री कृष्ण और राधा के रासलीला की कथा सुनाई। उन्होने कहा कि रासलीला प्रभु से आत्मा का मिलन है इसमे आत्मा और परमात्मा एक दूसरे मे समा जाते है। उन्होने बताया कि हर गोपी प्रभु के प्रेम मे अपने की समर्पित कर परमात्मा से मिलने को व्याकुल थी। आपसे प्रार्थना है कि भगवान के लिए कोई मजाक नहीं करे और कोई और मजाक उड़ा रहा है तो आप उसमें शामिल नहीं हो। आप अगर भगवान की इज्जत नहीं करेंगे तो कोई नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। कथावाचिका जया किशोरी ने बताया कि भागवत कथा का प्रत्येक प्रसंग मनुष्य के चरित्र और स्वभाव को सुधारता है। कथा श्रवण करने पर श्री कृष्ण के प्रति प्रेम ना हो, पाप से घृणा ना जागे, धर्म के प्रति प्रेरित ना हो तो ये समझना कि आपने कथा सुनी ही नही। पाप, कर्मों का नाश करती है कथा, प्रेम को बढ़ाती है कथा। पहले हम अपने मन को सुधारें, फिर जगत को सुधारने निकले। अपने चरित्र से यदि अपनी आत्मा को संतोष मिले तभी मानो कि तुम्हारा स्वभाव सुधरा है। भगवान को किसी भी रूप में मानो परंतु भगवान से प्रेम करो। इस दौरान कई आकर्षक झांकियों की भी प्रस्तुति की गई जिसकी सराहना उपस्थित लोगों ने किया। श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, साहू परिवार से शैफाली साहू, अरुणा साहू, उदय शंकर प्रसाद, धीरज प्रसाद साहू, सरिता साहू, मनु साहू, राहुल साहू, मदन मोहन शर्मा, सचिदा चौधरी, दिल्ली से राजश्री कुमार, अजय महासेठ, शालिनी महासेठ रांची डॉ अनूप साहू, अशोक यादव, संजय बर्मन, निशिथ जायसवाल,सुखैर भगत, राजेन्द्र खत्री, मनोज प्रसाद, प्रकाश कुमार, अरविन्द कुमार, हनुमान राजगड़िया, संदीप कुमार, लाल मोहन प्रसाद केशरी, , कमल प्रसाद केशरी, मोहन दुबे, कंवलजीत सिंह, अरुण राम, राहुल कुमार, बलवीर देव, , कृष्ण मोहन केशरी, कैलाश केशरी, उर्मिला केशरी, प्रमोद अग्रवाल सहित शहर के भक्त जन उपस्थित थे।

---

**डीसी की अध्यक्षता में मुख्य सचिव की जिले के पदाधिकारियों व सभी अंचलाधिकारियों/कर्मचारियों के साथ हुई बैठक**

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में ई-केवाईसी का कार्य सौ फीसदी पूर्ण का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मुख्य सचिव, झारखंड के साथ होनेवाली बैठक की पूर्व तैयारी हेतु आवश्यक बैठक जिले के पदाधिकारियों व सभी अंचलाधिकारियों/कर्मचारियों के साथ हुई। बैठक में उत्तराधिकार दाखिल खारिज, भूमि जमाबंदी, पंजी-2 में सुधार से संबंधित प्रगति व लंबित मामलों की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिये गये। झारखंड राज्य फसल राहत योजना में प्राप्त आवेदन का दिनांक 12.09.2022 की शाम 4 बजे तक हल्का कर्मचारी स्तर व अंचल अधिकारी स्तर से 50 प्रतिशत आवेदन निष्पादित करने का निदेश दिया गया। इस योजना में लाभुक किसानों के ई-केवाईसी का कार्य भी उक्त तिथि व समय तक 6 हजार का लक्ष्य पूर्ण किये जाने का निदेश सभी अंचल आधिकारियों को दिया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में ई-केवाईसी का कार्य 100 फीसदी पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। जाति प्रमाण-पत्र के प्राप्त आवेदन व निर्गत किये जाने के बिंदु पर उपायुक्त द्वारा अतिरिक्त जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संबंधित आवेदन पत्रों को अंचलाधिकारी से वेरीफाई करा कर प्रज्ञा केंद्र में अपलोड करायें। जो भी आवेदन अंचल में रिसीव किये गये हैं उसका 50 प्रतिशत दिनांक 12.09.2022 तक प्रज्ञा केंद्र में अपलोड करा दें। एनआईसी, लोहरदगा को इस संबंध में जिला स्तर पर 10-15 कम्प्यूटर ऑपरेटरों की टीम गठित किये जाने का निदेश दिया गया ताकि आवश्यकता पड़ने पर जाति प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की इंट्री लक्ष्य अनुसार पूरी करायी जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता गरिमा सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीषा तिर्की, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी आंबुज्य पाण्डेय, सभी अंचल अधिकारी, मैनेजर आइटी पीएमयू राजस्व शाखा अरूण कुमार साह, सभी अंचल के अंचल निरीक्षक, कर्मचारी समेत अन्य उपस्थित थे।

---

# जल विहिन खराब चापाकल में पानी मशीन लगा कर जलमीनार को दिखाया पूर्ण

**ग्रामीणों ने जलमीनार निर्माण में अनियमिता का लगाया आरोप**



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड अंतर्गत महाबुआंग थाना क्षेत्र के राजस्व ग्राम चोरबांदू में भारत सरकार की हर घर नल योजना द्वारा घर- घर जल पहुंचाने में भारी अनियमितता बरतने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। चोरबंदू गांव के पुजार टोली के ग्रामीणों के मुताबिक पुजार टोली में स्थानीय जल सहिया के द्वारा खराब पड़े चापाकल में पानी मशीन को लगाया गया है ,जिसमें पानी ही नहीं है। नया बोरिंग नहीं किया जा रहा है जल सहिया के इस रवैया से पुजार टोली के ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। यह जानते हुए कि खराब पड़े चापाकाल में पानी ही नहीं है ,फिर भी मशीन फिट कर दिया गया है। अब बिना पानी के जलमिनार में पानी कैसे चढ़ेगा और घर- घर पानी की आपूर्ति कैसे होगी। पुजार टोली के ग्रामीण कई वर्षों से पानी की किल्लत का सामना कर रहे हैं। सरकारी पैसों का बंदरबांट हो रहा है। टोली में एक भी चापाकाल नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले में जल सहिया के पति जेठन मुंडा के द्वारा गोलमोल जवाब दिया जा रहा है। गांव के ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना से भी की है। ग्रामीणों का आरोप है की नया बोरिंग करके जलमिनार का निर्माण करना है, परन्तु स्थानीय जल सहिया द्वारा वर्षों पुराने जल विहीन चापाकल में मशीन लगाकर रुपये हडप लिए। ग्रामीणों ने जांचोपरांत कडी कारवाई करने,एवं नया बोरिंग कर जलमिनार में जल पहुंचाने की मांग की है।

---

**झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक बसिया में सम्पन्न**

# हेमंत सोरेन झारखंड आंदोलनकारी के गौरव पुत्र हैं, आंदोलनकारियों को पहचान दे : पुष्कर महतो




**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला की बैठक शनिवार को बसिया ब्लॉक में हुई। बैठक में झारखंड के अगुवा स्व दुर्गा सोरेन की 54 वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों का चिन्हितीकरण का कार्य जल्द से जल्द करने, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान - सम्मान, पेशन, नियोजन व पहचान देने के विषय पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री झारखंड आंदोलनकारी के गौरव पुत्र है। आंदोलनकारियों का अभिमान है। शनिवार को झारखंड आंदोलनकारियों का सारा दारोमदार व मान -सम्मान, पेंशन, नियोजनव पहचान देने का परम दायित्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों में है। आंदोलनकारियों के सम्मान से ही सरकार का सम्मान है। कार्यकर्म की अध्यक्षता करते हुए गुमला जिला के संयोजक अजीत विश्वकर्मा ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के भावनाओं के अनुरूप विकास की अवधारणाओं को पूर्ण किया जाए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मोर्चा के उपाध्यक्ष पीसी बड़ाइक ने कहा कि मुख्यमंत्री आंदोलनकारियों के प्रति वेदना व संवेदना जाहिर करते हुए सभी आंदोलनकारी माता- पिता का चिन्हितीकरण का कार्य समय रहते करे,हमलोग आभारी रहेंगे। मौके पर अल्फ्रेड आइंड, रतिया इंडवार, जोसेफ आभाष मिंज, सीताराम उरांव, भोलानाथ सिंह, कुंवार राम किसान, अलीम खान, अमित बघवार, गौरीशंकर चौधरी, रोजलीना तिग्गा, मारकुस केरकेट्टा, हीरा प्रधान, सुषमा तिग्गा, सुषमा कुजुर, सहित बड़ी संख्या में झारखंड आंदोनकारी गण उपस्थित थे।

---

# सिमडेगा पुलिस अधीक्षक ने किया केरसई थाना का दौरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने शनिवार को केरसई थाना का दौरा किया। साथ ही मौके पर जनप्रतिनिधि,समाजसेवी एवं ग्रामीणों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। प्रखंड एवं थाना से संबंधित जन समस्याओं से एसपी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी ग्रामीण क्षेत्र की समस्या सुनकर उनका विधिवत समाधान करने का प्रयास करेंगें। मौके पर कोनजोबा पंचायत मुखिया मुंस खेस ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र होने से ग्रामीणों को मजदूरी नहीं मिलने के कारण दूसरे राज्य काम करने के लिए चले जाते हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनकी लाल ने कहा कि मनरेगा योजना के तहत मजदूरों को काम कम मिलने एवं सभी ट्रैक्टर ऑनर का गाड़ी खड़ा होने के कारण गांव के ट्रैक्टर में काम करने वाले मजदूरों को काम नहीं मिलने से भी ग्रामीण दूसरे राज्य पलायन कर रहे हैं। जिला परिषद सदस्य प्रेमा बड़ा ने एसपी से कहा कि छोटे-छोटे बच्चे शराब पीकर इधर-उधर घूमते हैं। स्कूल नहीं जाते हैं। इसे लेकर माता पिता परेशान रहते हैं। जैनुल अंसारी ने कहा कि ढ़ोड़ी जोर मकर घारा गांव जंगल में बसा हुआ है गांव में बिजली नहीं है एवं हाथी का प्रभाव अधिक है,आने जाने के लिए सड़क नहीं है। गांव में मोबाइल टावर नहीं है, जिससे लोगों को प्रखंड प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को खबर करने में परेशानी होती है एवं लाईट नहीं होने के कारण सोलर लाइट की मांग की गई ।ग्रामीणों द्वारा एसपी को बताया गया कि क्षेत्र में अंग्रेजी शराब एवं महुआ की शराब अवैध बिक्री होती है। प्रत्येक गांव में बिक्री भी खुलेआम होती है जिससे युवा बिगड़ रहे हैं एवं कई जगह घटनाएं हो रही है जिस पर एसपी ने थाना प्रभारी को सख्त निर्देश देते हुए कार्रवाई करने की बात कही। पत्रकारों से बात करते हुए एसपी ने बताया कि अगले माह से पूरे जिले में 3 सप्ताह का जागरूकता अभियान पुलिस चलाएगी। पहले सप्ताह में मानव तस्करी के सम्बंध पर, दूसरे सप्ताह में महिला उत्पीड़न को लेकर वहीं तीसरी सप्ताह में साइबर सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। डायन प्रथा एवं सर्प दंश से झाड़-फूंक द्वारा मृत्यु होने के बारे में एसपी को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फेसबुक या व्हाट्सएप में आए गए अनजान व्यक्ति का लिंक को ना दबाएं एवं कोई भी जानकारी मांगी जाए तो नहीं देने की बात कही गई। मौके पर थाना प्रभारी राजेश कुमार,जेएसआई सत्य प्रकाश उपाध्याय, अखिलेश कुमार, सोनाराम बेसरा, छोटू सिंह सहित थाना के सभी पुलिस बल एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

**अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी बबिता फोगाट ने भारत के विकास में खेल व खिलाड़ियों की भूमिका को बताया, कहा**

# जीवन में हारने का स्वाद भी बहुत जरूरी है



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा राज्य स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरा दिन की सत्र शुरूआत शुरू दंगल गर्ल के नाम से मशहूर गोल्ड मेडलिस्ट अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य बबिता फोगाट ने भारत के विकास में खेल एवं खिलाड़ियों की भूमिका पर कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल की महत्ती भूमिका जीवन में होती है। खेल के माध्यम से तन और मन दोनों स्वस्थ रखा जा सकता है। व्हाट्सएप मन और तन से ही हम अपने बड़े से बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति आसानी से कर सकते हैं जगह स्वस्थ तन मन के किसी भी लक्ष्य को साधना आसान नहीं होता। अपने स्वयं के जीवन में तनाव मुक्त होने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान खेल का मैदान होता है। जीवन में हारने का स्वाद भी बहुत जरूरी है वह जीतने की राह को प्रशस्त करता है जो भविष्य को संवार देती है। किसलय तिवारी ने कहा कि हम और हमारा व्यक्तित्व विषय पर कहा कि हम जिस तरह से दूसरे लोगों के साथ व्यवहार करते हैं उसे हमारा व्यक्तित्व परिभाषित होता है क्योंकि हमारा व्यवहार हमारी मंशाओं और दूसरों के प्रति हमारी भावनाओं को दर्शाता है। विनय जायसवाल ने कहा कि हमारा झारखंड प्रदेश एक वीरों की धरती है जहां प्रत्येक काल में अपनी विचारधारा संस्कृति सांस्कृतिक राष्ट्र धर्म के संरक्षण को लेकर पराक्रम दिखाया है। प्रदेश के महामंत्री बालमुकुंद सहाय हमारी वैचारिक नींव और प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने झारखंड की राजनीतिक परिदृश्य में युवाओं की भूमिका के विषय लेकर संबोधित किया। कार्यकर्ता हेतु विधि गतिविधि के विषय को कुमार हर्ष ने बताया।

### राष्ट्र की वैभव को स्थापित करने में युवाओं की भूमिका अहम : सच्चिदानंद लाल




**प्रांत** संघचालक सचिदानन्द अग्रवाल ने भी विचार परिवार और समन्वय विषय को लेकर सत्र को संबोधित किया। कहा कि आज की स्थिति में हमें लगभग सभी क्षेत्रों में सामान्य एवं विचार व्यवहार की प्रक्रिया में केंद्र में रखते हुए संगठन कार्यरत ही नहीं बल्कि प्रभावी रूप से पुन: निर्माण के कार्य को प्रबल बना सकते हैं। हमारी भूमिका बहुत ही स्पष्ट है राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के व्यापक संदर्भ जो कि क्षेत्र की आवश्यकता तथा स्वरूप के अनुसार जन संगठन खड़ा करके क्षेत्र में अपेक्षित परिवर्तन साध्य करने का प्रयास करनी है। शक्ति किसी के विरोध में नहीं, प्रतियोगिता में नहीं या वर्चस्व स्थापित करने के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पुनर्निर्माण से ही प्रेरित होती है। शिक्षा, सेवा, वंचित समाज के स्थान को कार्यरत संगठन ने सामाजोत्कर्षक के माध्यम से बहुत बड़ा कार्य खड़े किए हैं। राष्ट्र की वैभव को स्थापित करने में इतिहास के साथ साथ युवाओं की भूमिका बहुत ही बड़ी भूमिका होती है।

---

**सिविल कोर्ट परिसर में महिला विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

# महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए : पीडीजे

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नालसा, नई दिल्ली, झालसा, रांची और राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के द्वारा सिविल कोर्ट परिसर में महिला विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल, पूनम पाल और डालसा सचिव राजेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 55 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया, जिसमें 35 आशा दीदी/सहिया एवं 20 सरकारी शिक्षिकाएं भी शामिल थीं। इस मौके पर पीडीजे ने कहा कि ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। अपने अधिकार के प्रति जागरूक नहीं होने की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना ज्यादा करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सहिया और शिक्षक समाज से सीधे जुड़े होते है, ग्रामीणों के बीच इनका सिधा जुड़ाव होता है, इसलिए इन्हें लोगों को कानूनी सहायता पहुंचाने की दिशा में आगे बढ़कर कदम उठाना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जरूरतमंद लोगों के लिए हमेशा तैयार है। डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। साथ ही डीएलएसए द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि डीएलएसए द्वारा विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी दी जा रही है ताकि विद्यार्थी जागरूक होकर गलती करने से बचें एवं अपने क्षेत्र में जागरूकता लाएं। संपूर्ण सत्र के दौरान महिला अधिवक्ता इंद्रानी कुजूर एवं आकांक्षा टोप्पो ने पोक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, मातृत्व लाभ से संबंधित कानून, महिलाओं पर लैंगिक अत्याचार से संबंधित उपबंध एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संबंध में जानकारी दी गई।

# ऑनलाइन बिक्री को आसान बनाने के लिए ई–कॉमर्स टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** ओएनडीसी के मुख्य बिजनेस अधिकारी शिरीष जोशी ने आज कहा कि वर्तमान समय में ई-कॉमर्स तभी संभव है जब कोई शुरू से लेकर अंत तक की प्रक्रिया को आपस में जोड़ता है और जब खरीदार एवं विक्रेता दोनों एक ही प्लेटफॉर्म पर रजिस्टर होते हैं। यूनी कॉमर्स द्वारा आयोजित सरल सम्मेलन में 1000 से ज्यादा रिटेलर ब्रांड अपने द्वारा अपनायी जा रही प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया गया। सरल नाम से आयोजित इस सम्मेललन में ई-कॉमर्स उद्योग की वृद्धि को बढ़ावा देने में टेक्नोलॉजी की भूमिका का जश्न मनाया गया। ओएनडीसी के चीफ बिजनेस ऑफिसर श्री जोशी कहा हमने ओएनडीसी को एक फ्लेक्सिबल कैपेबिलिटी के तौर पर बनाया है जिसके कई तत्व साथ मिलकर एक-दूसरे से इंटरैक्ट करते हैं। ओएनडीसी के साथ, ई-कॉमर्स एक

■ यूनी कॉमर्स हर साल ऑनलाइन बिक्री को आसान बनाने के उद्देश्य से सरल का आयोजन करती है।

निश्चित पूर्व-परिभाषित समाधान एक फ्लेक्सिबल सिस्टम में बदल जाएगी, जहां खरीदार और विक्रेता अपनी जरूरत के आधार पर जुड़ सकेंगे। यूपीआइ का इस्तेमाल कर जिस तरह पेमेंट किए जाते हैं जहां दो पक्ष एक-दूसरे के साथ एक एकीकृत नेटवर्क पर लेकिन अलग-अलग बैंकिंग चैनलों के जरिए लेनदेन करते हैं, ओएनडीसी भी ईकॉमर्स कंपनियों एवं विक्रेताओं को ज्यादा संख्या में खरीदारों तक पहुंचने में सशक्त बनाएगा। यूनी कॉमर्स हर साल ऑनलाइन बिक्री को आसान बनाने के उद्देश्य से सरल का आयोजन करती है।

# केरल में ओणम के दौरान दूध–दही की बिक्री का रिकॉर्ड, पिछले वर्ष की तुलना में इतनी बढ़ी खपत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन को उसके ट्रेड नेम मिल्मा के नाम से जाना जाता है। यह राज्य सरकार के स्वामित्व वाली सहकारी समिति है। मिल्मा की ओर से यह भी कहा गया है कि इस वर्ष ओणम पर दही की बिक्री भी रिकॉर्ड स्तर पर रही। केरल सरकार की स्वामित वाली दुग्ध सहकारिता समिति मिल्मा ने इस वर्ष ओणम के मौके पर अब तक की रिकार्ड (अब तक सबसे अधिक) दूध, दही और उससे बने उत्पादों की बिक्री की है। इस वर्ष ओणम का त्योहार चार से सात सितंबर के बीच मनाया मनाया गया। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष इस दौरान दूध और उससे बने उत्पादों की बिक्री में बड़ी वृद्धि हुई है। मिल्मा की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान कुल 94,59,576 लीटर दूध की बिक्री की गई जो पिछले वर्ष के ओणम की तुलना में 11.12% अधिक है। आठ सितंबर को थिरूवोणम के दिन सबसे अधिक 35,11,740 लीटर दूध की बिक्री की गई। इस दिन दूध की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 7.03% की वृद्धि दर्ज की गई। बता दें कि केरल को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन को उसके ट्रेड नेम मिल्मा के नाम से जाना जाता है। यह राज्य सरकार के स्वामित्व वाली सहकारी समिति है। मिल्मा की ओर से यह भी कहा गया है कि इस वर्ष ओणम पर दही की बिक्री भी रिकॉर्ड स्तर पर रही।

# अमेजॉन बिजनेस का 12 से 18 सितंबर तक लघु बिजनेस सप्ताह

**नयी दिल्ली।** भारत में परिचालन के पांच वर्ष पूर्ण होने के मौके पर अमेजॉन बिजनेस ने भारत में 12 से 18 सितंबर तक अपने छोटे कारोबारी ग्राहकों के लिए सप्ताह भर चलने वाले लघु बिजनेस सप्ताह के शुभारंभ की भी घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि इस साल भारत में एमएसएमई को सशक्त बनाने के अपने पांच साल पूरे कर लिए हैं और उन्हें उनके बिजनेस को अधिक कुशलता से चलाने में मदद की। छोटे और मझोले बिजनेस को सशक्त बनाने के पांच साल पूरे होने के मौके पर 'स्मॉल बिजनेस वीक' शॉपिंग इवेंट के दौरान आईटी प्रोडक्ट, ऑफिस सप्लाई व फर्निशिंग, मैंटेनेंस, रिपेयर एवं ऑपरेशन्स प्रोडक्ट, सेफ्टी इक्विपमेंट और अन्य पर ऑफर पेश किए गये हैं। कंपनी के निदेशक सुचित सुभाष ने कहा, भारत में अपने कारोबार के बीते पांच वर्षों में अपने ग्राहको और एमएसएमई सेलिंग पार्टनरों से मिले समर्थन के लिए हम उनका आभार प्रकट करते हैं। हम बिजनेस ग्राहकों की ओर से इनोवेशन को जारी रखेंगे और उन्हें सशक्त बनाने और उनके बिजनेस को अधिक कुशलता से चलाने के लिए नए प्रोडक्ट पेश करेंगे। हम भारत में अपनी पांचवीं वर्षगांठ मनाने के लिए ग्राहकों और विक्रता साझेदारों के साथ टॉप ब्रांडों की विभिन्न कैटेगरी के प्रोडक्टों की रेंज से चुने गए प्रोडक्टों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई डील्स और ऑफर के साथ जश्न मनाने जा रहे हैं।


## Office of the Executive Engineer
## Road Construction Department
### Road Division, Garhwa

(e-procurement Notice)

**Very Short Notice Inviting Tender**

e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/900/2022-23

Date:- 09.09.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | **Consultancy services for preparation of Detailed project report for Reconstruction/ Widening & Strengthening of NH-75 near Namdhari College, Garhwa to NH-343 Pachpadwa via Korwadih, Chama Road (Total Length 20 km.) under R.C.D., Road Division, Garhwa including replacement of culverts and bridges, construction of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Plan including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Plan and Forest Diversion Proposal etc as required, at Garhwa in the state of Jharkhand. Tentative Length -20 Km. (Intermediate Lane Specification)** |
| 2. | Time of Completion | 30 (Thirty) Days. |
| 3. | Last date/Time for receipt of bids | 27-09-2022, 15.00 P.M. |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 19-09-2022, 17.00 P.M. |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 6. | Contact no. of Procurement officer | **06561-295161** |
| 7. | Helpline number of e-Procurement cell | **0651-2401010** |

**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Road Construction Department**
**Road Division, Garhwa**

PR 277452 Road (22-23)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

Email:- rdsd.chatra@rediffmail.com, Tel:- 06541-296126

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा श्री परमान्नद सिंह, ग्राम–सिमरिया, पो0–सिमरिया, जिला–चतरा को सूचित किया जाता है कि कल्याण मद अंतर्गत चतरा जिला के प्रखण्ड–लावालौंग में अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय परिसर लावालौंग में 50 शैय्या वाले आदिम जनजाति (बिरहोर) का छात्रावास निर्माण का एकरारनामा संख्या–106F$_2$(SBD)/2011-12 दिनांक–23.11.2011 को आपके द्वारा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार दिनांक–22.11.2012 तक उक्त छात्रावास भवन को पूर्ण किया जाना था। एकरारनामा के अनुसार पूर्ण करने की तिथि से लगभग 09 वर्श 08 माह का समय बीत चुका है। अभी तक आपके द्वारा मात्र 62% ही कार्य संपन्न किया गया है। स्पष्टतया निर्माण कार्य बंद है। साथ ही आपको अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा अनेको बार स्थल पर कार्य विशिष्टियों के अनुरूप करने तथा कार्य में प्रगति लाते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निदेशित किया जाता रहा है परन्तु आपके द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया गया। इस कार्यालय के पत्रांक–493 दिनांक–10.03.2022 के द्वारा आपको कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आपके द्वारा अभ्यावेदन दिनांक–15.06.2022 द्वारा यह अवगत कराया गया कि उक्त कार्य में ससमय निधि उपलब्ध नहीं रहने के कारण मेरे द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका एवं वर्तमान समय में सामग्रियों के दर बढ़ जाने के कारण पूराने दर पर अब कार्य करना संभव नहीं होगा।

प्रेस विज्ञप्ति (PR No.-274378 Rural Development(22-23).D के माध्यम से आपको सूचित किया गया था कि आप अथवा आपके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि दिनांक–04.08.2022 के पूर्वाह्न 11:00 बजे कार्य स्थल पर उपस्थित रहकर श्री मिथिलेश कुमार साह, सहायक अभियंता/श्री आलोक कुमार चौधरी, सहायक अभियंता एवं श्री संजय कुमार दास, कनीय अभियंता से उपरोक्त छात्रावास भवन के कृत कार्य का अंतिम मापी करा लेना सुनिश्चित करेंगे। परन्तु उक्त छात्रावास भवन के Ground Floor पर स्थित एक हॉल में ताला लगे रहने के कारण हॉल के अंदर का मापी नहीं हो सका। दिनांक–19.09.2022 को आप या आपके प्रतिनिधि उपस्थित होकर उक्त छात्रावास भवन के Ground Floor पर स्थित एक हॉल में ताला खोलना सुनिश्चित करें ताकि अंतिम मापी लिया जा सके।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
चतरा।

PR 277458 (Rural Development) 22-23 (D)

## कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

### वित्तीय वर्ष 2021–22 में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के Ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2021–22 का **Status "Pending at DA Officer"** है, आवेदन पेंडिंग होने पर पेडिंग होने का कारण दिया गया है। अपने Login id एवं Password का उपयोग करते हुए संबंधित कागजात की मूल प्रति को पोर्टल पर दिनांक **15 सितम्बर 2022** तक निश्चित रूप से अपलोड/सुधार करते हुए आधार न0 को बैंक खाता से लिंक/सक्रिय (Active) करा लें। **चूंकि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।**

उक्त तिथि के पश्चात् ई–कल्याण पोर्टल बंद हो जाएगा, जिस कारण से छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट (uidai.gov.in→ Aadhaar Services→ Check Aadhaar/Bank Linking Status (https://resident.uidai.gov.in/bank-mapper) से अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services→ Student Services→ Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 277503 Lohardaga(22-23).D

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

### नोटिस
### जिला परिषदीय दुकानों के बकायेदार हेतु आवश्यक सूचना

दिनांक 14.07.2021 को सम्पन्न कार्यकारी समिति, जिला परिषद, पलामू की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में कार्यालय ज्ञापांक 633/दिनांक 29.10.2021 एवं ज्ञापांक 705/दिनांक 07.12.2021 द्वारा जिला परिषदीय सैरात के सभी बकायेदारों को सम्पूर्ण बकाया राशि जमा करने हेतु प्रेस नोटिस निर्गत किया गया है। परन्तु कुछ बकायेदारों द्वारा कोई रूची नहीं ली गई। इससे स्पष्ट होता है कि बकाया किराया जमा करने हेतु इनकी कोई मंशा नहीं है।

अतः बाध्य होकर अधिकतम राशि के बकायेदारों को अंतिम नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.09.2022 तक अपना संपूर्ण बकाया किराया जमा कर दें अन्यथा संबंधित दुकानों को सील कर नये आवेदकों को आवंटित कर दिया जायेगा एवं आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

प्रखण्ड सदर मेदिनीनगर (कचहरी परिसर) अन्तर्गत अधिकतम राशि के बकायेदारों की सूची निम्नवत है :–

| क्र0 | दुकान नम्बर | आवंटी का नाम | बकाया अवधि | कुल माह | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | A-11 | सरस्वती कुमारी देवी पति रमेश कुमार मिस्त्री | अप्रैल 2021 से सितम्बर 2022 तक | 17 | 14280.00 |
| 2 | A-16 | नीलिमा देव पति चन्द्रशेखर सिंह | नवम्बर 2020 से सितम्बर 2022 तक | 23 | 19320.00 |
| 3 | A-17 | सोनू कुमार सिंह पिता रामानुग्रह सिंह | मार्च 2020 से सितम्बर 2022 तक | 31 | 40920.00 |
| 4 | B-10 | अनिल कुमार पिता चन्द्रमणि चौबे | फरवरी 2021 से सितम्बर 2022 तक | 20 | 22400.00 |
| 5 | C-01 | राजीव रंजन कु0 पाण्डेय पिता मनेजर पाण्डेय | अक्टूबर 2021 से सितम्बर 2022 तक | 12 | 5808.00 |
| 6 | C-06 | अमर कुमार पिता बबन राम | सितम्बर 2021 से सितम्बर 2022 तक | 13 | 17160.00 |
| प्रखण्ड सदर मेदिनीनगर (सद्दीक चौक) अन्तर्गत अधिकतम राशि के बकायेदारों की सूची। | | | | | |
| 1 | D-11 | सनाउल्लाह अंसारी | अप्रैल 2019 से सितम्बर 2022 तक | 42 | 46200.00 |
| 2 | D-23 | ओम प्रकाश | जनवरी 2019 से सितम्बर 2022 तक | 45 | 49500.00 |
| 3 | D-29 | भुनेश्वर प्रसाद पिता रामचन्द्र साव | जून 2019 से सितम्बर 2022 तक | 40 | 35200.00 |
| 4 | D-34 | उपेन्द्र भारती | जनवरी 2020 से सितम्बर 2022 तक | 33 | 36300.00 |
| 5 | D-35 | शेख मोहम्मद नेशार | जनवरी 2019 से सितम्बर 2022 तक | 45 | 49500.00 |
| 6 | D-37 | केदार नाथ | फरवरी 2021 से सितम्बर 2022 तक | 20 | 22000.00 |
| 7 | E-01 | इमरान खान पिता तारीफ खान | जनवरी 2021 से सितम्बर 2022 तक | 21 | 14700.00 |
| 8 | E-08 | मो0 जावेद अख्तर पिता अब्दुल कयूम | अगस्त 2021 से सितम्बर 2022 तक | 14 | 9800.00 |
| 9 | E-13 | सरफुद्दीन अंसारी पिता वादी मियां | अगस्त 2019 से सितम्बर 2022 तक | 36 | 25200.00 |
| 10 | E-16 | उपेन्द्र कुमार पिता गोपाल प्रसाद | जुलाई 2019 से सितम्बर 2022 तक | 39 | 20475.00 |
| 11 | E-17 | प्रदीप कुमार सिंह पिता गुप्तेश्वर प्रसाद सिह | मार्च 2021 से सितम्बर 2022 तक | 19 | 13300.00 |
| 12 | E-18 | दीपक कुमार सिंह पिता राजकिशोर सिंह | जुलाई 2019 से सितम्बर 2022 तक | 39 | 27300.00 |
| 13 | E-19 | दिनेश कुमार सिंह पिता राजकिशोर सिंह | जनवरी 2021 से सितम्बर 2022 तक | 21 | 14700.00 |
| 14 | E-21 | सुनील कुमार पिता रामजी प्रसाद | जनवरी 2021 से सितम्बर 2022 तक | 21 | 14700.00 |
| 15 | E-22 | महेश कुमार रवि पिता बच्चू राम | अगस्त 2021 से सितम्बर 2022 तक | 14 | 6076.00 |
| 16 | E-26 | रामचन्द्र तिवारी पिता महेन्द्र तिवारी | जुलाई 2019 से सितम्बर 2022 तक | 39 | 27300.00 |
| 17 | E-31 | मुजरत खातून पिता रसीद मियां | मार्च 2021 से सितम्बर 2022 तक | 19 | 10640.00 |
| 18 | E-38 | राजेश कुमार पिता रामेश्वर राम | अक्टूबर 2018 से सितम्बर 2022 तक | 48 | 33600.00 |
| 19 | E-42 | संगीता सिन्हा पति मनोज कुमार सिन्हा | जनवरी 2021 से सितम्बर 2022 तक | 21 | 14700.00 |

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 277490 (District)22-23*D

## कार्यालय नगर परिषद, चतरा।

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 03/2022–23

1. कार्यालय का नाम :– नगर परिषद, चतरा।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, चतरा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 21.09.2022 को कार्यालय अवधि तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.09.2022 को 3:00 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.09.2022 को 3:30 बजे अपराहन्।
6. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय नगर परिषद, चतरा।
7. परिमाण विपत्र की राशि घट :– बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि भी घट–बढ़ सकती है।

| क्र0 | कार्य का नाम | वार्ड नं0 | परिमाण विपत्र की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of three tube well of 125 mm x 115 mm dia x 60 mtr deep (av) drilled tube well complete with installation of india mark-ii hand pump with 32 mm dia medium class g. i. Riser pipe by dth rig machine, with 125 mm blue upvc casing pipe, including platform & drain etc. under Nagar Parishad, Chatra | 02,08,14 | 242758.25 | 1000.00 | 4900.00 | 01 माह |
| 02 | Supply, Repairing, Installation, Commissioning and Testing of 240 W LED Flood Light installation in 03 Pole (16 mtr) (1. Bus Stand Chatra 2. Vikash Bhawan Gate & 3. Post Office Chowk) under Nagar Parishad Chatra. | 01,08,17 | 685642.54 | 5000.00 | 13750.00 | 01 माह |
| 03 | Supply of Hand Pump Spare Parts at Nagar Parishad Chatra | – | 690248.08 | 5000.00 | 13850.00 | 15 दिन |

नोटः– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, चतरा।

PR 277506 Urban Development(22-23)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :– 09/2022-23 (अतिअल्पकालिक निविदा)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 19.09.22 से 20.09.22 तक कार्यालय अवधि में। (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 21.09.2022 को कार्यालय अवधि में 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 21.09.2022 को 03:30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति/खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. सं. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुन्दा | 1. पंचायत–नवादा, ग्राम–सिन्दुरिया में बचकुम टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। 2. पंचायत–नवादा, ग्राम–सिन्दुरिया में खुटवलिया में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। | 1816344.00 | 37000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | कुन्दा | 1. पंचायत–सिदकी, ग्राम–हिन्दीयाकला में बिरहोर टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। 2. पंचायत–नवादा, ग्राम–बनियाडीह में युपीएस टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। | 1816344.00 | 37000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | कुन्दा | 1. पंचायत–बोधाडीह, ग्राम–हारूल में खास टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। 2. पंचायत–बोधाडीह, ग्राम–करिलगढ़वा में गंझु टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 1195708.00 | 24000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 4 | कान्हाचटटी | 1. पंचायत–चिरीदिरी, ग्राम–कान्हाकला में रामनगर प्ले ग्राण्उड टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। 2. पंचायत–कोल्हैया, ग्राम–गेरी में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 1195708.00 | 24000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 5 | चतरा | 1. पंचायत–पाराडीह, ग्राम–सजना में ब्लॉक ऑफिस कैम्पस में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। 2. पंचायत–ब्रहमणा, ग्राम–कोरचा में खास टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। | 1816344.00 | 37000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 6 | चतरा | पंचायत–ब्रहमणा, ग्राम–कोरचा में भुईयां टोला में मिनी वाटर सप्लाई योजनान्तर्गत सोलर आधारित नये एचवाइडीटी का अधिष्ठापन कार्य। | 908172.00 | 19000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 7 | चतरा | 1. पंचायत–डाढ़ा, ग्राम–बेरियाँ में उपर बेरिया मे एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 2. पंचायत–ब्रहमणा, ग्राम–भांग में दुम्ही में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 3. पंचायत–बरेनी, ग्राम–लुटु में मसुरिया तरी में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 4. पंचायत–पाराडीह, ग्राम–सजना में बीडीओं रेसिडेंस के पास एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 5. पंचायत–गोढ़ाई, ग्राम–फरेंदा में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 1437680.00 | 29000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 8 | चतरा | पंचायत–चतरा, ग्राम–चतरा में सदर अस्पताल चतरा में एचवाईडीटी के साथ 2000 लीटर क्षमता वाले वाटर स्टोरेज टैंक पर आधारित वाटर एटीएम सोलर का निर्माण। (3 अदद) | 4526937.00 | 91000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 9 | हण्टरगंज | 1. पंचायत–तिलहेत, ग्राम–लुटा में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 2. पंचायत–तिलहेत, ग्राम–फटा में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 575072.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 10 | पत्थलगडडा | 1. पंचायत–नेराल, ग्राम–नेराल में डेका टांड में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 2. पंचायत–नेराल, ग्राम–नेराल में टांगा गढ़ा में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 3. पंचायत–नेराल, ग्राम–नेराल में घामा पहाड़ में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 4. पंचायत–नेराल, ग्राम–रतरूआ में पचम्बा में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 5. पंचायत–नेराल, ग्राम–जोरी में किटापीरी में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 6. पंचातय–नावाडीह डमौल, ग्राम–नावाडीह में कुम्का टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 7. पंचायत–नावाडीह डमौल, ग्राम–मरंगा में हेथ टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 2012752.00 | 41000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 11 | लावालौंग | 1. पंचायत–सिलदाग, ग्राम–टिकुलिया में स्कुल टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 2. पंचायत–हेडुम, ग्राम–ओरी में खास मे एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 3. पंचायत–रिमी, ग्राम–टिकदा में स्कुल टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 4. पंचायत–कटिया, ग्राम–रतनाग में खास मे एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 5. पंचातय–कटिया, ग्राम–बाराडीह में खास मे एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 1437680.00 | 29000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 12 | सिमरिया | 1. पंचायत–चोपे, ग्राम–बेइस में पश्चिम आवासी टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 2. पंचायत–चोपे, ग्राम–बेइस में पुरब आदिवसी टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 3. पंचायत–पुण्डरा, ग्राम–सिकरी में खास मे एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 4. पंचायत–जिरवाखूर्द, ग्राम–अरेगढ़ा में चटनिया गोसाई में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। 5. पंचायत–पुण्डरा, ग्राम–सिकरी में देवी मंडप टोला में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 1437680.00 | 29000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 13 | टण्डवा | पंचायत–पदुमपुर, ग्राम–लेम्बुआ में खास में एचवाईडीटी कुप का निर्माण। | 287536.00 | 6000.00 | 750.00 | 03 माह |

निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट में देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभिंयता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

PR 277515 Rural Development (22-23)_D

# जलवायु परिवर्तन से बढ़ती मुश्किलें

संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आइपीसीसी) ने भी पाया था कि मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन प्रकृति में खतरनाक और व्यापक व्यवधान पैदा और दुनिया भर के अरबों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। पैनल ने अपनी इस साल की रिपोर्ट में कहा कि चरम मौसम की घटनाओं के चलते लाखों लोगों को गंभीर भोजन और पानी की असुरक्षा का सामना करना पड़ा है, खासकर अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिकों, छोटे द्वीपों और आर्कटिक में। ग्रीनलैंड और अंटार्कटिक में पिघलती बर्फ अगामी कुछ दशकों में इस धरती पर प्रलय का नजारा दिखा सकती है। पाकिस्तान में आई भीषण बाढ़ और चीन में भंयकर सूखा इसकी एक छोटी झांकी भर है। ग्लोबल वार्मिंग न हो तब भी यह उन इलाकों को डुबो देगी, जहां आज करोड़ों लोगों का बसेरा है। अब सब कुछ इस पर निर्भर है कि इंसान बढ़ती गर्मी को रोकने के लिए क्या कुछ कर पाता है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पृथ्वी पर सागरों के उभार का सबसे प्रमुख कारक है। आर्कटिक क्षेत्र में गर्मी धरती के बाकी क्षेत्रों की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। 'नेचर क्लाइमेट चेंज' में छपे नये अध्ययन में ग्लेशियर विज्ञानियों ने बताया है कि भविष्य में जीवाश्म ईंधन का प्रदूषण और बढ़ती गर्मी ग्रीन लैंड के बर्फ की चादर के आयतन का 3.3 फीसद पिघला देगी। नतीजतन सागर का जल स्तर 27.4 सेंटीमीटर तक बढ़ जायेगा। इससे दुनिया का नक्शा बदल जायेगा। नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्ष 2100 तक सागरों में तीन से चार फीट पानी अकेले ग्रीनलैंड में पिघलने वाली बर्फ से बढ़ सकता है। इतना पानी दुनिया के कई हिस्सों को डुबोने के लिए काफी होगा। इसका मतलब है कि फिलहाल सागर का जलस्तर बढ़ने का माडल कहीं पीछे छूट जायेगा। गर्मी और न बढ़े, तो भी तबाही आयेगी। हैरत में डालने वाले ये नतीजे भी सबसे कम नुकसान वाली स्थिति को बता रहे हैं, क्योंकि इनमें भविष्य की गर्मी के असर का हिसाब नहीं जोड़ा गया है। नेशनल जियोलाजिकल सर्वे आफ डेनमार्क ऐंड ग्रीनलैंड के प्रमुख लेखक जेसान बाक्स के अनुसार ग्रीनलैंड के आसपास की जलवायु का गर्म होना जारी रहेगा। आज दुनिया में जगह-जगह बाढ़, सूखा, जंगल की आग, कटिबंधीय क्षेत्रों में तूफान आदि की तीव्रता और आवृत्ति बढ़ने का कारण खत्म होते जंगलों और जीवाश्व ईंधन से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडल में बढ़ती मात्रा है। इसमें कोई शक नहीं कि ग्रीष्म लहर भी ग्लोबल वार्मिंग का एक प्रत्यक्ष प्रभाव है। यूरोप के ठंडे मुल्कों में रिकार्ड गर्मी के बाद, चीन भी अभूतपूर्व गर्मी और सूखे के दौर से गुजर रहा है। इन दिनों भारत और उसके आसपास के देशों में कहीं भंयकर बारिश तो कहीं कम वर्षा से सूखे का भारी संकट है। पाकिस्तान भीषण बाढ़ की चपेट में है।

> **अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पृथ्वी पर सागरों के उभार का सबसे प्रमुख कारक है। आर्कटिक क्षेत्र में गर्मी धरती के बाकी क्षेत्रों की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। 'नेचर क्लाइमेट चेंज' में छपे नये अध्ययन में ग्लेशियर विज्ञानियों ने बताया है कि भविष्य में जीवाश्म ईंधन का प्रदूषण और बढ़ती गर्मी ग्रीन लैंड के बर्फ की चादर के आयतन का 3.3 फीसद पिघला देगी। नतीजतन सागर का जल स्तर 27.4 सेंटीमीटर तक बढ़ जायेगा। इससे दुनिया का नक्शा बदल जायेगा। नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्ष 2100 तक सागरों में तीन से चार फीट पानी अकेले ग्रीनलैंड में पिघलने वाली बर्फ से बढ़ सकता है।**

इस साल उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच यूरोप में प्रचंड गर्मी पड़ने की खबरें आईं। चीन इस साल भीषण गर्मी की समस्या से जूझ रहा है। बताया जा रहा है कि इस साल चीन में इकसठ सालों में सबसे भयंकर गर्मी पड़ी है। तेजी से बढ़ते तापमान को देखते हुए लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी गई है। वहां बारिश न होने की वजह से कई इलाकों में भयंकर सूखा पड़ गया है। चीन की लाइफलाइन कहलाने वाली सबसे लंबी यांग्त्जी नदी लगभग सूख चुकी है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव को लेकर विशेषज्ञों की राय है कि ग्रीष्म लहर वैश्विक ताप का सीधा और स्पष्ट पैमाना बन गया है। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आइपीसीसी) ने भी पाया था कि मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन प्रकृति में खतरनाक और व्यापक व्यवधान पैदा कर और दुनिया भर के अरबों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। पैनल ने अपनी इस साल की रिपोर्ट में कहा कि चरम मौसम की घटनाओं के चलते लाखों लोगों को गंभीर भोजन और पानी की असुरक्षा का सामना करना पड़ा है, खासकर अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिका में, छोटे द्वीपों और आर्कटिक में। 3.6 अरब लोग जलवायु परिवर्तन की चपेट में हैं। रिपोर्ट ने अपनी चेतावनी में यह कहते हुए जोड़ा कि दुनिया अगले दो दशकों में 1.5 डिग्री सेल्सियस की ग्लोबल वार्मिंग के साथ कई अपरिहार्य जलवायु खतरों का सामना कर रही है, जिसमें कहा गया है कि इस बढ़ते तापमान के कुछ परिणाम अपरिवर्तनीय होंगे। बढ़ी हुई ग्रीष्म लहर, सूखा और बाढ़ पहले से ही पौधों और जानवरों की सहनशीलता की सीमा से अधिक है, जिससे पेड़ों और मूंगा जैसी प्रजातियों में बड़े पैमाने पर मृत्यु दर बढ़ रही है। इससे लाखों लोगों को, विशेष रूप से अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिका, छोटे द्वीपों और आर्कटिक में भोजन और पानी की असुरक्षा रेखांकित हुई है। आइपीसीसी की रिपोर्ट में आग्रह किया गया है कि 'जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है, साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में तेजी से, गहरी कटौती करनी होगी।' आइपीसीसी के अध्यक्ष होसुंग ली ने कहा है कि 'यह रिपोर्ट निष्क्रियता के परिणामों के बारे में एक गंभीर चेतावनी है। यह दर्शाता है कि जलवायु परिवर्तन हमारी भलाई और एक स्वस्थ ग्रह के लिए गंभीर और बढ़ता खतरा है। आज हमारे कार्य तय करेंगे कि लोग कैसे रहेंगे और प्रकृति बढ़ते जलवायु जोखिमों के प्रति क्या प्रतिक्रिया करेगी।' 'नेचर क्लाइमेट चेंज' में छपी रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि सागर के जलस्तर का बढ़ना अठहत्तर सेंटीमीटर तक जा सकता है। ऐसे में तटों के आसपास के निचले इलाकों का बड़ा हिस्सा डूब जायेगा, साथ ही बाढ़ और आंधियां बढ़ जाएयेगी। बाक्स और उनके साथियों ने इस बार कंप्यूटर माडल के बजाय दो दशक में लिए गए मापों और निगरानी के आंकड़ों का इस्तेमाल कर यह पता लगाने की कोशिश की कि ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पहले जो गर्मी झेल चुकी है, उसके आधार पर कितना बदलेगी। बर्फ की चादर के ऊपरी हिस्से को हर साल बर्फबारी से भर जाना होता है। हालांकि 1980 के बाद से ही यह इलाका बर्फ की कमी से जूझ रहा है। जितनी बर्फ हर साल गिरती है, उससे कहीं ज्यादा पिघल जा रही है। बाक्स का कहना है कि शोधकर्ताओं ने जिस सिद्धांत का इस्तेमाल किया उसे आल्प्स के ग्लेशियरों में हुए बदलाव की व्याख्या करने के लिए तैयार किया गया था। इससे जाहिर है कि अगर ग्लेशियर पर ज्यादा बर्फ जमा होगी तो निचले हिस्से का विस्तार होगा। ग्रीनलैंड के मामले में कम हुई बर्फ के कारण निचला हिस्सा सिकुड़ रहा है, क्योंकि ग्लेशियर नई परिस्थितियों के हिसाब से खुद को संतुलित करते हैं। आइपीसीसी के एक और विशेषज्ञ गेरहार्ड क्रिनर का कहना है कि जो जानकारी मिली है वह समुद्री जलस्तर के बारे में ज्यादा जटिल मॉडलों से कुल मिला कर मिली जानकारी से मेल खाती है। हालांकि वे इस पर सवाल जरूर उठाते हैं कि यह सब कुछ क्या इसी शताब्दी में हो जायेगा। क्रिनर के अनुसार यह काम हमें ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पर लंबे समय यानी कई सदी में होने वाले असर का आकलन देता है, लेकिन इस शताब्दी में होने वाले कम से कम असर का नहीं। दुनिया औद्योगिक काल के पहले की तुलना में औसत रूप से 1.2 डिग्री सेल्सियस गर्म हो चुकी है। इसके नतीजे में लू और ज्यादा तेज आंधियों का सिलसिला बढ़ गया है। पेरिस जलवायु समझौते के तहत दुनिया के देश गर्मी को दो डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने पर सहमत हुए हैं। आइपीसीसी ने अपनी रिपोर्ट में बढ़ती गर्मी का जलवायु पर पड़ने वाले असर के बारे में कहा है कि अगर गर्मी में इजाफे को दो से ढ़ाई डिग्री तक पर भी सीमित कर लिया जाए तो इसी सदी में पच्चीस मेगासिटी के निचले इलाके इसकी चपेट में आएंगे। इन जगहों पर 2010 तक 1.3 अरब लोग रहते थे।

**■ निरंकार सिंह**

## एक नजर इधर भी

### आत्मघाती समय के विरोध में

तेज बारिश की वह शाम हम सबके अंदर गहरे तक पैठ चुकी थी। प्रकृति, पर्यावरण और जीवन की रूमानी चर्चा के बीच एक जहीन महिला ने कहना शुरू किया- 'हमारे यहां लोग कितने पाखंडी हैं कि वे आत्महत्या को कायरों का काम बताते हैं। भला अपने हाथों से ही तकलीफ बर्दाश्त करने वालों को डरपोक कैसे कहा जा सकता है? इसके लिए हिम्मत चाहिए।' उनकी इस बात से मैं 'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो' की ताजा रिपोर्ट पर सोचने को मजबूर हो गया। गये साल यानी 2021 में भारत में आत्महत्या की घटनाओं में 7.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान एक लाख 64 हजार से अधिक आत्महत्या के मामले दर्ज किये गये। 1967 से अब तक खुदकुशी की यह सबसे ऊंची दर है। आंकड़ों की गहन पड़ताल इस तर्क को बिना सिर-पैर का साबित करती है। यह सच है कि आत्मघात की थोड़ी-बहुत प्रवृत्ति हर मनुष्य में पाई जाती है। पिछले कुछ सालों में जिस तरह आचार-विचार और व्यवहार में परिवर्तन आया है, उसने इस आदिम अवगुण को काफी बढ़ावा भी दिया है। यही वजह है कि आर्थिक बदहाली के कारण अपनी जीवन-लीला समाप्त करने वाले पुरुषों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इनमें सबसे बड़ा तबका दिहाड़ी मजदूरों का है। कुल आत्महत्या करने वालों में एक चौथाई से ज्यादा इसी वर्ग से थे। यही नहीं, स्वरोजगार के जरिये खुद को भौतिक तौर पर आगे बढ़ाने के आकांक्षी लोगों में भी यह प्रवृत्ति घर कर गई है। कुल आंकड़ों में इस वर्ग के लोगों की संख्या 12.3 फीसदी है, जो चौंकाती है। हालांकि, घरेलू हिंसा और कलह सबसे बड़ी वजह के तौर पर उभर रहे हैं। क्या 'न्यूक्लियर फैमिली' के पनपते चलन से हमारी हजारों साल पुरानी और बेहद मजबूत मानी जाने वाली विवाह संस्था पर दीमक लग गया है? जिस तेजी से हमारे देश में तलाक के मामले बढ़ रहे हैं, उससे तो यही लगता है। हालात इतने विकराल हैं कि हर जनपद में परिवार न्यायालयों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। बेंगलुरु में पहले सिर्फ एक परिवार न्यायालय हुआ करता था। बढ़ते मुकदमों के कारण उन्हें बढ़ाकर तीन तक पहुंचा दिया गया, फिर भी मुकदमे अपने निस्तारण के लिए लंबी बाट जोहने को अभिशप्त हैं। तमाम समाजशास्त्री मानते हैं कि 1991 के बाद से भारत में गरीबी उन्मूलन का शानदार काम तो हुआ, पर साथ-साथ अभिलाषाओं, आकांक्षाओं और उन्हें पाने की ललक में भी बेतहाशा बढ़ोतरी हुई। कृषि व्यवस्था विशाल ग्रामीण आबादी का पेट नहीं भर सकती थी, इसीलिए लोगों को तेजी से नगरों और महानगरों में जलावतनी काटने के लिए विवश होना पड़ा। यह अनवरत तौर पर चलने वाला सिलसिला आबादी के इस विशाल तबके के 'वैल्यू सिस्टम' को उलट-पुलट कर देता है। अवसाद बढ़ने का एक बड़ा कारण यह भी है। 2020 के मध्य में अत्याधुनिक स्मार्ट तकनीक पर आधारित स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'जीओक्यूआईआई' ने अपने एक सर्वे में पाया था कि 43 फीसदी भारतीय किसी न किसी कारण से अवसाद के शिकार हैं। क्या आपको यह आंकड़ा चौंकने पर बाध्य नहीं करता? कोई आश्चर्य नहीं कि अपेक्षाकृत अमीर समझे जाने वाले प्रदेशों में अपनी जीवनलीला खुद समाप्त करने की प्रवृत्ति अधिक पाई जाती है। देश के 53 बड़े शहरों में होने वाली कुल घटनाओं का 35 प्रतिशत सिर्फ चार शहरों में दर्ज किया गया। ये शहर हैं- दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु। इन महानगरों और उनके उपनगरों में बड़ी संख्या में बाहर से आए लोग बसते हैं। उनकी अपेक्षाओं और अवसरों के बीच जब तालमेल में कमी रह जाती है, तब वे इस तरह के अतिवादी कदम उठाने पर मजबूर हो जाते हैं। यहां यह भी गौरतलब है कि देश की राजधानी में इस साल कम घटनाएं हुईं, फिर भी वह अव्वल नंबर पर है। सवाल उठता है कि क्या सिर्फ भारत में ऐसा हो रहा है? जी नहीं, दुनिया का हाल तो और भी बदहाल है। ताजा वैश्विक आंकड़े गवाह हैं कि बेल्जियम, जापान, चीन, स्वीडन, दक्षिण कोरिया और रूस जैसे संपन्न माने जाने वाले देशों में आत्महत्या करने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

**- शशि शेखर**

# क्या अब रूस लगा रहा पश्चिम पर पाबंदियां

जब रूस ने फरवरी में यूक्रेन पर हमला बोला, तब अमेरिका और उसके नैटो सहयोगियों ने उस पर कड़े प्रतिबंध लगाये। उन्होंने अपने यहां रूस के विदेशी मुद्रा भंडार को फ्रीज कर दिया। यानी रूस का जो पैसा उनके यहां के बैंकों व संस्थानों में रखा था, उसे निकालने पर रोक लगा दी गई। रूस को अंतरराष्ट्रीय पेमेंट सिस्टम स्विफ्ट से भी बाहर कर दिया गया। इन पाबंदियों का मकसद रूस से तेल, गैस, कृषि उत्पादों और पैलेडियम का निर्यात कम करना था।

> **पश्चिमी देशों ने रूस पर पाबंदी यह सोचकर लगाई थी कि इससे वह तेल और गैस का निर्यात नहीं कर पायेगा। लेकिन जल्द ही पता चल गया कि रूस के तेल और गैस पर यूरोप की निर्भरता इतनी अधिक है कि वह तुरंत इसकी सप्लाई नहीं रोक सकता। अब वह इस साल के अंत तक रूस से इनकी खरीदारी रोकने की बात कर रहा है। नैटो को इसका अंदाजा भी नहीं था कि दर्जनों देश यूक्रेन युद्ध को लेकर निष्पक्ष रवैया अपनायेंगे और वे रूस की आलोचना के लिए संयुक्त राष्ट्र में लाये गये प्रस्तावों पर उसका साथ नहीं देंगे।**

**बाजी रूस के हाथ** आर्थिक जानकारों ने कहा था कि इन पाबंदियों से रूस के जीडीपी में 15 फीसदी तक की गिरावट आयेगी, जिससे वह तबाह हो जायेगा। लेकिन आज हालात बिल्कुल उलट हैं। अब तो रूस नैटो पर पाबंदियां लगा रहा है और उसने सदस्य देशों को गैस की सप्लाई घटा दी है। इससे यूरोपीय देशों को अप्रत्याशित ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ रहा है। गैस और बिजली की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण यूरोपीय देश अपने नागरिकों को भारी सब्सिडी देने पर मजबूर हुए हैं। उनकी इकॉनमी गहरी मंदी में चली गई है। इससे सरकारी खर्च का हिसाब-किताब गड़बड़ा जायेगा। यूरोप और ब्रिटेन के लिए आने वाला वक्त बहुत मुश्किल रहने वाला है। यूक्रेन युद्ध की वजह से एलएनजी की बढ़ी कीमतों की मार जापान, चीन, भारत सहित इसका आयात करने वाले सभी देशों पर पड़ी है, जिससे मायूसी बढ़ रही है। हां, रूस के कंस्यूमर्स पर इन सबका असर नहीं पड़ा है। इसमें कोई शक नहीं है कि पश्चिमी देशों की पाबंदियों से रूस की इकॉनमी को झटका लगा है, लेकिन यह कोई बड़ा झटका नहीं है। यह भी लग रहा है कि मंदी में जा चुके नैटो के सदस्य देशों की तुलना में रूस इससे कहीं कम प्रभावित होगा। पश्चिमी देशों ने रूस पर पाबंदी यह सोचकर लगाई थी कि इससे वह तेल और गैस का निर्यात नहीं कर पायेगा। लेकिन जल्द ही पता चल गया कि रूस के तेल और गैस पर यूरोप की निर्भरता इतनी अधिक है कि वह तुरंत इसकी सप्लाई नहीं रोक सकता। अब वह इस साल के अंत तक रूस से इनकी खरीदारी रोकने की बात कर रहा है। नैटो को इसका अंदाजा भी नहीं था कि दर्जनों देश यूक्रेन युद्ध को लेकर निष्पक्ष रवैया अपनायेंगे और वे रूस की आलोचना के लिए संयुक्त राष्ट्र में लाये गये प्रस्तावों पर उसका साथ नहीं देंगे। लेकिन यहां तो यूरोप भी रूस से तेल और गैस खरीदने पर मजबूर हुआ। इसलिए पश्चिमी देशों के लिए भारत जैसे देशों को लेकर सख्त रवैया अपनाना मुश्किल हो गया, जिन्होंने रूस से कम कीमत पर तेल खरीदने का फैसला किया। इस बाजार में कई ऐसी इकाइयां सक्रिय हैं, जो ईरान, नॉर्थ कोरिया और वेनेजुएला को अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने में अरसे से मदद करती आई हैं। यही इकाइयां अब रूस को बड़े पैमाने पर तेल बेचने में मदद कर रही हैं। इस बीच, प्रतिबंधों की वजह से ब्रेंट क्रूड की कीमत 80 डॉलर से बढ़कर 130 डॉलर तक पहुंचने के बाद अब गिरकर 95 डॉलर प्रति बैरल के करीब चल रही है। तब से कई देशों की मुद्राओं की तुलना में डॉलर करीब 20 फीसदी मजबूत हुआ है। इसलिए तेल का आयात करने वाले देशों को इसकी कहीं अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। इससे रूस को छोड़कर दुनिया भर के कंस्यूमर्स प्रभावित हुए हैं और उन देशों में मंदी की आहट सुनाई देने लगी है। जहां तक प्राकृतिक गैस की बात है, इसकी तेजी ने सबको हैरान कर रखा है। यूरोप की निर्भरता रूसी गैस पर काफी अधिक है। यूक्रेन युद्ध के बाद जब प्रतिबंध लगाये गये, तब इसके असर के बारे में बहुत सोचा नहीं गया। नैटो ने तब नॉर्डस्ट्रीम 2 पाइपलाइन का कंस्ट्रक्शन बंद करने का भी एलान किया। इस पाइपलाइन के जरिये बाल्टिक सागर होते हुए रूस से गैस जर्मनी पहुंचनी थी। लेकिन नॉर्डस्ट्रीम 1 से जो गैस आ रही थी, उस पर भी यूरोप की काफी निर्भरता थी। आर्थिक प्रतिबंध लगाये जाने के बाद से रूस इस पाइपलाइन से गैस की सप्लाई कई बार रोक चुका है।

**■ स्वामीनाथन एस अंकलेसरिया अय्यर**

## है न विचित्र बात !

### जिंपिंग जपांग लाल

एक थे जे.जे.लाल। जे.जे. का वैसे तो मतलब जग जीत था, लेकिन जिस हिसाब से उन्होंने दल बदलें है, लोग उन्हें जंपिंग जपांग लाल पुकारते थे। जंपिंग जपांग लाल नेता क्या बने हर चार पैर वाली चीज उन्हें कुर्सी ही नजर आने लगी। नाम के अनुरूप इस दल से उस दल और उस दल से इस दल में गुलाटी मारकर राजनीति के ओलंपिक्स में नए कीर्तिमान स्थापित किये। उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र के सरकस में मतदाता रूपी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। फलस्वरूप उन्हें मंत्री पद मिला। उनके लिए दुनिया की सबसे प्यारी चीज कुर्सी है। कभी कभी तो उनकी कुदृष्टि बच्चों की स्टूल पर भी पड़ जाती। उनका दृढ़ विश्वास था बैठने के लिए चीज चाहे जैसी भी हो उसे छोड़ना नहीं चाहिए। वह क्या है न कि सत्ता के खेल में एक बार उठने वाला हमेशा के लिए उठ जाता है। वे हमेशा सबसे कहते फिरते, आप चाहे तो हमारी जान माँग लीजिये लेकिन कुर्सी हरगिज नहीं। इस तरह पानी की तरह अपना चरित्र रखने वाले जंपिंग जपांग लाल अलग-अलग सत्ता रूपी बर्तनों के अनुरूप अपना आकार ढाल लेते। ढालने और गुलाटियों के चलते उनकी रीढ़ की हड्डी कब की लुप्त हो चुकी थी। एक दिन जंपिंग जपांग लाल सरकारी बंग्ले के अहाते में बैठे सुस्ता रहे थे। उनकी नजर एक बंदर पर पड़ी। वह बंदर इस घर से उस घर गुलाटी मारते हुए, कुछ देर सुस्ताते हुए इनके बंग्ले पर पहुँचा। कमाल की बात यह है कि बंदर जंपिंग जपांग लाल को देखते ही उड़न छू हो गया। उन्हें बंदर की यह हरकत पसंद नहीं आयी। बगल में खड़ी पत्नी उन्हें देखकर जोर-जोर से हँसने लगी। झल्लाए जंपिंग जपांग लाल ने हँसने का कारण पूछा तो पत्नी ने कहा, बंदर अपने बाप को देखकर नौ दो ग्यारह हो गया। जंपिंग जपांग लाल थोड़ा भड़के। कहा, तुम्हारी हँसी छूट रही है। तुम्हें पता भी यहाँ पहुँचने के लिए हमने कितनी गुलाटियाँ मारी हैं? इतना कहने पर भी पत्नी की हँसी नहीं रुक रही थी। वह और हँसने लगी। जंपिंग जपांग लाल ने पति का कवच उठा फेंका। नेताई ताव में कहा, झूठ को सच की तरह और सच को झूठ की तरह पेश करना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। जोड़नेवाले लोगों को तोड़कर और तोड़नेवाले लोगों को जोड़कर साथ चलना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। सपने दिखाकर बकरों को और घोड़ा बताकर गधों को रिझाना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। चुनाव से पहले लोगों के पैरों पर और चुनाव के बाद सिर पर चढ़ना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। बिना योग्यता के बुद्धिजीवियों को और पूरब के बजाय पश्चिम से सूरज उगाना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। पाँच साल कुछ न करना और फिर खिखियाते हुए बेशर्मों की तरह लोगों का सामना करना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। थूके को चाटना और मूते को पवित्र जल समझकर खुद पर छिड़कना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। बात-बात पर अपमानित और कदम-कदम पर चप्पल-जूते से सम्मानित होना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। तुम्हारी तरह बत्तीसी दिखाकर खी-खी हँसने लगूँ तुम गाँव में चौका-बेलन और मैं बैलों को चराता फिरता। यह सब सुन पत्नी वहाँ से रफू चक्कर हो गयी थी।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

# 2024 चुनावों के लिए बिसात अभी से बिछ गई

2024 आम चुनाव के अभी डेढ़ साल बाकी हैं। इतने वक्त में देश की सियासत कई करवटें ले सकती है। लेकिन चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष अभी से अपने-अपने हिसाब से सियासी पिच तैयार करने में जुट गये हैं। अपनी मजबूती और कमजोरी को देखते हुए दोनों खेमे आम चुनाव का अजेंडा सेट करने की भी कोशिश में हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने हालिया भाषण और रुख से साफ संदेश दे दिया है कि 2024 में गवर्नेंस और करप्शन के खिलाफ जंग को मुद्दा बनाकर अपने लिए तीसरा कार्यकाल मांगेंगे। वहीं, कांग्रेस ने भारत जोड़ो अभियान व दिल्ली में रैली करके यह संकेत दिया है कि वह महंगाई-बेरोजगारी को 2024 चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बनायेगी। ऐसे में अगले कुछ महीनों तक दोनों पक्षों की ओर से अपने अनुरूप नैरेटिव सेट करने की तमाम कोशिशें दिखेंगी। इनकी वजह से सियासी तापमान और बढ़ सकता है। एक ओर विपक्षी एकता की नये सिरे से शुरू की गई कोशिशों के बीच करप्शन के मसले को केंद्र में लाने की पहल खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। बिहार में नीतीश कुमार के पाला बदलने और उनकी विपक्षी दलों को एक करने के प्रयासों के बीच मोदी ने इसे करप्शन के खिलाफ गठबंधन बता डाला। पिछले दिनों केरल में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैंने 15 अगस्त को लाल किले से एलान किया था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का समय आ गया है। हम देख रहे हैं कि जैसे ही हमने भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की, राष्ट्रीय स्तर पर एक नया राजनीतिक ध्रुवीकरण शुरू हो गया। इन भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए कई राजनीतिक गुट खुलेआम एक-दूसरे के साथ आकर एकता दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।' **विपक्षी गठबंधन पर साधा निशाना** : यह नीतीश सहित तमाम विपक्षी दलों पर हाल के दिनों में सबसे बड़ा और सीधा प्रहार था। इसमें 2024 के लिए अजेंडा सेट करने का संदेश भी था। दरअसल, 2014 से लेकर अब तक पीएम मोदी के नेतृत्व में करप्शन और परिवारवाद को हमेशा बड़ा मुद्दा बनाया गया। 2014 में मोदी सरकार को करप्शन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की उम्मीद पर बड़ा बहुमत भी मिला था। हालांकि बाद में सरकार पर आरोप लगे कि इस मोर्चे पर वैसी कार्रवाई नहीं हुई, जैसी अपेक्षा थी। उलटे विजय माल्या, नीरव मोदी जैसे वित्तीय फ्रॉड करने वाले जब देश छोड1कर भाग गये तो सरकार की फजीहत ही हुई। साथ ही 2019 में राहुल गांधी की अगुवाई में राफेल डील में घोटाले का आरोप लगाकर पीएम मोदी को उनके ही मजबूत किले में घेरने की असफल कोशिश भी हुई। बीजेपी और मोदी इसे अपना सबसे मजबूत पक्ष मानते हैं कि उनकी सरकार में करप्शन के कोई गंभीर आरोप नहीं लगे। 2019 में बड़ी जीत के बाद फिर पीएम ने 2024 में आजमाए फॉम्युर्ले से ही आगे बढ़ने की जमीन तैयार कर दी। इस साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिये उनके भाषण को भी इसी संदर्भ में देखना होगा। उन्होंने करप्ट नेताओं के महिमामंडन की प्रवृत्ति पर चिंता जताई। पीमोदी ने संकेत दिया कि विपक्षी हमले के बीच वह करप्शन पर अपने स्टैंड को नहीं बदलेंगे और अगले आम चुनाव में भी इसे बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश करेंगे। करप्शन के आरोप में सजा पाए नेताओं को जनता पसंद न करे, इसकी भी मांग कर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की गई। दरअसल, पीएम मोदी ने लाल किले से करप्शन पर तब सख्त तेवर दिखाये, जब विपक्षी दलों ने जांच एजेंसियों पर राजनीतिक अजेंडा के हिसाब से कार्रवाई करने का आरोप लगाया और इस पर खूब राजनीति की। पिछले कुछ महीनों में करप्शन को लेकर जांच के दायरे में विपक्ष के कई नेता आए हैं। विपक्ष का कहना है कि उनके नेताओं पर दबाव बनाने के लिए इस तरह की कार्रवाई हो रही है। पिछले दिनों एक न्यूज एजेंसी को दिये इंटरव्यू में केंद्रीय एजेंसी के दुरुपयोग के विपक्ष के आरोप पर पीएम मोदी ने कहा था कि हिंदुस्तान में हमेशा चुनाव चलता रहता है तो क्या सरकार और उसकी एजेंसियां काम ना करें? **विपक्ष को जनता पर भरोसा** : वहीं विपक्ष को लगता है कि बीजेपी का दांव इस बार सही नहीं लगने वाला। उसका तर्क है कि हाल में जिस तरह एकतरफा कार्रवाई हुई है उससे न सिर्फ बीजेपी की, बल्कि जांच एजेंसियों की भी विश्वसनीयता पूरी तरह समाप्त हो गई है। अब विपक्षी दल जांच एजेंसियों पर सीधा हमला कर रहे हैं। एक वर्ग का मानना है कि जांच एजेंसियों ने एक के बाद एक लगातार विपक्षी दलों पर हमला कर इस नैरेटिव को बनाने में विपक्ष की मदद भी कर दी। लगभग सभी विपक्षी दल जांच एजेंसियों के खिलाफ एकजुट हो गये हैं। ईडी को मिले असीमित अधिकार को जब सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया तो लगभग सभी दलों ने इसके खिलाफ अपील करने की बात की और उनकी अपील को स्वीकार भी किया गया। विपक्ष का कहना है कि मोदी सरकार के आठ वर्षों में जांच एजेंसियां अपनी कार्रवाई को कोर्ट में सही साबित करने में पूरी तरह विफल रहीं। विपक्षी दलों का यह भी तर्क है कि आम लोगों के सामने महंगाई और बेरोजगारी बड़ी समस्या है। अगर वे इन मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे, तो न सिर्फ लोगों का साथ मिलेगा, बल्कि करप्शन के नाम पर होने वाली कार्रवाई से उन्हें लोगों की सहानुभूति मिलेगी। वे एनडीए सरकार की करप्शन पर बेदाग छवि पर भी सवाल उठाते हैं। विपक्ष लोगों के बीच संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि चंद बड़े उद्योगपतियों को हर संसाधन सरकार के संरक्षण में दिलाना भी एक बड़ा करप्शन है। वे इसे 2024 में बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश में हैं। जाहिर है, विपक्ष के सवाल तीखे हैं तो पीएम की बातें भी धारदार हैं। अगले कुछ दिनों में संकेत मिलने लगेगा कि किसके नैरेटिव को अधिक सफलता मिल रही है। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

> **2014 में मोदी सरकार को करप्शन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की उम्मीद पर बड़ा बहुमत भी मिला था। हालांकि बाद में सरकार पर आरोप लगे कि इस मोर्चे पर वैसी कार्रवाई नहीं हुई, जैसी अपेक्षा थी। उलटे विजय माल्या, नीरव मोदी जैसे वित्तीय फ्रॉड करने वाले जब देश छोड1कर भाग गये तो सरकार की फजीहत ही हुई। साथ ही 2019 में राहुल गांधी की अगुवाई में राफेल डील में घोटाले का आरोप लगाकर पीएम मोदी को उनके ही मजबूत किले में घेरने की असफल कोशिश भी हुई। बीजेपी और मोदी इसे अपना सबसे मजबूत पक्ष मानते हैं कि उनकी सरकार में करप्शन के कोई गंभीर आरोप नहीं लगे।**

**■ नरेंद्र नाथ**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।))।

# पितृपक्ष पिण्ड दान में गया का सर्वोपरि स्थान



पितृपक्ष महिने में पूर्वजों को याद करने के साथ उन्हें श्रद्धा के साथ पिंडदान करने की परंपरा पौराणिक और प्राचीन होने के साथ अपने पितरों के प्रति आगाध आस्था और श्रद्धा का एक ऐसा संगम है। जिसे हर कोई अपने जीवन में देना चाहता है। पिता-माता आदि पारिवारिक पूर्वजों की मृत्यु के पश्चात उनकी आत्मा की तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक किये जाने वाले पिंडदान और कर्म को पितृ श्राद्ध कहते हैं। पिंडदान के लिए सबसे सर्वोत्तम स्थान है गया बिहार। हिंदू मान्यताओं और वैदिक परम्परा के अनुसार पुत्र का पुत्रत्व तभी सार्थक होता है। जब वह अपने जीवित माता-पिता की सेवा करें और उनके मरणोपरांत उनकी बरसी पर तथा पितृपक्ष में उनका विधिवत श्राद्ध करें। विद्वानों के मुताबिक किसी वस्तु के गोलाकर रूप को पिंड कहा जाता है। प्रतीकात्मक रूप में शरीर को भी पिंड कहा जाता है। पिंडदान के समय मृतक की आत्मा को अर्पित करने के लिए जौ या चावल के आटे को गूंथकर बनाई गई गोलाकृत्ति को पिंड कहते हैं। श्राद्ध की मुख्य विधि में मुख्य रूप से तीन कार्य होते हैं, पिंडदान, तर्पण और ब्राह्मण भोज। दक्षिणा विमुख होकर आचमन कर अपने जनेऊ को दाएं कंधे पर रखकर चावल, गाय का दूध, घी, शक्कर एवं शहद को मिलाकर बने पिंडों को श्रद्धा भाव के साथ अपने पितरों को अर्पित करना पिंडदान कहलाता है। जल में काले तिल, जौ, कुशा एवं सफेद फूल मिलाकर उससे विधिपूर्वक तर्पण किया जाता है। मान्यता है कि इससे पितृ तृप्त होते हैं। इसके बाद ब्राह्मण भोजन कराया जाता है। पंडों के मुताबिक शास्त्रों में पितृ का स्थान बहुत ऊंचा बताया गया है। उन्हें चंद्रमा से भी दूर और देवताओं से भी ऊंचे स्थान पर रहने वाला बताया गया है। पितृ की श्रेणी में मृत पूर्वजों, माता, पिता, दादा, दादी, नाना, नानीसहित सभी पूर्वज शामिल होते हैं। व्यापक दृष्टि से मृत गुरू और आचार्य भी पितृ की श्रेणी में आते हैं। यहां की वेदियों में विष्णुपद मंदिर, फल्गु नदी के किनारे और अक्षयवट पर पिंडदान करना जरूरी माना जाता है। इसके अतिरिक्त वैतरणी, प्रेतशिला, सीताकुंड, नागकुंड, पांडुशिला, रामशिला, मंगलागौरी, कागबलि आदि भी पिंडदान के लिए प्रमुख है। यही कारण है कि देश में श्राद्ध के लिए दर्जनों से अधिक स्थानों को महत्वपूर्ण माना गया है। जिसमें बिहार के गया का स्थान सर्वोपरि है। पिंडदान हिंदूधर्म संस्कृति में मानव द्वारा किया जाने वाला एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। सनातन संस्कृति के मुख्य कार्य में श्राद्ध से जुड़ी कई ऐसी बातें हैं जो बहुत कम लोग जानते हैं। जो श्रद्धा से किया जाये और उसे अंत करण से कर्मित किया जाये, वह प्रेत और पितरों के लिए, उनकी आत्मा के लिए श्राद्ध है। जिसमें आस्था के साथ पूर्वजों के प्रति निष्ठा का सार्थक समावेश हो।

❖ गुड्डू कुमार

## श्राद्ध तर्पण के लिए सबसे प्रसिद्ध गया



सम्पूर्ण विश्व में दो स्थान श्राद्ध तर्पण के लिए बहुत प्रसिद्द है। वह दो स्थान बोध गया और विष्णुपद मन्दिर है। बिहार के गया में पितृपक्ष में लोग पन्द्रह दिनों में अपने पितरों (पूर्वजों) को जल देते हैं तथा उनकी मृत्युतिथि पर पार्वण श्राद्ध करने बिहार के गया जाया करते हैं। पिता-माता आदि पारिवारिक मनुष्यों की मृत्यु के पश्चात उनकी तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक किए जाने वाले कर्म को पितृ श्राद्ध कहते हैं। जो श्रद्धा से किया जाय, वह श्राद्ध है। भावार्थ है प्रेत और पितर के निमित्त, उनकी आत्मा की तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक जो अर्पित किया जाए ,वह श्राद्ध है। जब बात आती है श्राद्ध कर्म की तो बिहार स्थित गया बिहार का नाम बड़ी प्रमुखता व आदर से लिया जाता है। गया समूचे भारत वर्ष में हीं नहीं सम्पूर्ण विश्व में दो स्थान श्राद्ध तर्पण के लिए बहुत प्रसिद्ध है। वह दो स्थान है बोध गया और विष्णुपद मन्दिर। विष्णुपद मंदिर वह स्थान जहां माना जाता है कि स्वयं भगवान विष्णु के चरण उपस्थित है। जिसकी पूजा करने के लिए लोग देश के कोने-कोने से आते हैं। बिहार गया दूसरा सबसे प्रमुख स्थान है जिसके लिए लोग दूर दूर से आते है। वह स्थान एक नदी है, जिसका नाम फल्गु है। ऐसा माना जाता है कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम ने स्वयं इस स्थान पर अपने पिता राजा दशरथ का पिंड दान किया था। तब से यह माना जाने लगा की इस स्थान पर आकर कोई भी व्यक्ति अपने पितरो के निमित्त पिंड दान करेगा तो उसके पितृ उससे तृप्त रहेंगे और वह व्यक्ति अपने पितृऋण से उतऋण हो जायेगा । इस स्थान का नाम गया इसलिए रखा गया। क्योंकि भगवान विष्णु ने यहीं के धरती पर असुर गयासुर का वध किया था। तब से इस स्थान का नाम भारत के प्रमुख तीर्थस्थानो में आता है और बड़ी ही श्रद्धा और आदर से गया जी बोला जाता है। प्रत्येक व्यक्ति के तीन पूर्वज पिता, दादा और परदादा क्रम से वसु, रुद्र और आदित्य के समान माने जाते हैं। श्राद्ध के वक़्त वे ही अन्य सभी पूर्वजों के प्रतिनिधि माने जाते हैं। मान्यता है कि रीति-रिवाजों के अनुसार कराए गए श्राद्ध-कर्म से तृप्त होकर पूर्वज अपने वंशधर को सपरिवार सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य का आशीर्वाद देते हैं। श्राद्ध-कर्म में उच्चारित मंत्रों और आहुतियों को वे अन्य सभी पितरों तक ले जाते हैं। उपनिषदों में कहा गया है कि देवता और पितरों के कार्य में कभी आलस्य नहीं करना चाहिए। पितर जिस योनि में होते हैं, श्राद्ध का अन्न उसी योनि के अनुसार भोजन बनकर उन्हें प्राप्त होता है। श्राद्ध जैसे पवित्र कर्म में गौ का दूध, दही और घृत सर्वोत्तम माना गया है। धर्मशास्त्र में पितरों को तृप्त करने के लिए जौ, धान, गेहूं, मूंग, सरसों का तेल, कंगनी, कचनार आदि का उपयोग बताया गया है। इसमें आम, बहेड़ा, बेल, अनार, पुराना आंवला, खीर, नारियल, फालसा, नारंगी, खजूर, अंगूर, नीलकैथ, परवल, चिरौंजी, बेर, जंगली बेर, इंद्र जौ के सेवन आदि का भी विधान है। तिल को देव अन्न कहा गया है। काला तिल ही वह पदार्थ है जिससे पितर तृप्त होते हैं। इसलिए काले तिलों से ही श्राद्ध कर्म करना चाहिए।

❖ धनंजय सिंह

## पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों का श्राद्ध करने कई प्रमुख स्थलों पर जाते हैं

हिन्दू धर्म में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है। इसलिए हिंदू धर्म शास्त्रों में पितरों का उद्धार करने के लिए पुत्र की अनिवार्यता मानी गई हैं। जन्मदाता माता-पिता को मृत्यु-उपरांत लोग विस्मृत न कर दें, इसलिए उनका श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है। भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या तक के सोलह दिनों को पितृपक्ष कहते हैं । जिसमें हम अपने पूर्वजों की सेवा करते हैं। पितृ पक्ष के पर्व में लोग अपने पूर्वजों का श्राद्ध करने के लिए कई प्रमुख स्थलों पर जाते है। इसके दौरान लोग अपने पूर्वजों का स्मरण करते हुए श्रद्धाभाव से सभी धार्मिक रीति रिवाजों का पालन करते है। ऐसा माना जाता है कि पितृ पक्ष के दौरान पितरों की पूजा पाठ और श्राद्ध करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है। हिंदू संस्कृति एवं समाज में अपने पूर्वजों एवं दिवंगत माता-पिता के स्मरण श्राद्ध पक्ष में करके उनके प्रति असीम श्रद्धा के साथ तर्पण, पिंडदान, यक्ष तथा ब्राह्मणों के लिए भोजन का प्रावधान किया गया है। पितरों के लिए किए जाने वाले श्राद्ध दो तिथियों पर किए जाते हैं,प्रथम मृत्यु या क्षय तिथि पर और दूसरा पितृ पक्ष में। जिस मास और तिथि को पितृ की मृत्यु हुई है अथवा जिस तिथि को उनका दाह संस्कार हुआ है। उस तिथि को एकोदिष्ट श्राद्ध किया जाता है। पितृ पक्ष या जिसे श्राद्ध पक्ष भी कहा जाता है। उसका हिंदू धर्म में बहुत ही बड़ा महत्व है। यह पर्व हमारे देश में प्राचीन समय से ही मनाया जा रहा है । क्योंकि सनातन धर्म में पूर्वजों को देवताओं के बराबर सम्मान दिया जाता है। जिस प्रकार से ईश्वर हमारी रक्षा और संकटों में सहायता करते है। वैसे ही हमारे पूर्वजों द्वारा हमारा पालन-पोषण किया जाता है। इसलिए हम अपने इस जीवन के लिए सदैव उनके ऋणी है और मान्यताओं के अनुसार जो भी व्यक्ति समर्पण तथा कृतज्ञता भावना से पितृ पक्ष में धार्मिक रीति रिवाजों का पालन करता है। उसके पितर उसे मुक्ति का मार्ग दिखाते हैं। जब महाभारत युद्ध में महान दाता कर्ण की मृत्यु हुई, तो उसकी आत्मा स्वर्ग चली गई। जहां उसे भोजन के रूप में सोना और रत्न चढ़ाए गए। हालांकि, कर्ण को खाने के लिए वास्तविक भोजन की आवश्यकता थी और स्वर्ग के स्वामी इंद्र से भोजन के रूप में सोने परोसने का कारण पूछा। इंद्र ने कर्ण से कहा कि उसने जीवन भर सोना दान किया था। लेकिन श्राद्ध में अपने पूर्वजों को कभी भोजन नहीं दिया था। कर्ण ने कहा कि चूंकि वह अपने पूर्वजों से अनभिज्ञ था। इसलिए उसने कभी भी उसकी याद में कुछ भी दान नहीं किया। संशोधन करने के लिए, कर्ण को 15 दिनों की अवधि के लिए पृथ्वी पर लौटने की अनुमति दी गई, ताकि वह श्राद्ध कर सके और उनकी स्मृति में भोजन और पानी का दान कर सके। इस काल को अब पितृ पक्ष के नाम से जाना जाता है।

❖ ओम प्रकाश प्रजापति



## पितृपक्ष में श्राद्ध के साथ हम तर्पण करके अपने पूर्वजों का स्मरण करते हैं

पितृ पक्ष शनिवार से शुरू होकर 25 सितंबर रविवार तक रहेगा। ब्रह्मपुराण के अनुसार मनुष्य को देवताओं की पूजा करने से पहले अपने पूर्वजों की पूजा करनी चाहिए। क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इससे देवता प्रसन्न होते हैं। इसी वजह से पलामू सहित पूरे भारतीय समाज में बड़ों का सम्मान और मरणोपरांत पूजा की जाती है। ये प्रसाद श्राद्ध के रूप में होते हैं जो पितृपक्ष में पड़ने वाली मृत्यु तिथि को किया जाता है। यदि तिथि ज्ञात नहीं है, तो अश्विन अमावस्या के दिन की जा सकती है । जिसे सर्व प्रभु अमावस्या भी कहा जाता है। श्राद्ध के दिन हम तर्पण करके अपने पूर्वजों का स्मरण करते हैं और ब्राह्मणों या जरूरतमंद लोगों को भोजन और दक्षिणा अर्पित करते हैं। हमारे हिंदू धर्म के अनुसार, पूर्वजों की तीन पीढ़ियों की आत्माएं पितृलोक में निवास करती हैं, जो स्वर्ग और पृथ्वी के बीच का स्थान माना जाता है। यह क्षेत्र मृत्यु के देवता यम द्वारा शासित है, जो एक मरते हुए व्यक्ति की आत्मा को पृथ्वी से पितृलोक तक ले जाता है। जब अगली पीढ़ी का व्यक्ति मर जाता है, तो पहली पीढ़ी स्वर्ग में जाती है और भगवान के साथ फिर से मिल जाती है। इसलिए श्राद्ध का प्रसाद नहीं दिया जाता है। इस प्रकार पितृलोक में केवल तीन पीढ़ियों को श्राद्ध संस्कार दिया जाता है। जिसमें यम की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पवित्र हिंदू ग्रंथों के अनुसार, पितृ पक्ष की शुरूआत में, सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। मृत्यु के बाद दशगात्र और षोडशी-सपिण्डन तक मृत व्यक्ति की प्रेत संज्ञा रहती है। पुराणों के अनुसार वह सूक्ष्म शरीर जो आत्मा भौतिक शरीर छोड़ने पर धारण करती है प्रेत होती है। प्रिय के अतिरेक की अवस्था प्रेत है क्यों की आत्मा जो सूक्ष्म शरीर धारण करती है तब भी उसके अन्दर मोह, माया भूख और प्यास का अतिरेक होता है। सपिण्डन के बाद वह प्रेत, पित्तरों में सम्मिलित हो जाता है। पितृपक्ष भर में जो तर्पण किया जाता है । उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है। पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जो यव तथा चावल का पिण्ड देता है, उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है। ठीक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख होने लगता है। 15 दिन अपना-अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर उसी ब्रह्मांडीय उर्जा के साथ वापस चले जाते हैं।

इन तीनों ऋणों में सबसे बड़ा पितृ ऋण ही होता है, हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता है कि पितृ पक्ष में किए गए कार्यों द्वारा हमारे पूर्वजों की आत्मा को शांति प्राप्त होती है तथा इसे करने वाले को पितृ ऋण से मुक्ति मिलती है। क्योंकि इस बात उल्लेख गीता में भी है कि आत्मा जब तक अपने परम-आत्मा से संयोग नही कर लेती, तब तक वह विभिन्न योनियों में भटकती रहती है और इस दौरान उसे सिर्फ श्राद्ध कर्म द्वारा ही संतुष्टि मिलती है। यहीं कारण है कि लोग अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिये पितृ विसर्जन मनाते है। यह पर्व हमें इस बात का अहसास कराता है कि हमारा जीवन हमें हमारे पूर्वजों द्वारा दिया गया है और यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी आत्मा की शांति के लिए अपने धर्म अनुसार श्राद्ध कर्म के रीति रिवाजों का पालन करना चाहिए।

❖ उर्मिला देवी

## पितृ पक्ष में बिहार के गया का विशेष महत्व

पितृ पक्ष के दौरान कई सारे विशेष नियमों का पालन किया जाता है। इसके साथ ही इस अवधि में कई प्रकार के विशेष पूजा-पाठ भी आयोजित किये जाते है। कई सारे लोगों द्वारा पितृ पक्ष के नियमों का बहुत ही कठोरता से पालन किया जाता है और जबतक पितृ पक्ष चलता है उनके द्वारा मांस-मदिरा तथा अन्य तामसी भोजन ग्रहण नहीं किया जाता है। पितृ पक्ष के आखिरी दिन यानी पितृ विसर्जन के दिन लोगों द्वारा अपने पुरखो का श्राद्ध कर्म किया जाता है और यही पूरे पितृ पक्ष का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। पितृ पक्ष में व्यसन और मांसाहार को पूरी तरह से वर्जित माना गया है। इस दौरान व्यक्ति को पूर्णत पवित्र रहकर श्राद्ध करना होता है। हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण पितृ ऋण, देव ऋण तथा ऋषि ऋण प्रमुख माने गए हैं, इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। पितृ ऋण में पिता के अतिरिक्त माता तथा पूर्वज सम्मिलित हैं। पितृपक्ष में प्रत्येक परिवार में मृत माता-पिता का श्राद्ध किया जाता है, परंतु गया श्राद्ध का विशेष महत्व है। यूं तो पितृपक्ष 15 दिनों का होता है । लेकिन भारतीय संस्कृति में अश्विन मास का कृष्ण पक्ष पितरों को समर्पित है। वाल्मीकि रामायण में सीता द्वारा पिंडदान देने से दशरथ की आत्मा को मोक्ष मिलने का संदर्भ आता है। अपने वनवास काल में भगवान राम ,लक्ष्मण और सीता पितृ पक्ष के दौरान श्राद्ध करने के लिए गया धाम गये थे। श्रद्धापूर्वक श्राद्ध किए जाने से पितर वर्ष भर तृप्त रहते हैं और उनकी प्रसन्नता से वंशजों को दीघार्यु, संतति, धन, विद्या, सुख एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है। मार्कण्डेय और वायु पुराण में कहा गया है कि किसी भी परिस्थिति में पूर्वजों के श्राद्ध से विमुख नहीं होना चाहिए । लेकिन व्यक्ति सामर्थ्य के अनुसार ही श्राद्ध कर्म करे। सभी प्रकार के श्राद्ध पितृ पक्ष के दौरान किए जाने चाहिए। लेकिन, अमावस्या का श्राद्ध ऐसे भूले बिसरे लोगों के लिए ग्राह्य होता है जो अपने जीवन में भूल या परिस्थितिवश अपने पितरों को श्रद्धासुमन अर्पित नहीं कर पाते। श्राद्ध में कुश और काला तिल का बहुत महत्त्व होता है। दर्भ या कुश को जल और वनस्पतियों का सार माना जाता है। श्राद्ध वैदिक काल के बाद से शुरू हुआ। वसु, रुद्र और आदित्य श्राद्ध के देवता माने जाते हैं। श्राद्ध के लिए चावल को मिट्टी के हंड़िया में पका कर उसका लड्डू बनाया जाता है। उसके बाद उसे पत्तल पर रखते हैं। किसी पात्र में दूध, जल, काला तिल और पुष्प लेकर कुश के साथ तीन बार तर्पण करना होता है। बायें हाथ में जल लेकर दायें दाहिने हाथ के अंगूठे को पृथ्वी की तरफ करते हुए लड्डुओं पर डालते हैं। पितरों के निमित्त सारी क्रियाएं बायें कंधे मे जनेऊ डाल कर और दक्षिण की ओर मुख करके की जाती है। श्राद्ध का कार्य रात्रि में नही किया जा सकता है, इसके लिए दोपहर का बारह से एक बजे तक का समय सबसे उपयुक्त माना गया है। पितृ विसर्जन के दिन किये जाने वाले इस श्राद्ध में ऐसी मान्यता है कि गाय, कुत्ता, कौवा चींटी और देवताओं को पितृपक्ष में भोजन कराना चाहिए। इसलिए श्राद्ध करते वक्त पितरों को अर्पित करने के लिए भोजन के पांच अंश निकाले जाते है । क्योंकि ऐसी मान्यता है कि कुत्ता जल का, चींटी अग्नि का, कौवा वायु का, गाय पृथ्वी का और देवता आकाश का प्रतीक है। इस प्रकार से हम इन पांचों को आहार देकर हम पंच तत्वों के प्रति अपना आभार व्यक्ति करते है।

❖ वेद प्रकाश

## पितृपक्ष में मृत पूर्वजों का श्राद्ध कर्म किया जाता है

पितृपक्ष में श्रद्धापूर्वक श्राद्ध कर्म कर-के परिजन अपने तीनों ऋणों से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त कर सकते हैं। श्राद्ध में काला तिल और कुशा का सर्वाधिक महत्त्व होता है। श्राद्ध में पितरों को अर्पित किए जाने वाले भोज्य पदार्थ को पिंडी रूप में अर्पित करना चाहिए। भारतीय धर्मग्रंथों के अनुसार मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण प्रमुख माने गए हैं- पितृ ऋण, देव ऋण तथा ऋषि ऋण। इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। पितृ ऋण में पिता के अतिरिक्त माता तथा वे सब बुजुर्ग भी सम्मिलित हैं। जिन्होंने हमें अपना जीवन धारण करने तथा उसका विकास करने में सहयोग दिया। पितृपक्ष में हिन्दू लोग मन कर्म एवं वाणी से संयम का जीवन जीते हैं। पितरों को स्मरण करके जल चढाते हैं। निर्धनों एवं ब्राह्मणों को दान देते हैं। पितृपक्ष में प्रत्येक परिवार में मृत माता-पिता का श्राद्ध किया जाता है। परंतु गया श्राद्ध का विशेष महत्व है। वैसे तो इसका भी शास्त्रीय समय निश्चित है। परंतु गया सर्वकालेषु पिण्डं दधाद्विपक्षण कहकर सदैव पिंडदान करने की अनुमति दे दी गई है। अर्थात जो अपने पितरों को तिल-मिश्रित जल की तीन-तीन अंजलियां प्रदान करते हैं। उनके जन्म से तर्पण के दिन तक के पापों का नाश हो जाता है। हमारे हिंदू धर्म-दर्शन के अनुसार जिस प्रकार जिसका जन्म हुआ है। उसकी मृत्यु भी निश्चित है। उसी प्रकार जिसकी मृत्यु हुई है। उसका जन्म भी निश्चित है। ऐसे कुछ विरले ही होते हैं जिन्हें मोक्ष प्राप्ति हो जाती है। पितृपक्ष में तीन पीढ़ियों तक के पिता पक्ष के तथा तीन पीढ़ियों तक के माता पक्ष के पूर्वजों के लिए तर्पण किया जाता हैं। इन्हीं को पितर कहते हैं। दिव्य पितृ तर्पण, देव तर्पण, ऋषि तर्पण और दिव्य मनुष्य तर्पण के पश्चात ही स्व-पितृ तर्पण किया जाता है। भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन कृष्णपक्ष अमावस्या तक के सोलह दिनों को पितृपक्ष कहते हैं। जिस तिथि को माता-पिता का देहांत होता है, उसी तिथि को पितृपक्ष में उनका श्राद्ध किया जाता है।



शास्त्रों के अनुसार पितृपक्ष में अपने पितरों के निमित्त जो अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुरूप शास्त्र विधि से श्रद्धापूर्वक श्राद्ध करता है। उसके सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं और घर-परिवार, व्यवसाय तथा आजीविका में हमेशा उन्नति होती है।

पितृ दोष के अनेक कारण होते हैं। परिवार में किसी की अकाल मृत्यु होने से, अपने माता-पिता आदि सम्मानिय जनों का अपमान करने से, मरने के बाद माता-पिता का उचित ढंग से क्रियाकर्म और श्राद्ध नहीं करने से, उनके निमित्त वार्षिक श्राद्ध आदि न करने से पितरों को दोष लगता है। इसके फलस्वरूप परिवार में अशांति, वंश-वृद्धि में रूकावट, आकस्मिक बीमारी, संकट, धन में बरकत न होना, सारी सुख सुविधाएं होते भी मन असन्तुष्ट रहना आदि पितृ दोष हो सकते हैं। यदि परिवार के किसी सदस्य की अकाल मृत्यु हुई हो तो पितृ दोष के निवारण के लिए शास्त्रीय विधि के अनुसार उसकी आत्म शांति के लिए किसी पवित्र तीर्थ स्थान पर श्राद्ध करवाएं। अपने माता-पिता तथा अन्य ज्येष्ठ जनों का अपमान न करें। प्रतिवर्ष पितृपक्ष में अपने पूर्वजों का श्राद्ध, तर्पण अवश्य करें। यदि इन सभी क्रियाओं को करने के पश्चात पितृ दोष से मुक्ति न होती हो तो ऐसी स्थिति में किसी सुयोग्य कर्मनिष्ठ विद्वान ब्राह्मण से श्रीमद् भागवत पुराण की कथा करवायें। वैसे श्रीमद् भागवत पुराण की कथा कोई भी श्रद्धालु पुरुष अपने पितरों की आम शांति के लिए करवा सकता है। इससे विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

❖ कुमारी रिया

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का इलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा इलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### चार्ल्स तृतीय को घोषित किया गया आधिकारिक तौर पर ब्रिटिश सम्राट

**लंदन (एजेंसी)।** चार्ल्स तृतीय को शनिवार को 700 सदस्यीय परिग्रहण परिषद द्वारा सेंट जेम्स पैलेस में एक आधिकारिक समारोह में औपचारिक रूप से ब्रिटेन का नया सम्राट घोषित किया गया। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का गुरुवार को निधन के बाद बाद चार्ल्स तृतीय देश के नए राजा बन गए थे। महारानी एलिजाबेथ के बाद आधिकारिक रूप से ब्रिटेन को अपना नया सम्राट मिल गया है। बीबीसी ने उद्घोषणा के हवाले से कहा कि प्रिंस चार्ल्स फिलिप आर्थर जॉर्ज अब चार्ल्स तृतीय हैं। पेनी मोर्डेंट ने महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन की घोषणा के बाद प्रिंस चार्ल्स के राजा बनने की उद्घोषणा की थी। घोषणा पर हस्ताक्षर प्रिंस विलियम के सामने हुआ जबकि प्रधानमंत्री लिज ट्रस और आर्कबिशप जस्टिन वेल्बी भी इस मौके पर मौजूद थे। ब्रिटेन के नए सम्राट की ताजपोशी के समय सात पूर्व प्रधानमंत्री में गॉर्डन ब्राउन, डेविड कैमरन, बोरिस जॉनसन और थेरेसा मे भी शामिल थे जो नए राजा की घोषणा को पढ़कर सुनाते समय वहां मौजूद थे। परिग्रहण परिषद एक समूह है जिसमें शाही परिवार के सदस्य, प्रधानमंत्री और अन्य वरिष्ठ राजनेता और कैंटरबरी के आर्कबिशप शामिल हैं।

### गोविंद बल्लभ पंत को पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** महान स्वतंत्रता सेनानी और भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत को रविवार को उनकी 135 वीं पुण्य तिथि पर देश भर में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज और उत्तराखंड राज्य सहित 70 से भी अधिक स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गृह मंत्री अमित शाह और अनेक केंद्रीय मंत्रियों ने पंडित पंत को श्रद्धांजलि अर्पित की। राजधानी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में रकाबगंज स्थित पंडित पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि देनेवालों में उनकी पुत्रवधु और पूर्व सांसद इला पंत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

भारत जोड़ो यात्रा पर शाह का तंज, बोले -

# विदेशी टी-शर्ट पहनकर देश जोड़ने निकले हैं राहुल गांधी

**जयपुर (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज करते हुए कहा कि वह विदेशी टी-शर्ट पहनकर भारत जोड़ने निकले हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ने निकले हैं, मुझे लगता है कि उन्हें भारत के इतिहास को पढ़ने की जरूरत है। इससे पहले शाह का हवाई अड्डे पर भाजपा के राजस्थान इकाई के अध्यक्ष सतीश पूनिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, विपक्ष के नेता इससे पहले शनिवार सुबह शाह ने राजस्थान के जैसलमेर जिले में तनोट माता मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर में पर्यटन विकास कार्य की आधारशिला भी रखी और पट्टिका का अनावरण भी किया। उन्होंने विजय स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारत-पाक सीमा के करीब स्थित तनोट माता मंदिर का प्रबंधन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा किया जाता है। यह मंदिर जैसलमेर से 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह मंदिर भारत और पाकिस्तान के बीच 1965 और 1971 के युद्ध से जुड़ी शौर्य गाथाओं के लिए प्रसिद्ध है।

## जैसलमेर के तनोट माता मंदिर पहुंचे गृह मंत्री, पर्यटन विकास केंद्र की रखी आधारशिला



**गृह** मंत्री अमित शाह ने शनिवार सुबह राजस्थान के सीमावर्ती जैसलमेर जिले में तनोट माता मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने तनोट मंदिर परिसर में पर्यटन विकास कार्य की आधारशिला भी रखी। शुक्रवार शाम जैसलमेर पहुंचे शाह शनिवार सुबह हेलीकॉप्टर से तनोट पहुंचे, जहां उन्होंने मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर में शिलान्यास समारोह में भाग लिया और पर्यटन विकास कार्य की आधारशिला रखी। इससे पहले उन्होंने तनोट स्थित विजय स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्र द्वारा वित्तपोषित इस परियोजना के तहत पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित की जायेगी और इसका उद्देश्य सीमा पर्यटन को बढ़ावा देना है। 1965 और 1971 के युद्ध से जुड़ी शौर्य गाथाओं के लिए प्रसिद्ध, भारत-पाक सीमा के करीब स्थित तनोट माता मंदिर का प्रबंधन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा किया जाता है। यह मंदिर जैसलमेर से 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। भारत-पाकिस्तान के 1965 के युद्ध में, पाकिस्तानी सेना ने मंदिर को निशाना बनाते हुए कई बम गिराये थे, लेकिन एक भी नहीं फटा था। ये बम मंदिर में रखे हुए हैं। 1971 की लड़ाई में भी, लोंगेवाला युद्ध के दौरान पाकिस्तानी टैंक मंदिर के पास रेत में फंस गये थे और भारतीय वायु सेना ने उन पर बमबारी कर उन्हें तबाह कर दिया था।

### राजस्थान में अगले साल के अंत में होंगे विधानसभा चुनाव

**कुल** 200 विधानसभा क्षेत्रों में से 33 विधानसभा क्षेत्र जोधपुर संभाग में हैं, जिनमें से 10 अकेले जोधपुर जिले में हैं, और उनमें से 14 वर्तमान में भाजपा के पास, 17 कांग्रेस के पास, एक निर्दलीय और एक राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के पास है। राजस्थान में विधानसभा चुनाव अगले साल के अंत में होने हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनिया ने कहा कि ओबीसी विशाल समुदाय है। यह भाजपा की विचारधारा के साथ है। यह पहली बार है कि भाजपा शासन में हमारे पास इस समुदाय के 27 (केंद्रीय) मंत्री हैं। साथ ही नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा ओबीसी आयोग को संवैधानिक मान्यता दी गयी है।

# 'केवल जीसस ही असली गॉड'

### विवादित पादरी से राहुल गांधी की बातचीत पर मचा बवाल



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पर भ्रामक सूचना फैलाने का आरोप लगाया तथा कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी भारत जोड़ो यात्रा के सफलतापूर्वक शुरू होने के बाद से हताश हो गयी है। दरअसल, कांग्रेस ने राहुल गांधी के एक पादरी से बातचीत करने को लेकर भाजपा नेताओं के ट्वीट पर आपत्ति जतायी है। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा की हेट फैक्ट्री गांधी के संबंध में एक घटिया ट्वीट प्रसारित कर रही है। ऑडियो में जो कुछ भी रिकॉर्ड किया गया है, उससे इसका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया कि यह भाजपा का विशिष्ट तुच्छ तरीका है। भारत जोड़ो यात्रा की सफल शुरुआत और लोगों द्वारा मिल रहे समर्थन को देखकर ये हताश हो गये हैं। रमेश ने आरापे लगाया कि जो लोग महात्मा गांधी की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं। जिन लोगों ने नरेंद्र दाभोलकर, गोविंद पानसरे, गौरी लंकेश और एमएम कलबुर्गी जैसे लोगों की हत्या की, वे आज सवाल उठा रहे हैं। कैसा घटिया मजाक है। भारत जोड़ो यात्रा की भावना को ठेस पहुंचाने के लिए ऐसे सभी प्रयास बुरी तरह विफल होंगे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक पादरी के साथ गांधी का वीडियो साझा करते हुए कहा कि राहुल गांधी से मुलाकात करने वाले जॉर्ज पोन्नैया ने कहा कि ईसा मसीह ही एकमात्र वास्तविक ईश्वर है न कि कोई शक्ति या अन्य भगवान। पूनावाला ने ट्वीट किया कि इस व्यक्ति को हिंदुओं के खिलाफ घृणा के लिए पहले भी गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने यह भी कहा था कि मैं जूते इसलिए पहनता हूं ताकि भारत माता की अशुद्धियां हमें दूषित न कर सकें। भारत जोड़ो, भारत तोड़ो प्रतीकों के साथ है।

# भारत ने चीन में मेडिकल स्टडी करने के इच्छुक छात्रों को किया आगाह, जारी की एडवाइजरी



**बीजिंग (एजेंसी)।** भारत ने चीन में चिकित्सा की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों को एक विस्तृत परामर्श जारी किया है जिसमें उन्हें चीन में पढ़ाई करने के बाद होनेवाली कई तरह की समस्याओं के प्रति आगाह किया गया है। परामर्श में छात्रों को परीक्षा उत्तीर्ण होने के कम प्रतिशत, आधिकारिक भाषा पुतोंग्हुआ सीखने की बाध्यता और भारत में चिकित्सक के तौर पर प्रैक्टिस करने के कड़े नियमों के बारे में बताया गया है। यह परामर्श ऐसे समय जारी किया गया है जब चीन के चिकित्सा संस्थानों में पढ़नेवाले कई भारतीय छात्र बीजिंग के कोविड वीजा प्रतिबंध के कारण दो साल से ज्यादा समय से घर बैठे हैं। आधिकारिक अनुमान के अनुसार, वर्तमान में विभिन्न चीनी विश्वविद्यालयों में 23 हजार से ज्यादा भारतीय छात्रों ने दाखिला लिया हुआ है, जिनमें से बड़ी संख्या चिकित्सा की पढ़ाई करनेवाले छात्रों की है। कोविड वीजा प्रतिबंधों के दो साल से ज्यादा समय गुजरने के बाद चीन ने हाल में कुछ चुनिंदा छात्रों को वापस आने के लिए वीजा जारी किया था। परंतु उनमें से अधिकांश छात्र वापस आने के लिए संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि, सीधी उड़ान उपलब्ध नहीं है और बीजिंग में पृथक-वास की पाबंदियों को देखते हुए दोनों देशों के बीच सीमित उड़ान सुविधाओं के लिए बातचीत जारी है।

# ब्रिटेन के गृह मंत्री के पिता की गोवा में पुश्तैनी जमीन पर किसी ने कर लिया है कब्जा

\- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन के पिता ने शिकायत की है कि उत्तरी गोवा में उनकी दो पुश्तैनी संपत्ति पर एक अज्ञात व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। उनकी इस शिकायत के बाद राज्य पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने भारतीय मूल की सांसद ब्रेवरमैन को ब्रिटेन की गृह मंत्री नियुक्त किया है। पुलिस अधीक्षक (एसआईटी) निधि वासन ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि ब्रेवरमैन के पिता क्रिस्टी फर्नांडीस ने शिकायत की है कि असगाओ में उनकी दो पुश्तैनी संपत्ति सामूहिक रूप से 13,900 वर्ग मीटर में हैं। उन्होंने कहा कि शिकायत के आधार पर एसआईटी ने पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की है। मामले की जांच शुरू हो गयी है।

- पिता के लिखित शिकायत पर अब जागी है गोवा सरकार व पुलिस, मामला दर्ज कर जांच शुरू की

फर्नांडीस ने मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, राज्य के पुलिस महानिदेशक जसपाल सिंह और गोवा एनआरआई कमिश्नरेट को एक ई-मेल के जरिये शिकायत दर्ज करायी। गोवा के एनआरआई कमिश्नर नरेंद्र सवाईकर ने बताया कि उनके विभाग को पिछले सप्ताह ई-मेल प्राप्त हुआ था, जिसे राज्य के गृह विभाग को भेज दिया गया था। गोवा सरकार ने इस साल की शुरुआत में जमीन हड़पने के मामले की जांच के लिए पुलिस, राजस्व और अभिलेखागार और पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को शामिल करते हुए एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी राज्य में ऐसे 100 से अधिक मामलों की जांच कर रही है और अभिलेखागार और पुरातत्व विभाग के दो अधिकारियों सहित 15 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

# मौत को हराकर जल्द 'अमर' हो जायेंगे इंसान!

### स्पेन के वैज्ञानिकों ने रिसर्च के बाद किया बड़ा खुलासा!



**मैड्रिड (एजेंसी)।** कहा जाता है कि इस धरती पर कुछ भी अनश्वर नहीं है, जो भी यहां आया है, उसे एक दिन जाना है। हमारे वेद पुराणों में भी अमरत्व को लेकर ऐसी चर्चा है। लेकिन, आज तक ऐसा कोई जवाब नहीं मिला, जो अमरता के रहस्य को खोल सके। देवी-देवताओं को छोड़ दें तो पुराणों में स्पष्ट लिखा है कि इंसान का शरीर नश्वर है, लेकिन इस दावे को स्पेन के वैज्ञानिक चुनौती देने जा रहे हैं। हाल ही में स्पेन की एक यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट्स ने जेलीफिश पर एक रिसर्च किया और उस रिसर्च के आधार पर उम्मीद की जा रही है कि वे बस अमरत्व से एक कदम की दूरी पर हैं। स्पेन की यूनिवर्सिटी ऑफ ओविएडो के डिपार्टमेंट ऑफ बायोकेमिस्ट्री एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के रिसर्चर ने धरती के इकलौते ऐसे जीव पर एक्सपेरिमेंट किया है, जिसे अमरत्व के करीब माना जाता है। वह जीव जेलीफिश है, जिसे टरीटॉप्सिस डोहरनी के नाम से भी जाता है। इस जीव में वापस युवावस्था में लौटने की क्षमता होती है, यानी कि जब इसके शरीर में कोई क्षति पहुंचती है तो वह खुद फिर से युवा बना लेता है। इस तरह से वह जब तक चाहे, तब तक जीवित रह सकता है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित इस स्टडी को कंपैरेटिव जीनोमिक्स ऑफ मोर्टल एंड इम्मोर्टल निडेरियन्स अनवील्स नोवेल कीज बिहाइंड रिजुवेनेशन कहा जाता है। इस रिसर्च के जरिए वैज्ञानिकों ने उम्र को कम करने वाली जेलीफिश के जीनोम को अनुक्रमित किया और डीएनए के सटीक हिस्से को अलग करने में कामयाब रहे। इसी हिस्से का उपयोग करके जेलीफिश अपनी उम्र कम करके खुद को दोबारा युवा बना लेता है। यह रिसर्च यूनिवर्सिटी ऑफ ओविएडो के डॉ. कार्लोस लोपेज-ओटिन के नेतृत्व में हुआ। इनकी टीम ने जेलीफिश के आनुवंशिक अनुक्रम को उनकी लंबी उम्र के रहस्य का पता लगाने और मानव उम्र बढ़ाने के नए सुराग खोजने की उम्मीद को देखते हुए मैप किया। उन्होंने यह पता लगाया कि टी. डोहरनी के जीनोम में भिन्नताएं हैं जो इसे डीएनए की प्रतिलिपि बनाने और मरम्मत करने में बेहतर बना सकती हैं और वे टेलोमेरेस नामक गुणसूत्रों के सिरों को बनाए रखने में बेहतर प्रतीत होते हैं। वहीं, मनुष्यों में उम्र के साथ टेलोमेयर की लंबाई कम होती दिखाई गई है।

## ऑस्ट्रेलिया में 2.5 करोड़ लोगों की होगी डीएनए स्क्रीनिंग भविष्य में होनेवाली गंभीर बीमारियों का लग सकेगा पता

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया अपनी पूरी आबादी की डीएनए स्क्रीनिंग सरकारी खर्च पर करेगा। ऐसा करनेवाला वो दुनिया का पहला देश बन गया है। आबादी को सेहतमंद रखने और समय रहते इलाज मुहैया कराने के लिए ये प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। सरकार का मानना है कि आबादी की डीएनए सैंपलिंग करने से ये पता चल सकेगा कि लोगों को आनेवाले समय में कैंसर और डायबिटीज जैसी आनुवंशिक बीमारियां होने की कितनी आशंका है। आमतौर पर महंगी मानेजाने वाली डीएनए स्क्रीनिंग की शुरूआत ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न स्थित मोनाश यूनिवर्सिटी से की गई है। फ्री डीएनए टेस्टिंग प्रोजेक्ट के प्रति लोगों में खासा उत्साह देखा गया। 24 घंटे से भी कम समय में पहले चरण में 18-40 उम्र के 10 हजार लोगों ने डीएनए स्क्रीनिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करवा दिया। नतीजों में सामने आया कि टेस्ट किए गए हर 75 में से एक व्यक्ति को भविष्य में गंभीर बीमारी का खतरा है।




## न्यूज गैलरी

### साहिल सिद्दीकी के नेतृत्व में कॉलेज प्राचार्य मिलकर प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा

रांची। शनिवार को एनएसयूआइ डोरंडा कॉलेज अध्यक्ष साहिल सिद्दीकी के नेतृत्व में कॉलेज प्राचार्य डा.बी.पी.वर्मा से प्रतिनिधिमंडल मिला एवं ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर साहिल सिद्दीकी ने कहा की जैसा की मालूम है 2 दिन पूर्व कॉलेज परिसर में कुछ आसमजिक तत्वों ने कॉलेज के शिक्षक के साथ दुर्व्यवहार किया एवं मार पिट की। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) मांग करती है की ऐसे सभी आरोपियों को कॉलेज प्रशासन चिंहित कर प्रशासनिक करवाई करे और कॉलेज परिसर में पुलिस पिकेट लगवाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसा किसी अन्य शिक्षकों के साथ ना हो और कॉलेज की मान-मयार्दा बनी रहें। मौके पर शुभम सिंह, तालिब हुसैन, मो.जीकुरुल्लह आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### 9 झारखंड बटालियन एनसीसी कैडेट्स का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जारी

रांची। 19 झारखंड बटालियन एनसीसी रांची द्वारा आयोजित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम खेल गांव, होटवार, रांची में एनसीसी के जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के एनसीसी कैडेटों का विशेष वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 8 का आरंभ हुआ। यह 7 सितंबर से शुरू हुआ है। 14 सितंबर तक चलेगा। उक्त शिविर में रांची, बोकारो, तेनुघाट, मुरहू, मांडर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 500 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। इस शिविर में श्एश प्रमाण पत्र परीक्षा 2023 में भाग लेने वाले कैडेटों को विशेष प्रशिक्षण की तैयारी कराई जा रही है।

पांच महीने में 3570 किमी की पदयात्रा पूरा करेंगे कांग्रेसी नेता

# राहुल की यात्रा से बीजेपी नेताओं में बौखलाहट : कांग्रेस

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोरनाथ शाहदेव और डॉ0 राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का शनिवार को चौथा दिन है, यह यात्रा 150 दिन चलेगी, यात्रा में उमड़ रही भीड़ और जगह-जगह हो रहे स्वागत से भाजपा के अंदर बौखलाहट का माहौल है। आने वाले समय में झारखंड के भी कई पाटी कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ पदयात्रा में शामिल होगे। कांग्रेस सशक्तीकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दूबे ने कहा कि पांच महीने में 3570 किमी की अपनी इस पदयात्रा में पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को महंगाई, बेरोजगारी, सीमा सुरक्षा और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर जबर्दस्त समर्थन मिल रहा है। इस यात्रा



से बीजेपी नेताओं में जिस तरह की बौखलाहट सामने आ रही है, उससे यह साफ हो गया है कि कांग्रेस ही देश में विपक्ष का मुख्य चेहरा और आवाज है। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की पदयात्रा से आम कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश नजर आ रहा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस की इस यात्रा का मकसद बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर आम लोगों के बीच बहस और चर्चा छेड़ने की कोशिश है, जिसमें चार दिनों में बबड़ी सफलता मिली है। कन्याकुमारी में त्रिवेणी संगम के उस संगम से यात्रा की शुरूआत हुई है, जहां हिन्द महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी का मेल होता है। राहुल गांधी बीते चार दशकों में पहले नेता है, जो कन्याकुमारी और कश्मीर तक की यात्रा कर रहे है। पार्टी की यह यात्रा भारतीय राजनीति को बदलने वाली साबित होगी। कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और जोश का संचार हुआ है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि करीब 5 महीने तक चलने वाली इस यात्रा के क्रम में राहुल गांधी किसी होटल या सरकारी गेस्ट हाउस में नहीं रूक रहे हैं।

## गोमिया विधायक के बेटे शशि शेखर ने फतह किया माउंट मणिरंग का सम्मिट कैंप

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शशि शेखर ने माउंट मणिरंग के सम्मिट कैंप पर तिरंगा फहराया है जो कि लगभग 19000 फीट पर स्थित है। माउंट मणिरंग हिमाचल प्रदेश में स्थित भारत की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है जिसकी कुल ऊंचाई 21631फीट है। तकनीकी संसाधनों की कमी के कारण उनका समूह चोटी तक नहीं पहुंच पाया। शशि शेखर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के बड़े पुत्र हैं। शशि शेखर ने शांति रॉय जो कि पश्चिम बंगाल के सबसे पुराने माउंटेनियरिंग क्लब में से एक 'ट्रैवेलर्स गिल्ड' के सेक्रेटरी हैं, के मार्गदर्शन में इस एक्सपीडिशन का प्रयास किया। शशि शेखर ने इससे पूर्व नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स ( एनआइएमएएस), अरुणाचल प्रदेश से पर्वतारोहण का कोर्स किया है, जहां उन्होंने 16500 फीट पर स्थित गोरिचेन ग्लेशियर पर ट्रेनिंग किया था।पर्वतारोहण के शौकीन शशि शेखर का आगे चलकर कई ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य है।


**झारखण्ड-सरकार**
**श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान, गढ़वा**
**प्राचार्य का कार्यालय**

Skill India कौशल भारत-कुशल भारत

**प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला**

RDSDE झारखण्ड रांची के माध्यम से **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में दिनांक-12.09.2022 (दिन सोमवार)** को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 10:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के निबंधित MSME / Manufacturing Sector / Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान / उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0 / डिप्लोमा / इंजीनियरिंग / Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नात्तक आदि) का **अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in** पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी **शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहूँचकर पंजीयन करा सकते है।**

अतः गढ़वा जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय / भत्ता देय नहीं होगा।

**अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेने वाले नियोक्ता एवं बेरोजगार अभ्यर्थियों को मेला स्थल पर Covid-19 के अंतर्गत सरकार द्वारा जारी अद्यतन SOP के तहत मॉस्क एवं सेनेटाईजर का प्रयोग के साथ Social Distance का पालन करना अनिवार्य है।**

**नोटः**-अप्रेन्टिसशिप मेला की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा एवं जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा

PR 277449Labour Employment and Traning(22-23)#D


## रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने चेंबर चुनाव में लिया हिस्सा

**रांची।** व्यवसायियों की झारखंड राज्य की अग्रणी एवं मुख्य संगठन ,एफ जे सी सी आई, और भी सशक्त हो, कार्यकारिणी के चुनाव में संगठन में कार्य करने वाले सदस्य चुनाव में जीत कर आएं। इस विषय मे रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों की एक बैठक स्थानीय दिगम्बर जैन भवन में आज आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से सजंय जैन, सुनील सिंह चौहान, एस बी सिंह, ऋषिदेव यादव, रणजीत तिवारी, नीरज ग्रोवर,सुनील माथुर, ओम प्रकाश हेतमसरिया, दीपक सिंह, श्यामबिहारी सिंह,रवींद्र नाथ दुबे, मदनलाल पारीक सुनील माथुर, पशुपति गुप्ता वी एस नारायण आदि शामिल थे। बैठक में निर्णय लिया गया, सभी सदस्य जो एफ जी सी सी आई के भी सदस्य हैं, एकजुटता के साथ वैसे प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करेंगे, जो हम व्यवसायी वर्ग की पीड़ा को सरकार, प्रशासन तक पहुँचा सकने में समर्थ हैं, साथ ही परिवहन व्यवसायी से जुड़ी समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। चेम्बर, मजबूती के साथ, व्यवसायियों की समस्या का समाधान हेतु संघर्षशील रहे, राँची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन यथा सम्भव सहयोग करेगा, वर्तमान चुनाव हम व्यवसायी वर्ग के लिये बहुत अहम है, एवँ आर जी टी ए, चुनाव परिणाम में मजबूती से निर्णायक की भूमिका तय करेगा।

## झारखंड चेंबर चुनाव के लिए मतदान, आमसभा में कार्यो का दिया गया ब्यौरा, मतगणना आज

**रांची।** झारखंड चेंबर चुनाव के पहले शनिवार को वार्षिक आमसभा की बैठक हुई। बैठक के बाद 3570 मतदाता 57 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे । दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक वोट डाले गये रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक मतगणना होगी। चेंबर चुनाव में तीन टीमें टीम किशोर टीम राहुल और टीम शैलेंद्र चुनाव मैदान में शामिल है। चेंबर चुनाव से पहले वार्षिक आमसभा हुई, जिसमें पिछले कार्यकाल पर हुए कार्यो का ब्यौरा गया। चेंबर चुनाव में तीन टीमें टीम किशोर टीम राहुल और टीम शैलेंद्र चुनाव मैदान में शामिल हैं। 21 पदों के लिए यह चुनाव हो रहा है।

## पृष्ठ एक के शेष

**वीर शहीदों के लंबे आंदोलन...**

मुस्कान वापस लौटने का काम कर रही है। कोरोना संक्रमण काल से निकलते हुए हमारी सरकार ने राज्य में सकारात्मक माहौल बनाने का काम किया है। हमारी सरकार निरंतर जन आकांक्षाओं और जनहित के कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्व. दुर्गा सोरेन की जयंती पर उन्हें हर कोई याद कर रहा है। बड़े भाई दुर्गा सोरेन ने अपना जीवन राज्य एवं संगठन को समर्पित किया था। उनके बताये रास्ते पर चलते हुए हम सभी को राज्य और संगठन को मजबूत और आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि आप सभी राज्य सरकार की भावी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में सरकार को सहयोग करें। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री तथा राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने कहा कि आज हम अपने वीर शहीदों को याद कर रहे हैं। उन्होंने यहां की प्राकृतिक संपदा तथा जल, जंगल, जमीन को बचाने का काम किया है। आनेवाली पीढ़ी भी झारखंड के जल, जंगल, जमीन बचाने का प्रयास करे, इसी में सभी की भलाई है।

**कोलकाता में कारोबारी के घर...**

से 600 अवैध हैं। 2017-2020 के बीच इन ऋण एप से डिजिटल ट्रांजेक्शन में 12 गुना की वृद्धि हुई है। वल्लभ ने दावा किया था कि चीनी ऋण ऐप के कारण देश के 52 लोग आत्महत्या कर चुके हैं।

**जय विज्ञान जय अनुसंधान का...**

के बाद से साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में इन्वेस्टमेंट में काफी वृद्धि की गयी है। सरकार के प्रयासों से आज भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 46वें स्थान पर है जबकि 2015 में भारत 81 नंबर पर था। उन्होंने कहा कि इस अमृतकाल में भारत को रिसर्च और इनोवेशन का ग्लोबल सेंटर बनाने के लिए हमें एक साथ अनेक मोर्चों पर काम करना है। अपनी साइंस और टेक्नॉलॉजी से जुड़ी रिसर्च को हमें लोकल स्तर पर लेकर जाना है। इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारों को ज्यादा से ज्यादा वैज्ञानिक संस्थानों के निर्माण पर और प्रक्रियाओं को सरल करने पर बल देना चाहिए। राज्यों में जो उच्च शिक्षा के संस्थान हैं उनमें इनोवेशन लैब्स की संख्या भी बढ़ायी जानी चाहिए। राज्यों में राष्ट्रीय स्तर के अनेक वैज्ञानिक संस्थान होते हैं, नेशनल लेबोरेटरीज भी होती हैं। इनके सामर्थ्य का लाभ, इनकी एक्सपटरइज का पूरा लाभ भी राज्यों को उठाना चाहिए। हमें अपने साइंस से जुड़े संस्थानों को सिलोस की स्थिति से भी बाहर निकालना होगा।

**दाल के छिल्के में दूध से छह गुना...**

ऐंठन या मांसपेशियों में दर्द हाथ, पैर और चेहरे में सुन्नपन और झुनझुनी।

**कैसे पता करें शरीर में कैल्शियम की कमी :** शरीर में कैल्शियम की कमी से कमजोरी, थकान, मांसपेशियों में दर्द या ऐंठन, सुन्नता या विशेष रूप से उंगलियों और जबड़े में झुनझुनी, चक्कर आना, निगलने में कठिनाई जैसे लक्षण हो सकते हैं। यह होने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श करें।

**कैश में गिरफ्तार कांग्रेस के तीन...**

सदन से वॉकआउट कर गयी थी। झारखंड से कांग्रेस के तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाडी सहित पांच लोगों को 30 जुलाई को हावड़ा जिले के पांचला से गिरफ्तार किया गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर उनकी गाड़ी से 49 लाख रुपये नकद बरामद होने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की थी। अब सीआईडी मामले की जांच कर रही है। मामले में सीआईडी की टीम सिर्फ बंगाल ही नहीं, बल्कि दिल्ली, ओड़िशा, असम और झारखंड में भी जांच कर रही रही है।

## युवा पीढ़ी उर्दू को मुकाम तक पहुंचाने को आगे आए : डॉ. कहकशां परवीन

**रांची।** अंजुमन फरोग ए उर्दू की ओर से डॉ मसऊद जामी हमा जेहत फनकार विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन शनिवार को किया गया। अंजुमन रहमानिया मुसाफिर खाना में आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता रांची विवि, उर्दू विभाग की अध्यक्षत डॉ कहकशां परवीन ने की। अध्यक्षीय भाषण में डॉ कहकशां परवीन ने डॉ मसऊद जामी की शायरी और फनकारी पर रोशनी डाली। कहा कि बिहार एवं झारखंड में उर्दू को ऊंचाई तक पहुंचाने में डॉ मसऊद जामी की अहम भूमिका रही है। उर्दू अदब को हम बिहार से अलग कर नहीं देख सकते हैं। अब झारखंड की युवा पीढ़ी से उम्मीद है कि वे उर्दू अदब को राज्य में ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने युवा पीढ़ी से अपील की कि वे उर्दू को मुकाम तक पहुंचाने में योगदान दें। उर्दू पढ़ें और लिखें ताकि नई पीढ़ी उर्दू जबान व अदब से वाकिफ हो सके। वहीं, डॉ मसऊद जामी ने उर्दू के विषय पर प्रकाश डाला।

# सेमेस्टर 5 एवं 6 की स्पेशल परीक्षा जल्दी ले महाविद्यालय : आजसू

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शनिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल मारवाड़ी कॉलेज के सेशन वर्ष 2019-22 के स्पेशल परीक्षा की मांग को लेकर कॉलेज के प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा। मौके पर राहुल तिवारी ने कहा की सेशन वर्ष 2019-22 सेमेस्टर 6 के परीक्षा में महाविद्यालय द्वारा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को फेल कर दिया गया था, जिसके बाद महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने पूर्व में ही प्रिंसिपल से मिलकर विशेष परीक्षा लेने का आग्रह किया था किंतु अब तक विशेष परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया ह, ऐसे में सैकड़ों छात्र-छात्राओं का भविष्य बर्बाद होने के कगार पर हैं। अखिल



झारखंड छात्र संघ राज्य से छात्र हित में मारवाड़ी कॉलेज प्रशासन से मांग करती है कि वैसे सभी छात्र-छात्राओं के लिए विशेष परीक्षा का आयोजन किया जाए ताकि सभी छात्र-छात्राएं अपने आगे की पढ़ाई पूरा कर अपने भविष्य को उज्ज्वल कर सकें। अगर जल्द ही विशेष परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया तो आजसू छात्र हित में चरणबद्ध आंदोलन करेगी। मौके परः जमाल गद्दी, राहुल पांडे, विकी यादव, विवेक भगत, आनंद यादव, निखिल कुमार आदि मौजूद थे।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
**NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD**

**E-PROCUREMENT NOTICE (VERY SHORT-TERM NOTICE)**

| Sl. | Ward no. | Reference no. | Scheme name | Estimated cost | Earnest money (2% of est. Cost) | Tender fee | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | | |
| 1 | 14 | UDD/NPH/01 /2022-23 | Repair Of Drain with Cover from Qayyum RayeenHouse to Jasim Rayeen House. | 374956 | 7500 | 1000 | 1 month |
| 2 | 10 | UDD/NPH/02 /2022-23 | Repair Of Brick Drain from Abhimanyu Lal's Lodge to Amin Khan House. | 259470 | 5200 | 1000 | 1 month |
| 3 | 01 | UDD/NPH/03 /2022-23 | Construction of R.C.C. Drain from Mobile Tower to Sidheswar Pathak House in Shivpuri Muhalla. | 851840 | 17100 | 1000 | 2months |
| 4 | 13 | UDD/NPH/04 /2022-23 | Construction of Box Culvert at AWC, Hanumanbigha road. | 200739 | 4100 | 1000 | 2 months |
| 5 | 11 | UDD/NPH/05 /2022-23 | Construction of Hume pipe drain from Ujjawal House to Umendra Thakur's House. | 192954 | 3900 | 1000 | 1 month |
| 6 | Date of publication of tender on website | | | 12.09.2022, 02:00 pm | | | |
| 7 | Date starts of submission of bids | | | 12.09.2022, 08:00 pm | | | |
| 8 | Last date/time of submission of bids | | | 19.09.2022, 05:00 pm | | | |
| 9 | Last date/time of submission at office cost of BOQ, earnest money and tender document | | | 20.09.2022, 02:00 pm | | | |
| 10 | Date of bid opening | | | 22.09.2022, 01:00 pm | | | |
| 11 | Name & address of office inviting tender | | | NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD | | | |
| 12 | Contact no. Of procurement officer | | | 7070832962 | | | |
| 13 | Helpline number of e- procurement cell | | | 7091335901 | | | |

Note: - Only E- Tender will be accepted. Further details can be seen of website Http://jharkhandtenders.gov.in and Notice Board office of theNagar Panchayat Hussainabad.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 277491 Urban Development(22-23).D



**कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा**

वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित

**आवश्यक सूचना।**

पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के Ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र-छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2020-21 का Status "Approved by DA Officer" एवं वर्ष 2021-22 का Status "Approved by DWO Officer" है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ दिनांक **15 सितम्बर 2022** तक निश्चित रूप से लिंक करा ले। कुछ आवेदन से संबंधित आधार असक्रिय (Inactive) होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को दिनांक **15 सितम्बर 2022** तक सक्रिय (Active) करा लें। **पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।**

उक्त तिथि के पश्चात् Mapping/ आधार Active कराने वाले छात्रों को वर्ष 2020-21 एवं वर्ष 2021-22 के छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट (uidai.gov.in→ Aadhaar Services→ Check Aadhaar/Bank Linking Status (https://resident.uidai.gov.in/bank-mapper) से अथवा ई-कल्याण पोर्टल में (Services→Student Services→ Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/-
जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 277505Lohardaga(22-23)#D



**पलामू समाहरणालय**
**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम-30 / 2013 की धारा-11 (1) के अधीन)**
**अधिसूचना संख्या :- 500 / भू0अ0, पलामू, दिनांक :-10.09.2022**

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम-सैदाबाद, थाना सं0-355, थाना-हुसैनाबाद, अंचल-हुसैनाबाद, जिला-पलामू** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना Connection with Construction of ROB in Lieu of LC No.-42(b) SPL/T at KM 365/11-13 in Chhattarpur-Japla Road in BD Section between Japla-Haidar Nagar Station (MDR-127) निर्माण हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम- सैदाबाद, थाना सं0-355, थाना-हुसैनाबाद, अंचल-हुसैनाबाद, जिला-पलामू** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.1640 एकड़** यानि **0.0663** हेक्टेयर मानक माप का भू-खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

**ग्राम-सैदाबाद, थाना सं0-355, कुल रकबा-0.1640 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 11 | 510 | रैयती | पक्का मकान दो तल्ला | 0.0090 | कैलाश सिंह, पिता स्व0 जयश्री सिंह | सुरेन्द्र सिंह | रोड़ | रोड़ | निज |
| 2 | 11 | 510 | रैयती | पक्का मकान दो तल्ला | 0.0070 | सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, पिता धर्मदेव सिंह | बिरेन्द्र सिंह | कैलाश सिंह | रोड़ | निज |
| 3 | 11 | 510 | रैयती | पक्का मकान तीन तल्ला | 0.0070 | विरेन्द्र कुमार सिंह, पिता विश्णुपत सिंह | कैलाश सिंह | सुरेन्द्र सिंह | रोड़ | निज |
| 4 | 11 | 510 | रैयती | मकान एक रूम करकट | 0.0050 | चन्दा देवी, माता उषा देवी | श्रीराम प्रसाद | कैलाश सिंह | रोड़ | निज |
| 5 | 11 | 510 | रैयती | पक्का मकान दो तल्ला | 0.0050 | श्रवण कुमार वो श्रीराम कुमार, माता उषा देवी | बबीता देवी | चंदा देवी | रोड़ | निज |
| 6 | 11 | 510 | रैयती | पक्का मकान दो तल्ला | 0.0040 | बबीता देवी, माता उषा देवी | श्रवन कुमार | श्रीराम सिंह | रोड़ | निज |
| 7 | 11 | 510 | रैयती | पक्का मकान एक तल्ला | 0.0040 | श्रवण कुमार वो श्रीराम कुमार, माता उषा देवी | माया देवी | बबीता देवी | रोड़ | निज |
| 8 | 11 | 510 | रैयती | पक्का मकान तीन तल्ला | 0.0040 | माया देवी, पति महेन्द्र प्रसाद सिंह | रेलवे | श्रवन कुमार | रोड़ | निज |
| 9 | 06 | 466 | रैयती | पक्का मकान दो तल्ला | 0.0450 | रामदास निशाद, पिता जीतन चौधरी | रामजी गिरी | रोड़ | निज | रोड़ |
| 10 | 06 | 468 | रैयती | पक्का मकान एक तल्ला | 0.0150<br>0.0060 | रामजी भारती, पिता राजकुमार भारती, भगवान भारती, अभ्यानन्द गिरी, अजय गिरी वो सावित्री कुवंर | लल्लु प्र0 सिंह | रामदास निशांद | रोड़ | निज |
| 11 | 06 | 468 | रैयती | पक्का मकान एक तल्ला | 0.0170 | लल्लु सिंह, पिता जगदीश्वर प्रसाद सिंह | रामजी भारती | रामजी भारती | निज | रोड़ |
| 12 | 06 | 468 | रैयती | पक्का मकान एक तल्ला | 0.0060 | उमेश सिंह, पिता स्व0 मुखदेव सिंह | श्रीराम सिंह | रामजी भारती | निज | रोड़ |
| 13 | 06 | 468 | रैयती | पक्का मकान एक तल्ला | 0.0050 | श्रीराम सिंह, पिता मुखदेव सिंह | प्रयाग मेहता | उमेश सिंह | निज | रोड़ |
| 14 | 06 | 468 | रैयती | पक्का मकान एक तल्ला | 0.0050 | प्रयाग मेहता, पिता सीताराम मेहता | शुशीला देवी | श्रीराम सिंह | निज | रोड़ |
| 15 | 06 | 468 | रैयती | पक्का मकान एक रूम | 0.0050 | सुशीला देवी, गिरीजा सिंह | शुशीला देवी | प्रयाग महतो | निज | रोड़ |
| 16 | 06 | 468 | रैयती | पक्का मकान दो रूम | 0.0150 | सुशीला देवी, पति जगनारायण राम | रेलवे | शुशीला देवी | निज | रोड़ |
| कुल :- | | | | | 0.1640 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा-11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा-15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**कानूनगो, भू-अर्जन कार्यालय, पलामू। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पलामू। अपर समाहर्त्ता, पलामू। उपायुक्त, पलामू।**

PR.NO.277493 Palamu(22-23):D

## न्यूज गैलरी

### युवराज संधू ने जम्मू-कश्मीर ओपन में चार शॉट की मजबूत बढ़त बनायी



**जम्मू (एजेंसी)।** युवराज सिंह संधू यहां जम्मू-कश्मीर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में सात-अंडर 65 के शानदार स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गये। टूर्नामेंट के अब तक के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ उन्होंने चार-शॉट की बढ़त हासिल कर अपना दबदबा बनाया। पीजीटीआई में तीन बार के विजेता चंडीगढ़ के संधू (69-70-65) का तीसरे दिन के खेल के बाद कुल स्कोर 12-अंडर 204 था। उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी खलिन जोशी (70-68-70) का स्कोर आठ अंडर 208 है। हैदराबाद के मोहम्मद अजहर (70) और गुरुग्राम के वीर अहलावत (72) दो अंडर 214 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। प्रमुख खिलाड़ियों में मनु गंडास दो ओवर 218 के स्कोर के साथ नौवें, राशिद खान चार ओवर 220 के स्कोर के साथ 14वें, उदयन माने छह ओवर 222 के स्कोर के साथ 23वें और मौजूदा चैम्पियन हनी बैसोया आठ ओवर 224 के स्कोर के साथ 30वें स्थान पर हैं।

### डूरंड कप : सेमीफाइनल में पहुंची मोहम्मडन स्पोर्टिंग



**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता की दिग्गज टीम मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने शुक्रवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल में केरल ब्लास्टर्स की युवा और प्रतिभाशाली टीम को 3-0 से हरा दिया। मोहम्मडन स्पोर्टिंग की ओर से नाइजीरिया के दौदा (59वें और 84वें मिनट) ने दो गोल किए जबकि एसके फैयाज (17वें मिनट) ने पहले हाफ में एक गोल दागा। स्पोर्टिंग की टीम इस मैच में फसलू और अभिषेक हलदर जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के बिना उतरी थी जो चोटों और निलंबन के कारण बाहर हैं। स्पोर्टिंग की टीम ने हालांकि शुरू से ही दबदबा बनाया और आसान जीत के साथ अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रही।

### अमनदीप द्राल स्विस ओपन में संयुक्त तीसरे स्थान पर

**होल्जहौसर्न/स्विट्जरलैंड (एजेंसी)।** भारतीय गोल्फर अमनदीप द्राल ने महिलाओं के यूरोपीय टूर में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्विस लेडीज ओपन के पहले दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला। अमनदीप अभी संयुक्त तीसरे स्थान पर है। वह संयुक्त बढ़त हासिल करनेवाली क्रिस्टीन वुल्फ और लिन ग्रांट से दो शॉट पीछे हैं। अमनदीप ने जहां शानदार खेल का नजारा पेश किया, वहीं भारत की अन्य खिलाड़ी सामान्य प्रदर्शन नहीं कर पायी। दीक्षा डागर और वाणी कपूर ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला और वे संयुक्त 26वें स्थान पर हैं। त्वेसा मलिक ने इवन पार 72 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 50वें स्थान पर हैं। रिदिमा दिलावरी और नेहा त्रिपाठी ने पहले दौर का खेल पूरा नहीं किया था।

# एशिया कप : आज आमने-सामने होंगे श्रीलंका-पाकिस्तान




**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में शुक्रवार को श्रीलंका ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रन बनाए थे। श्रीलंका ने 18 गेंद पहले ही टारगेट हासिल कर लिया। हालांकि, पाकिस्तान पहले ही एशिया कप के फाइनल में पहुंच चुका है। फाइनल में भी रविवार को श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें ही आमने-सामने होंगी। इधर, शुक्रवार को श्रीलंका की पारी के दौरान पाकिस्तानी विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान और फील्ड अंपायर ने एक ऐसा काम कर दिया, जिसके बाद बाबर आजम को यह कहना पड़ा कि टीम का कप्तान मैं हूं। पूरा वाकया कैमरे में कैद हो गया। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। दरअसल, श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर के दौरान गेंदबाजी का जिम्मा हसन अली संभाल रहे थे। ओवर की दूसरी गेंद पर श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने स्कूप शॉट मारने की कोशिश की, पर गेंद उनके बल्ले पर नहीं आई और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के ग्लव्स में चली गई। रिजवान को लगा कि गेंद बल्ले का बाहरी किनारा से लगकर उनके हाथों में आई है। इसके बाद उन्होंने अपील की, लेकिन फील्ड अंपायर अनिल चौधरी ने शनाका को नॉट आउट करार दिया। इसके बाद रिजवान ने तुरंत डीआरएस लेने का इशारा कर दिया, चौधरी ने भी लगे हाथ इसे मंजूर कर लिया। रिजवान के कहने पर डीआरएस मंजूर करने पर बाउंड्री लाइन पर फील्डिंग कर रहे कप्तान बाबर आजम तुरंत फील्ड अंपायर के पास पहुंचे। उन्होंने कहा- मैं कप्तान हूं। मेरे बिना कहे आपने डीआरएस को कैसे मंजूर कर लिया। नियम के मुताबिक कप्तान के ग्रीन सिग्नल के बाद ही फील्ड अंपायर डीआरएस को मंजूर करता है। यहां भारतीय अंपायर ने रिजवान के कहने पर ही फैसला ले लिया था।

## इंडिया को चाहिए धोनी-युवराज जैसे पावर हिटिंग खिलाड़ी



**दुबई (एजेंसी)।** 13 फरवरी 2006 का दिन। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान के बीच सीरीज का तीसरा वनडे मैच खेला जा रहा था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम ने 50 ओवर में 288 रन बना दिए। शोएब मलिक ने शानदार 108 रनों की पारी खेली। जवाब में टीम इंडिया के 5 विकेट 190 रन तक गिर गए। भारतीय फैंस की उम्मीदों को तब करारा झटका लगा जब सचिन तेंदुलकर 95 रन बनाकर आउट हो गए। उनके अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं कर पाया था। ऐसा लगा टीम इंडिया ये मुकाबला हार जाएगी, लेकिन उस दिन भारत के दो ऐसे सुपरस्टार्स का उदय हुआ, जिन्होंने आने वाले दिनों में भारत को अनगिनत मैचों में जीत दिलाई। ये खिलाड़ी थे महेंद्र सिंह धोनी और युवराज सिंह। दोनों के बीच 102 रन की साझेदारी हुई और भारत ने 47.4 ओवर में 292 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। धोनी ने सिर्फ 46 बॉल पर 72 रन की धमाकेदार पारी खेली। वहीं, युवराज के बल्ले से 79 रन निकले। ये दोनों खिलाड़ी फिनिशर के साथ-साथ मल्टी-टैलेंटेड भी थे। इन दोनों के संन्यास लेने के बाद टीम इंडिया बड़े टूर्नामेंट में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। 2013 के बाद हम कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद एशिया कप से भी टीम इंडिया बाहर हो गयी। अगर हमें अक्टूबर में वर्ल्ड कप जीतना है तो ऐसे ही खिलाड़ियों की जरूरत है।

**दलीप ट्रॉफी : वेस्ट जोन की ओर से पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेल रहे जायसवाल**

# यशस्वी जायसवाल ने दलीप ट्रॉफी में जड़ा दोहरा शतक



**चेन्नई (एजेंसी)।** यशस्वी जायसवाल ने अहम मौकों पर बड़ी पारियां खेलने का क्रम जारी रखा है। दलीप ट्रॉफी के तहत वेस्ट जोन की ओर से पहला क्वार्टरफाइनल मुकाबला खेल रहे जायसवाल ने दोहरा शतक जड़ दिया है। जायसवाल ने इससे पहले रणजी ट्रॉफी के अहम मुकाबलों में भी शानदार प्रदर्शन किया था। रिकॉर्ड देखें तो उन्होंने, रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में शतक, सेमीफाइनल में दो बार शतक तो फाइनल में अर्धशतक जड़ा था। अब दलीप ट्रॉफी में शतक लगाकर उन्होंने अपना रिकॉर्ड और अच्छा कर लिया है। मैच की बात करें तो अजिंक्य रहाणे और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक से पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में दो विकेट पर 590 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने भी शतक जड़ा। शुक्रवार को बारिश के कारण सिर्फ 25 ओवर का खेल हो पाया था लेकिन आज साफ मौसम का पूरा फायदा उठाते हुए पश्चिम क्षेत्र ने 98 ओवर में 474 रन बटोरे। दिन का खेल खत्म होने पर रहाणे 264 गेंद में 18 चौकों और 6 छक्कों से नाबाद 207 रन बनाकर खेल रहे थे। राहुल त्रिपाठी 25 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। जायसवाल ने 228 जबकि पृथ्वी ने 113 रन की पारी खेली। पश्चिम क्षेत्र की टीम बिना विकेट खोए 116 रन से आगे खेलने उतरी। पृथ्वी ने 61 जबकि जायसवाल ने 55 रन से पारी को आगे बढ़ाया। पृथ्वी ने अधिक आक्रामक रुख अपनाया और जायसवाल के साथ मिलकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने इस दौरान शतक भी पूरा किया। पृथ्वी हालांकि शतक पूरा करने के बाद जल्द ही अंकुर मलिक की गेंद पर विकेटकीपर आशीष थापा को कैच दे बैठे जिससे जायसवाल के साथ उनकी 206 रन की साझेदारी का अंत हुआ। उन्होंने 121 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और 5 छक्के मारे।

### अजिंक्य रहाणे ने ठोकी टीम इंडिया के लिए दावेदारी, दलीप ट्रॉफी में बनाया दोहरा शतक

**भारतीय** क्रिकेटर अजिंकय रहाणे ने दलीप ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाकर टीम इंडिया में वापसी के लिए दावेदारी ठोक दी है। चेन्नई के चिंदबरम स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में रहाणे ने वेस्ट जोन की ओर से खेलते हुए महज 251 गेंदों पर ही 17 चौके और छह छक्कों की मदद से अपना दोहरा शतक पूरा कर लिया। रहाणे की इस दौरान स्ट्राइक रेट 79 रही। यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका 37वां शतक है। वह 12 हजार रन भी पूरे कर चुके हैं। दलीप ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे पहले क्वार्टरफाइनल के तहत वेस्ट जोन और नॉर्थ जोन आमने-सामने हैं। वेस्ट जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रहाणे के शतक लगाने तक दो विकेट के नुकसान पर 580 रन बना लिये हैं। वेस्ट जोन की शुरुआत काफी अच्छी रही थी। पहले दिन बारिश के कारण खेल प्रभावित हुआ था जिसके कारण पृथ्वी शॉ और यशस्वी जायसवाल ने 25 ओवरों में 116 रन स्कोरबोर्ड पर टांग दिये थे। दूसरे दिन खेलने आये पृथ्वी ने अपना शतक पूरा किया। उन्हें अंकुर ने आशीष थापा के हाथों कैच आऊट करवाया।

## एशिया कप : आसिफ और फरीद पर लगा जुर्माना, मैच के दौरान हुई थी झड़प



**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के बल्लेबाज आसिफ अली और अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फरीद अहमद पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आचार संहिता के लेवल-एक के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बुधवार को खेले गये एशिया कप मैच में दोनों के बीच झड़प हो गई थी। फरीद ने दूसरी पारी के 19वें ओवर में आसिफ को आउट करने के बाद उनके बहुद करीब जाकर विकेट लेने की खुशी जाहिर की। जवाब में आसिफ ने फरीद को धक्का दिया जिसके बाद अन्य खिलाड़ियों ने बीच-बचाव कराया। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि आसिफ ने खिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.6 का उल्लंघन किया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अश्लील, आक्रामक या अपमानजनक इशारे का उपयोग करने से संबंधित है, जबकि फरीद ने अनुच्छेद 2.1.12 का उल्लंघन किया था, जो कि एक अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान एक खिलाड़ी, खिलाड़ी समर्थन कर्मी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (एक दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी गलती कबूल कर ली है और मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया। पाकिस्तान ने 20वें ओवर की पहली दो गेंदों पर नसीम शाह के दो छक्कों की बदौलत एक नाटकीय अंदाज में एक विकेट से मुकाबला जीत लिया था, जिसके बाद दर्शकों के बीच भी मारपीट देखी गयी।

## नीरज चोपड़ा को लगी चोट, राष्ट्रीय खेलों में भाग लेना मुश्किल



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के निर्देश के बावजूद चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का लंबे अंतर्राष्ट्रीय सत्र और कमर में चोट के कारण आगामी राष्ट्रीय खेलों में भाग लेना मुश्किल है। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा ने गुरुवार को ज्यूरिख में प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल का खिताब जीत कर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। वह इस खिताब को जीतनेवाले पहले भारतीय बने। इसके एक दिन बाद उनसे 29 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक गुजरात के विभिन्न शहरों में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के बारे में पूछा गया। चोपड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय खेल करीब आ रहे हैं। मैं अभी कमर की चोट से उबर रहा हूं। मैं एक या दो सप्ताह तक प्रशिक्षण नहीं ले पाऊंगा। इसलिए मैं मुख्य रूप से अगले साल पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। आईओए ने देश के शीर्ष एथलीटों के लिए खेलों में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है, जिससे कई खिलाड़ियों को अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ सकता है। आईओए का निर्देश गृह मंत्री अमित शाह द्वारा खेलों के शुभंकर और राष्ट्रगान के लॉन्च के बाद आया है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह अब तक के सबसे बड़े और भव्य राष्ट्रीय खेल होंगे। राष्ट्रीय खेलों का आयोजन सात साल के लंबे अंतराल पर होगा। इस चोट के कारण चोपड़ा अमेरिका में हुए विश्व चैम्पियन में रजत पदक जीतने के बाद इस साल जुलाई-अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में भाग नहीं ले पाये थे। उन्होंने हालांकि एक महीने के बाद 26 अगस्त को डायमंड लीग सीरीज के लुसाने चरण को जीतकर यहां फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और इसके विजेता बनकर अंतर्राष्ट्रीय सत्र को शानदार तरीके से खत्म किया। वह डायमंड लीग मीट में स्वर्ण जीतनेवाले पहले भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने लुसाने में 89.08 मीटर के थ्रो से अपने करियर के तीसरे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ यह खिताब जीता था। ज्यूरिख में चोपड़ा ने फाउल से शुरूआत की लेकिन अपने दूसरे प्रयास में 88.44 मीटर भाला फेंक कर वह शीर्ष पर पहुंच गए। यह उनके करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है जो आखिर में उन्हें स्वर्ण पदक दिला गया। उन्होंने अपने अगले चार प्रयास में 88.00 मीटर, 86.11 मीटर, 87.00 मीटर और 83.60 मीटर भाला फेंका।

## ऑस्ट्रेलिया की वनडे कप्तानी छोड़ेंगे आरोन फिंच

**केयर्न्स (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने कहा है कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होनेवाले तीसरे और अंतिम वनडे मैच के बाद एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। 35 वर्षीय फिंच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने जून में श्रीलंका के खिलाफ वनडे में 62 रन बनाने के बाद केवल 3.7 रन प्रति पारी की औसत से रन बनाये हैं। इनमें से तीन पारियों में वह खाता खोलने में भी नाकाम रहे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को जारी बयान में कहा की फिंच टी-20 में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान बने रहेंगे और टीम उनकी अगुवाई में ही अक्टूबर-नवम्बर में होनेवाले टी-20 विश्व कप में भाग लेगी। अपने करियर में कुल 145 वनडे खेलने वाले फिंच ने कहा कि यह शानदार सफर रहा जिसमें कुछ बहुत अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं। मैं भाग्यशाली रहा जो मैं एक बेहतरीन वनडे टीम का हिस्सा रहा। उन्होंने कहा कि अब समय नये कप्तान को जिम्मेदारी सौंपने का है ताकि वह टीम को अगले विश्वकप के लिए तैयार कर सके। मैं उन सभी का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस सफर में मेरी मदद की। क्रिकेट जगत के सबसे विस्फोटक सलामी बल्लेबाजों में से एक फिंच ने वनडे में 5401 रन बनाये और उनका औसत लगभग 40 रन प्रति पारी रहा। उन्होंने इस प्रारूप में 17 शतक भी जमाये। उन्होंने 54 मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की। फिंच के इस फैसले के बाद ऑस्ट्रेलिया को अगले साल भारत में होनेवाले विश्वकप से पूर्व नया कप्तान तलाशना होगा।






## हॉकी कोच ग्राहम रीड बोले- विश्व कप में स्पेन देगी कड़ी टक्कर



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा कि एफआईएच विश्व कप में भारत के पूल में स्पेन की मौजूदगी से लीग चरण ही चुनौतीपूर्ण बन गया है। विश्व में पांचवें नंबर की भारतीय टीम को अगले साल 13 से 29 जनवरी के बीच भुवनेश्वर और राउरकेला में होनेवाले विश्वकप में इंग्लैंड (विश्व में नंबर छह), स्पेन (विश्व में नंबर आठ) और वेल्स के साथ पूल डी में रखा गया है। भारत ने इस साल राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने के अपने अभियान के दौरान इंग्लैंड को 4-4 से ड्रॉ पर रोका था जबकि वेल्स को 4-1 से हराया था। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार रीड ने कहा- एफआईएच हॉकी विश्व कप और ओलंपिक के पूल चरण के मैच हमेशा मुश्किल होते हैं। वहां प्रत्येक टीम जीत के लिए आती है। हमने हाल में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में इंग्लैंड और वेल्स का सामना किया था और यह मैच काफी कड़े रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पिछले 12 महीनों में लगातार सुधार कर रहे स्पेन की मौजूदगी से पहले दौर के मैच काफी कड़े हो जायेंगे। रीड ने कहा- इंग्लैंड विश्वस्तरीय टीम है और अभी वह बहुत अच्छी हॉकी खेल रही है। लेकिन हम भी अच्छा खेल दिखा रहे हैं तथा विश्वकप में खेल के उस क्षण में बने रहना और खेल के प्रत्येक पहलू पर ध्यान देना महत्वपूर्ण होगा। विश्व कप से पहले भारत 30 अक्टूबर से छह नवंबर के बीच कलिंग स्टेडियम में स्पेन के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के मैच खेलेगा। भारत भुवनेश्वर में 2018 में खेले गये पिछले विश्वकप में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया था, लेकिन रीड को इस बार इस रिकॉर्ड में सुधार की उम्मीद है। रीड ने कहा कि यह टीम चार साल पहले खेलनेवाली टीम से पूरी तरह भिन्न है तथा इसको अलग तरह का अनुभव हासिल है। हम विश्वकप को अपने दर्शकों के सामने खेलने के लिए तैयार हैं। विश्व कप में पूल ए में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका को जबकि पूल बी में मौजूदा विश्व चैम्पियन बेल्जियम, जर्मनी, दक्षिण कोरिया और जापान को रखा गया है। नीदरलैंड, चिली, मलेशिया और न्यूजीलैंड पूल सी में हैं।